






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 288

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

गुरुवार | 01 अगस्त, 2024


# लखनऊ में मूसलाधार बारिश

## यूपी विधानसभा में पानी भरा, शिवपाल सिंह ने वीडियो पोस्ट कर कसा तंज

- झारखंड में बिजली गिरने से 10 की मौत, एमपी में सीजन की 50 प्रतिशत बारिश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

यूपी में तेज और उमस भरी गर्मी के बीच लखनऊ व आसपास के इलाकों में हुई जोरदार बारिश से मौसम बदल गया है। बुधवार को दोपहर करीब एक बजे घने बादलों से अंधेरा छा गया और जमकर बारिश हुई। लगातार बारिश से लखनऊ विधानभवन के अंदर पानी भर गया और बाहर भी जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। उधर, नगर निगम कार्यालय सहित कई प्रमुख कार्यालयों में भी जलभराव हो गया। भारी बारिश से लखनऊ शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया है। हालांकि, बारिश के कारण लोगों को तेज गर्मी व उमस से राहत मिली है। इसके पहले मंगलवार को तराई समेत पूर्वी और दक्षिणी यूपी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश से लोगों को थोड़ी राहत मिली।



यूपी विधानसभा में भरा पानी

### विधानसभा में पानी भरा, सीएम को दूसरे गेट से निकाला

यूपी में लंबे इंतजार के बाद जमकर बारिश हुई। लखनऊ में इतनी बारिश हुई कि विधानसभा के अंदर पानी घुस गया। इस कदर बादल छाए कि दिन में अंधेरा हो गया। तेज बारिश से हजरतगंज के निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया।विधानसभा में पानी घुसने के चलते सीएम योगी की गाड़ी को गेट नंबर 8 की बजाय गेट नंबर एक से निकाला गया। अंदर कर्मचारी भी मेज पर चढ़ गए। नगर निगम मुख्यालय में भी पानी अंदर घुस गया। बाइकें-कारें डूब गईं। सड़क पर स्विमिंग पूल जैसा नजारा दिखा। लोग बारिश के पानी में नहाते हुए दिखाई पड़े। राजधानी के मुक्ति धाम में शवों का अंतिम संस्कार कुछ देर के लिए रोकना पड़ा।

### झारखंड में बिजली गिरने से 10 की मौत, एमपी में सीजन की 50 प्रतिशत बारिश

नई दिल्ली। देश के मध्य, पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में मानसून जमकर सक्रिय है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार (31 जुलाई) को 24 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बीच, झारखंड में बिजली गिरने से मंगलवार को 10 लोगों की मौत हो गई। इधर, मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री के 38 दिन में ही सीजन की आधी यानी 50 प्रतिशत बारिश हो गई है। प्रदेश में एक और स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। बुधवार से फिर से प्रदेश में झमाझम का दौर शुरू हो सकता है। यूपी में कई जिलों में आज भारी बारिश हुई, जो रुक-रुक जारी है। लखनऊ में इतनी बारिश हुई कि विधानसभा के अंदर पानी घुस गया। साथ ही विधानसभा भवन की छत से भी पानी टपकने लगा। विधानसभा में पानी घुसने के चलते सीएम योगी की गाड़ी को गेट नंबर 8 की बजाय गेट नंबर एक से निकाला गया। वहीं, राजस्थान और बिहार में मानसून धीमा पड़ा है। राजस्थान के जैसलमेर और गंगानगर में टेम्परेचर 40 डिग्री चला गया। बिहार में भी ट्रफ लाइन राज्य की सीमा से बाहर है, जिसके चलते बारिश नहीं हो रही है। कई जिलों में गर्मी और उमस है। गोपालगंज में तापमान 40 डिग्री पहुंच गया।

### रायगढ़ में देर रात से बारिश, सड़कों में बही नदियां

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में देर रात से पानी बरस रहा है। शहर के आशीर्वाद कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी, शिवम विहार कॉलोनी, मोदी नगर और बाजीराव महरापारा रोड में जलभराव हो गया है। कुछ घरों में पानी घुस गया है।केलो डैम लबालब होने से 4 गेट खोले जा रहे हैं। इसे लेकर केलो तटीय इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। रायपुर, बिलासपुर और कोरबा में भी सुबह से रिमझिम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कोरबा, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सूरजपुर, सरगुजा, बलरामपुर और बलौदाबाजार जिले में मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है।

### वायनाड में लैंडस्लाइड से अब तक 184 मौतें

केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 184 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 170 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। लैंडस्लाइड सोमवार देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं। आर्मी, एयरफोर्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। देर रात तक 1 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया, 3 हजार लोगों को रिहैब सेंटर में भेजा गया है। मौसम विभाग ने वायनाड के अलावा मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे रेस्क्यू ऑपरेशन में आज परेशानी हो सकती है। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में बताया- 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था, सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

### आज 16 राज्यों में भारी बारिश हो सकती है

1 अगस्त को मध्य महाराष्ट्र में अतिभारी बारिश (20 सेमी से ज्यादा) का अलर्ट है। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गोवा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, कर्नाटक में भारी बारिश (12 सेमी से ज्यादा) की संभावना जताई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड, असम, मेघालय, गुजरात में 7 सेमी के आसपास बारिश हो सकती है।

### राजस्थान के 8 जिलों में बारिश का अलर्ट

राजस्थान में बारिश का दौर धीमा पड़ने के साथ ही उमस बढ़ गई है। अगले दो-चार दिन इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आज राज्य के आठ जिलों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केन्द्र से जारी रिपोर्ट देखें तो राजस्थान में मानसून सीजन में अब तक 210.7 एमएम बरसात हो चुकी है। जबकि इस सीजन में अब तक (1 जून से 30 जुलाई तक) 211.7 एमएम बरसात होती है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात 80 एमएम करौली में दर्ज हुई।

### भोपाल-नर्मदापुरम में बारिश, 22 जिलों में अलर्ट

मध्यप्रदेश में बुधवार से अगले 4 दिन तक बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा। बुधवार दोपहर को नर्मदापुरम में तेज बारिश हुई। भोपाल में भी दिन भर बादल छाए रहने के बाद कई इलाकों में बारिश हुई। रायसेन में सुबह पानी गिरा। मौसम विभाग ने आज पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग के 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश का अनुमान है। प्रदेश में 21 जून को मानसून एंटर हुआ था। 39 दिन में सामान्य की आधी से ज्यादा 18.8 इंच गिर चुका है, यानी 50.40 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। आईएमडी भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, अभी दो ट्रफ और दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव हैं। 1 अगस्त से सिस्टम और स्ट्रॉन्ग होगा। पूर्वी हिस्से में असर ज्यादा रहेगा। 2 और 3 अगस्त को भी तेज बारिश वाला सिस्टम रहेगा।

# हमारी सरकार ने खोले आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते : सीएम

## बोले, 2005 से 2017 तक रही सपा और बसपा की सरकार, नहीं खोले गये कर्मचारियों के पेंशन खाते

- न्यू पेंशन स्कीम पर सीएम योगी ने विधानपरिषद् में दिया बयान
- हमारी सरकार ने न्यू पेंशन स्कीम के अंतर्गत राज्यांश को बढ़ाकर किया 14 प्रतिशत
- मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद् में नेता विरोधी दल बनने पर दी बधाई



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान परिषद् में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर वक्तव्य दिया। एनपीएस पर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनाने के बाद राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाता खोलने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा सरकार थी। वहीं 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी के पेंशन खाते नहीं खोले गये।

### सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 2005 में न्यू पेंशन स्कीम लागू होने के वक्त जिन कर्मचारियों की नियुक्ति अंतिम चरण में थी, ऐसे 70 हजार लोगों को ओल्ड पेंशन स्कीम में ही रखा, इनमें एक बड़ी संख्या शिक्षकों की है। सीएम योगी ने कहा कि न्यू पेंशन स्कीम को प्राइवेट बैंकों में जमा करने की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और इसमें कार्रवाई भी की गई है, साथ ही धनराशि को वापस लाने का कार्य किया गया है। सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े।

### आप हमेशा नेता विरोधी दल बने रहें

इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद् में नेता विरोधी दल बनने पर बधाई दी और चुटकी लेते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप हमेशा नेता विरोधी दल बने रहें। उन्होंने कहा कि ये उच्च सदन है, यहां आने वाले माननीय सदस्यगण सभी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ स्थानीय निकाय, कुछ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, कुछ स्नातक मतदाताओं व माननीय राज्यपाल जी के मनोनयन से यहां आते हैं। सरकार आपकी भावनाओं का पूरा सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही पीठ से जो भी आवश्यक दिशा-निर्देश मिलते हैं, उनका भी सम्मान किया जाता है।

### कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब ये बात हमारे सज्ञान में आई, तब हमने तत्कालीन फाइनेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया। कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। ये लगभग आठ लाख कर्मचारियों से संबंधित मुद्दा था। तब ये बात सामने आई थी कि कर्मचारी की लास्ट पेमेंट जो ड्रॉ होगी उसका 50 प्रतिशत देने के लिए आवश्यक होगा कि सरकार अपना शेयर थोड़ा और बढ़ाए। आंकलन में पता लगा कि अगर सरकार और कर्मचारी समय से पैसा जमा करें और कर्मचारी किसी स्कीम से अपना पैसा जोड़ता है तो रिटायरमेंट के बाद करीब 60 प्रतिशत तक पैसा पेंशन के रूप में उसे प्राप्त हो सकता है। इसके बाद हमने पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया है। हमने सभी कर्मचारियों के अकाउंट खोले, 2005 से 2017 तक का पैसा जो कर्मचारियों के खाते में नहीं गया था, क्योंकि खाता ही नहीं था, उस पैसे को भी डालने का कार्य किया।

# झारखंड के 12वें राज्यपाल बने बरेली के संतोष गंगवार, शपथ समारोह के साक्षी बने शहरवासी



झारखंड के राज्यपाल पद की शपथ लेते संतोष गंगवार

### परिवार और करीबियों के साथ पहुंचे राजभवन

राज्यपाल संतोष गंगवार के साथ उनका बेटा अपूर्व, बेटी श्रुति व दामाद सुबोध भी रांची पहुंचे। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त, लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. प्रदीप जोशी, ब्रज क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी मनीष अग्रवाल, भाजपा नेता मनोज थपलियाल आदि लोग शपथ समारोह में शामिल हुए। बरेली से राज्यपाल नियुक्त होने वाले संतोष गंगवार पहले राजनेता हैं। वह वर्ष 1989 से वर्ष 2004 तक लगातार सांसद रहे। सिर्फ वर्ष 2009 में कांग्रेस ने उनका विजय रथ रोका था। उसके बाद वर्ष 2014 व 2019 में वह फिर लगातार सांसद चुने गए। वह केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी व मोदी सरकार में मंत्री भी रहे।

**जन एक्सप्रेस | बरेली/ रांची**

बरेली से आठ बार के सांसद रहे संतोष गंगवार ने बुधवार को झारखंड के 12वें राज्यपाल के तौर पर शपथ ली। रांची स्थित राजभवन में झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, झारखंड सरकार के कई मंत्री, विभिन्न दलों के नेता, वरिष्ठ पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे। राज्यपाल संतोष गंगवार के परिवारीजन एवं बरेली के कई शहरवासी भी गौरवपूर्ण पलों के साक्षी बने। शपथ लेने के पूर्व संतोष गंगवार ने बिरसा मुंडा स्मृति पार्क-सह-संग्रहालय जाकर धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार मंगलवार शाम रांची पहुंच गए थे। रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर पर गार्ड ऑफ ऑनर के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य मंत्रियों ने संतोष गंगवार का स्वागत किया। इस दौरान बरेली से साथ गए करीबी लोग भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भी शहर को कई लोगों को राजभवन से आमंत्रण मिला। ये लोग बुधवार सुबह फ्लाइट से रांची पहुंचे। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के साथ दुर्गेश खटवानी, संजीव चांदना, राजेश जसोरिया भी समारोह में शामिल हुए।

# भरभरा कर गिरने की कगार पर हैं यूपी के 75 पुल

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग से मांगी थी रिपोर्ट, सामने आई हकीकत

- अब इन पुलों को जल्द ही तोड़कर नए सिरे से बनाया जाएगा
- सीएम ने प्रदेश के 721 पुलों की जांच के निर्देश दिए थे
- लोक निर्माण विभाग ने सभी पुलों की जांच के बाद 50 साल पूरा कर चुके 75 जर्जर पुलों को चिन्हित किया है

**जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** प्रदेश के पुल भरभरा कर एकदम गिर न पड़ें, और उनके नीचे दबकर लोगों को जान-माल का नुकसान न हो इसके लिए सीएम योगी ने लोक निर्माण विभाग से सर्वे कर पूरी रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 75 ऐसे जर्जर पुल हैं जो कभी भी गिर सकते हैं। अब इन पुलों को जल्द ही तोड़कर नए सिरे से बनाया जाएगा। बिहार पुल हादसों से सबक लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 721 पुलों के जांच के निर्देश दिए थे।

### नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए इन पुलों को बंद कर दिया जाएगा

पीडब्लूडी द्वारा जिन पुलों को चिन्हित किया गया हैं उनमें कानपुर क्षेत्र के 10, सहारनपुर में 6, उन्नाव में 4, मैनपुरी, अमेठी, गाजीपुर, सोनभद्र, सीतापुर में तीन-तीन पुल जर्जर हैं। ?लखनऊ, जालौन, हरदोई, प्रयागराज, आजमगढ़ और खीरी में 2-2 पुल जर्जर अवस्था में मिले। ?नए पुलों को बनाने और पुराने पुलों की मरम्मत के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। फ़िलहाल नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए इन पुलों को बंद कर दिया जाएगा।

जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने सभी पुलों की जांच के बाद 50 साल पूरा कर चुके 75 जर्जर पुलों को चिन्हित किया है जिन्हें तोड़ा जाएगा। लोक निर्माण विभाग अगले हफ्ते नए पुलों के निर्माण और मरम्मत के लिए एस्टीमेट शासन को भेजेगा। पिछले दिनों बिहार में एक के बाद एक कई पुल धराशायी हो गए थे। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एहतियातन प्रदेश में 50 साल की उम्र पूरी कर चुके सभी पुलों की जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों ने प्रदेश भर के 721 पुलों की जांच पूरी कर ली है। इसमें से 75 पुल ऐसे मिले हैं जो या तो एकदम जर्जर हो चुके हैं या फिर उनकी मरम्मत की जरूरत है। अब विभाग नए पुलों के निर्माण और मरम्मत के लिए एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजेगा।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर पर छापा

## 24 घंटे में 25 से ज्यादा सेंटर हुए सील, हजरतगंज समेत कई जगहों पर पड़ा छापा



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

बेसमेंट और मानक के खिलाफ चल रहे कोचिंग सेंटर पर एलडीए का छापा जारी है। बुधवार सभी जोन में टीम अभियान चलाने पहुंची थी। इस दौरान हजरतगंज समेत कई जगहों पर कोचिंग और लाइब्रेरी को सील किया गया। पिछले 24 घंटे में 25 से ज्यादा सेंटर को सील किया गया है। एलडीए की टीम हजरतगंज के एनके रोड पर पहुंची। यहां पाठशाला नाम की कोचिंग को सील किया गया। कोचिंग बेसमेंट में चल रही थी। नियमों को ताक पर रखकर गलत तरीके से छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा था।

### वीसी ने कहा इससे जान का खतरा है

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि मानक के विपरीत बेसमेंट के निर्माण व संचालन से आसपास के भवनों व जानमाल की सुरक्षा को खतरा रहता है। खासतौर सेबारिश के मौसम में बेसमेंट के निर्माण में सावधानी न बरतने से खतरे की संभावना अधिक बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए शहर में अवैध रूप से किये जा रहे बेसमेंट के निर्माण व संचालन के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने के आदेश दिए गए हैं।

### दिल्ली में तीन छात्रों की मौत हो गई थी

पिछले दिनों दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी में डूबने से 3 बच्चों की मौत हो गई थी। एनडीआरएफ की टीम ने करीब 4 घंटे बाद बेसमेंट से बॉडी निकाला था। मरने वालों में एक छात्रा यूपी के अंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी।

एलडीए के अधिकारियों का कहना है 10 कोचिंग संस्थानों की जांच की जा चुकी है और जिसमें दो बेसमेंट में पाए गए हैं। जिनको सील किया जा चुका है। जहां बेसमेंट में कल तक कोचिंग सेंटर चल रहे थे। अब वह बंद कर दिया गया है लेकिन सावधानी के तौर पर इनको भी सील किया गया है। यह जांच अभी जारी रहेगी।

# मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर महोबा के समाज कल्याण अधिकारी निलंबित

- पीड़ित महिला को एक वर्ष से नही दे रहे थे सहायता राशि
- शिकायत के आधार पर हुई जांच में दोषी पाए गए अधिकारी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

> "ऐसे सरकारी कर्मी और अधिकारी जो नागरिकों को योजनाओं का लाभ देने में हीलाहवाली करते हैं उनको सचेत किया जाता है कि अपने आप को सही ढर्रे पर ले आएं, नही तो नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा।
>
> -अभय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, महोबा

**लखनऊ।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार उन्मूलन योजना में लापरवाही बरतने और शासकीय कार्यों में शिथिलता के आरोप में महोबा के जिला समाज कल्याण अधिकारी अभय कुमार सिंह को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण के निर्देश पर हुई जांच के बाद शासन ने निलंबन की कार्रवाई की है। एक वर्ष पूर्व महोबा में अनुसूचित जाति की एक महिला ने आरोपियों के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पीड़ित महिला को सरकार की तरफ से अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार उन्मूलन योजना में सहायता राशि मिलना था। पीड़ित द्वारा सहायता राशि के लिए एक वर्ष से लगातार जिला समाज कल्याण अधिकारी से संपर्क किया जा रहा था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण ने अभय कुमार सिंह के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे। जांच में उनके उपर लगे आरोप सही पाए जाने के बाद मंत्री ने कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। इसी क्रम में शासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी अभय कुमार सिंह को निलंबित किया है।

# जिलाधिकारी ने ली चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**




जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में बुधवार को चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापरक त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाये। यदि जनता दर्शन, सम्पूर्ण समाधान एवं थाना समाधान में एक ही शिकायत की पुनरावृत्ति पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में चकबंदी चल रही है वहां पर चकबंदी विभाग का कोई अधिकारी, कर्मचारी किसी को परेशान करें या उनसे धनराशि की मांग करें तो सम्बन्धित व्यक्ति जिलाधिकारी के शासकीय नम्बर-9454417532 एवं राजेश प्रसाद अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उप संचालक चकबंदी के मोबाइल नम्बर 8707255806 पर सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि जनपद में कुल 56 ग्रामों में 10 वर्षों से अधिक समय से चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, जिनमें से तहसील मऊ के दो ग्रामों क्रमशः मऊ मुस्तकिल व खण्डेहा की चकबंदी पूर्ण कर ली गयी है। इसी क्रम में निर्देश दिये कि इन ग्रामों में चकबंदी समाप्त किये जाने के लिए प्रस्ताव एक सप्ताह में चकबंदी निदेशालय को प्रेषित कराया जाये। बताया कि 2 ग्राम सालिगपुर व मलवारा में चकबंदी का विरोध होने व ग्राम मोहरवा तथा रम्पुरिया अव्वल के राम वन गमन पथ से प्रभावित होने के कारण इन ग्रामों में चकबंदी आगे बढाया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। इस सम्बन्ध में चकबंदी निरस्त करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये गये। निर्देश दिये कि 10 वर्ष से पुराने जिन ग्रामों में अब तक चकबंदी कार्यवाही शुरू नहीं की गयी है उनका भौतिक सत्यापन करा लिया जाये और यदि चकबंदी कार्य करना निकट भविष्य में सम्भव न हो तो गांव की चकबंदी प्रक्रिया निरस्त किये जाने के लिए प्रस्ताव 15 दिन में प्रस्तुत किया जाये। जिन ग्रामों में अभी तक सर्वे कार्य नहीं कराया गया है उन ग्रामों में सर्वे कार्य कराने के लिए चकबंदी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया। ग्राम सरैया, रैपुरा व सेमरदहा में 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक चकबंदी पूर्ण न होने के सम्बन्ध में मनोहर लाल, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि उच्च न्यायालय में लम्बित रिट याचिका से सम्बन्धित पत्रावली का अध्ययन करने के बाद सम्बन्धित पत्रावली प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

## इंटरलाकिंग मार्ग दे रहा दुर्घटनाओं को दावत

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

रामघाट बूडे हनुमान मार्ग की इंटरलाकिंग उखड़ने से दुर्घटनाओं का खतरा है। रोज सैकड़ों बाईक सवार इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। इसी तरह सीतापुर के उतारा मोहल्ले में सड़क मरम्मत जल्द न हुई तो किसी दिन हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि रामघाट से बालाजी मंदिर होते हुए बूडे हनुमान के लिए इंटरलाकिंग मार्ग बना है। इसी मार्ग में इंटरलाकिंग की ईंटे उखड़ गई हैं। सैकड़ों दो पहिया वाहन इस रास्ते से गुजरते हैं। किसी भी दिन दुर्घटना घटित हो सकती है। इसी प्रकार सीतापुर के उतारा मोहल्ले में सड़क में कई जगह मरम्मत की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारों को बताने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। अजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने नगर पालिका ईओ को दोनों सड़कों की स्थिति से अवगत कराया है। साथ ही रामघाट के एकमात्र सुलभ शौंचालय में नल कनेक्शन कराने का अनुरोध किया है। वर्षों से इस शौंचालय में नल कनेक्शन ही नहीं है। जबकि पानी की पाईप लाइन शौंचालय के पास से गुजरी है।

# जिलाधिकारी ने ली श्रावण मास की अमावस्या मेला की तैयारी बैठक

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में बुधवार को श्रावण मास की अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि श्रावण मास की अमावस्या का मेला 4 अगस्त को पडेगा। मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट सहित पर्याप्त पुलिस बल भी लगाया गया है। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई से कहा कि बरसात को देखते हुए रामघाट पर मंदाकिनी नदी पर बाढ को देखते हुए व्यवस्था रहे। साथ ही घाट की सीढियों की अच्छी तरह से साफ सफाई कराकर बैरिकेडिंग, गोताखोर, नाव आदि की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से कहा कि परिक्रमा मार्ग का भ्रमण करके अतिक्रमण हटाए। साथ ही बरसात होने पर परिक्रमा पथ पर जहां पर फिसलन की समस्या हो वहां पर जिला पूर्ति अधिकारी तथा डिप्टी आरएमओ से बोरो की व्यवस्था कराकर डलवाए ताकि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो। अधिशासी अधिकारी से कहा कि सीसीटीवी कैमरा रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर संचालित रहे।

पीए सिस्टम की भी व्यवस्था कराई जाए। आवारा पशु न घूमने पाए इसके लिए भी कर्मचारी लगायें जाए। साथ ही कैटिल कैचर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। रामघाट एवं परिक्रमा पथ पर केला के ठेला भी न लगने पाए, साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था अच्छी तरह से कराई जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि मध्य प्रदेश के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि श्रद्धालुओं के आने जाने की जानकारी रहे और अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि वाहनों का किराया निर्धारित करके टैक्सी आदि वाहनों पर चस्पा कराया जाए। किसी भी दशा में वाहनों पर ओवरलोड सवारियां न भरे, इसके लिए भी निर्देश जारी किए जाए। फूड प्वाइजनिंग को लेकर खाद एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी खाद्य सामग्री की जांच करें। दुकानों पर गैस सिलेंडरों की भी जांच कराई जाए। स्वास्थ्य सेवाएं एवं पर्याप्त मात्रा में एंबुलेंस की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि मेला के सभी अधिकारी, कर्मचारी व पुलिस बल श्रद्धालुओं के साथ मानवीय व्यवहार करें। उन्होंने जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकार नगर राजकमल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# गांजा तस्कर पर लगा पांच हजार रूपये का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस। उरई**

गांजा तस्करी का दोष साबित होने पर आरोपी ने अपना खुली अदालत में जुर्म कबूल कर लिया अपर जिला जज ने आरोपी को जेल में बिताई अवधि और पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया जुर्माना अदा न करने पर 15 दिनों का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

शासकीय अधिवक्ता अनूप उपाध्याय ने बताया कि 10 जनवरी 2024 को रामपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में अपराध रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया पूछताछ में युवक ने अपना नाम कोमल निवासी निनवाली थाना रामपुरा बताया पुलिस को जामा तलाशी में युवक के पास एक किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ पुलिस एनडीपीएस की कार्यवाही कर युवक को जेल भेज दिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। बुधवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के अपर जिला जज भारतेंद्र सिंह ने कोमल को दोषी पाते हुए जेल में बिताई अवधि और पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया जुर्माना अदा न करने पर 15 दिनों की अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# डीआईजी झांसी ने अंतर्जनपदीय जोनल फुटबाल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। उरई**





डीआईजी झांसी कलानिधि नैथानी 27 वीं अंतर्जनपदीय जोनल फुटबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन करने उरई पंहुचे। उन्होंने पुलिस लाइन में उद्घाटनकर बापस जाते समय एट थाने का औचक निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए।

डीआईजी झांसी कलानिधि नैथानी बुधवार को पुलिस लाइन उरई पंहुचे। जहां पर उन्होंने पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली 27 वीं अंतर्जनपदीय जोनल फुटबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन और पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को देखा और कुछ आवश्यक निर्देश भी अधिनिस्थो को दिए। इसके बाद डीआईजी अचानक एट थाने जा पहुंचे। जहां पर उन्होंने एट थाने का निरीक्षण किया। थाने के अभिलेखो, लंबित विवेचनाओं को बारीकी से चेक किया। महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण कर महिला सम्बन्धी मामलों का सीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके बाद थाने में दस्तावेजों के रखरखाव साफ सफाई के भी निर्देश दिये। वही थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों से भी डीआईजी ने बात की और क्षेत्र की गलत गतिविधियों पर नजर रखने व उनकी समय पर जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी के साथ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार, क्षेत्राधिकारी कोच उमेश चंद्र पांडेय प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार, चौकी इंचार्ज चेतराम बुंदेला, सिंगदार सिंह सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## पीड़ित ने एएसपी को दिया शिकायती पत्र, लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। उरई**

थाने से न्याय न मिलने पर पीड़ित परिवार बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचा और एएसपी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष पर हमलावरों से साठ गांठ होने का भी आरोप लगाया है।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर निवासी अनीला पत्नी इसरार खान बुधवार को परिवार के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची। जहां पर उन्होंने एएसपी प्रदीप कुमार को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि 30 जुलाई की देर ताजुद्दीन पुत्र अतिउल्लाह पीड़िता के दरवाजे आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह भड़क उठा और उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। तभी पीड़िता का पुत्र सोहेल उसे बचाने के लिए मौके पर आ गया। तभी ताजुद्दीन के परिवार से इकबाल, सलाउद्दीन, सद्दाम फारूक, रिहान, फरहान सहित करीब आधा दर्जन से अधिक लोग मौके पर आ गए और मारपीट करने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़िता के पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। बल्कि जान से मारने की नीयत से उसे चाकुओं से गोद दिया। जिससे वह घायल हो गया। पीड़िता का आरोप है कि वह घायल पुत्र को लेकर थाने पहुंची। जहां पर मौजूद थानाध्यक्ष द्वारा न तो तहरीर ली गई और न ही घायल का मेडिकल प्रशिक्षण कराया गया। फिलहाल एएसपी ने पीड़िता को मामले की जांच कर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# नगर क्षेत्र में निर्धारित सीमा से आगे बढ़कर अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्यवाही : पाठक



**जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट**

नगर क्षेत्र में मऊ उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक और क्षेत्राधिकारी जय करण सिंह की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पंचायत की टीम ने आधा दर्जन अतिक्रमणकारी दुकानदारों पर जुर्माना भी किया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर मऊ नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई कर रहे मऊ के उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक व मऊ क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने मऊ बस स्टैण्ड और बाजार रोड़ में सभी ठेले वालों और दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने को कहा। जहां ठेले वालों को मौके पर ही निर्धारित सड़क सीमा से हटाया गया। वहीं दुकानदारों से कहा गया कि दो दिन के अन्दर निर्धारित सीमा से अपना अतिक्रमण हटा लें। ऐसा न होने पर बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने के मामले में इन्द्रेश, संदीप, गुलाब, पप्पू, मुन्नालाल व लाला आदि पर जुर्माना भी किया गया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गयी।

इस मौके पर मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय और मऊ नगर पंचायत टीम से शिवप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## अधेड़ ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस। उरई**

आटा थाना क्षेत्र में टोल के पास ट्रेन से कटकर अधेड़ ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संदी निवासी मुन्ना 50 वर्ष गांव में खेती किसानी का काम करता था। मंगलवार की रात को उसने आटा टोल के पास ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। जब रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे ट्रैक पर शव को देखा तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराकर परिजनों को मामले की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंच गए।

बताया कि शाम के समय पिता पुत्र में विवाद हुआ था। शायद इसी परेशानी में उसने खुदकुशी कर ली। एसओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल घटना के बाद से मृतक के पुत्र बंटी व पत्नी हीरा सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# द हंस फाउंडेशन ने जनपद के मऊ विकास खण्ड में 60 दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण वितरित किए

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**




द हंस फाउंडेशन ने मऊ विकास खण्ड में रूपांतरण परियोजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सहायक उपकरण वितरित किए गए। चित्रकूट जनपद मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) ओपीडी के दौरान ग्राम स्तर से 167 दिव्यांगजन लाभार्थियों को चिन्हित किया गया था। द हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित यह पहल जनपद के समुदाय के भीतर समावेशित और सशक्तिकरण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी ने कहा कि संस्था द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए जा रहें कार्य सराहनीय हैं। परियोजना प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों के समर्थन और सहयोग ने इस कार्यक्रम को संभव बनाया है। कार्यक्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) और हंस स्वास्थ्य सखी पहल द्वारा प्रदान की गई अमूल्य सहायता को भी स्वीकार किया गया, जिसे सर्वेक्षण और सामुदायिक सहभागिता प्रयासों के माध्यम से मऊ ब्लॉक द्वारा समर्थित किया गया। जिला परियोजना टीम के प्रमुख सदस्यों में परियोजना प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक राधा, अतुल कुमार गुप्ता शामिल थे।

इस पहल में मऊ ब्लॉक की एमएमयू टीम में एएनएम रीता, प्रयोगशाला तकनीशियन इकबाल, फार्मासिस्ट प्रशांत और पायलट दिलीप शामिल थे। द हंस फाउंडेशन (टीएचएफ) की स्थापना 2009 में एक पंजीकृत सार्वजनिक चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में हुई। इस संगठन का मुख्य कार्यक्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और दिव्यांगता पर है। इस साल टीएचएफ अपनी 15वीं वर्षगांठ मना रहा है। द हंस फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश के 11 जनपदों में 84 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का संचालन शुरू किया है, जो जनमानस की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समर्पित है। यह यूनिट्स प्रधानतः उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपदों में स्थित हैं।

प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर के गाँवों को अपनी सेवाओं से आश्रित करेंगे। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में एमबीबीएस डाक्टर, फार्मासिस्ट, एएनएम, लैब तकनीशियन और पायलट शामिल होते हैं, जो दिन में दो गाँवों में स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक उपचार प्रदान करते हैं। फाउंडेशन ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यक्रमों को संचालित करती है और इन कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य देश के सबसे ग्रामीण और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में वंचित समुदायों के जीवन में सुधार लाना है। द हंस फाउंडेशन के उप कार्यक्रम प्रबंधक रजनीश के नेतृत्व में यह दिव्यांगजनों के वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा, चिकित्सक अधीक्षक डॉ. हारून, एडीओ पंचायत चंद्र भूषण आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। इटावा के गांधी नगर निवासी विकास दीप राव 33 वर्ष अपने दोस्त रोहित उर्फ गुड्डू 35 वर्ष के साथ बाइक से राठ गया था। विकास का राठ सीएचसी में लैब टेक्नीशियन के पद पर चयन हुआ था, जो वहां ज्वाइनिंग करने के बाद रात के समय घर वापस जा रहा था। इसी दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे किमी संख्या 158 के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों घायल हो गए। मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर विकास दीप राव की मौत हो गई। जबकि उसके साथी रोहित को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने को कब्जे में लिया और सूचना परिजनों को दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते पहुंचे परिवार के लोगों ने बताया कि विकास की शादी हो चुकी थी और उसका एक छह माह का लड़का आर्यन भी है। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी रोशनी सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# कांग्रेसियों ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकने का किया प्रयास, पुलिस ने रोका

**जन एक्सप्रेस। उरई**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद अविनाश पांडे एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर जालौन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के आवाहन पर बुधवार को जालौन के नगर उरई, कोच, कालपी, जालौन एवं कदौरा के कांग्रेसजनों ने एवं नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नेता सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा हमारे नेता लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बारे में अपशब्द टिप्पणी करने के विरोध में पूरे जनपद में कांग्रेसजनों ने विरोध प्रदर्शन कर पुतला जलाया। कालपी नगर में पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह सरसेला, नगर अध्यक्ष अखिलेश अहिरवार सोशल मीडिया के नेता आदित्य नगर डॉक्टर एम खान को कालपी पुलिस ने सुरेंद्र सिंह सरसेला के निवास में जबरदस्ती बैठाया रखा। वहीं कोच नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर कोच नगर से रामकिशोर पुरोहित, नंदकिशोर दिक्षित, वेद प्रकाश, विशाल, अहमद, रामनरेश त्रिपाठी, अजय बरार, दयाशंकर, भगवान सिंह निरंजन, सुल्तान नारायण अनीश कदौरा नगर बसरत हाशमी सकील भाई जाहिदा बेगम जालौन नगर से कमल मास्टर नगर अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा जिला सचिव शैलेंद्र मिश्रा लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रशेखर वर्मा अशोक चौधरी बल्लू मंसूरी भगवान सिंह बशीर रहमान साहब अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# किसानों से ऋण की किस्त लेकर गबन कर गया सचिव

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

बांदा डिस्ट्रिक्ट को आपरेटिव बैंक के शिवरामपुर शाखा प्रबंधक ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि बी पैक्स इटखरी के सचिव साकेत श्रीवास्तव द्वारा बीती 30 अक्टूबर 2023 को केसीसी ऋण वसूली में कृषक पितुआ उर्फ प्रीतम से ऋण वसूली कर 41360 रूपए शाखा में नहीं जमा किए गए। सचिव साकेत द्वारा कृषक से पैसा लेकर रसीद काटकर उपलब्ध कराई गई थी। इसके चलते समिति के रजिस्टर एवं कृषक की पासबुक में सचिव साकेत द्वारा वसूली की धनराशि अंकित कर खाता बेबाक कर दिया गया। साथ ही उसकी कृषक को फिर से ऋण दिलवाने के लिए बीती 3 फरवरी को सचिव साकेत शाखा में आए। जिसके बाद पता चला कि सम्बन्धित किसान के ऋण की धनराशि का गबन सचिव साकेत द्वारा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी सचिव साकेत द्वारा कृषक जगतनारायण की केसीसी ऋण वसूली के नाम पर 41500 रूपए की धनराशि लेकर शाखा में नहीं जमा किया गया था। इस सम्बन्ध में उन्होंने मुख्यालय को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की थी, किन्तु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ऐसे में सचिव साकेत के समिति कार्यकाल की विस्तारित जांच मुख्यालय स्तर के अधिकारियों द्वारा कराई जानी चाहिए। इस मामले में बी पैक्स इटखरी के सचिव जगन्नाथ यादव ने भी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक को भेजे पत्र में कहा है कि बीती 3 जुलाई को उनका स्थानान्तरण बी पैक्स परसौंजा से इटखरी समिति के लिए किया गया था। इस आदेश के क्रम में इटखरी के सभापति द्वारा योगदान आख्या स्वीकार कर ली गयी है, किन्तु पूर्व में तैनात सचिव द्वारा अब तक सम्पूर्ण चार्ज नहीं दिया गया है। इसके चलते समिति का कार्य बाधित हो रहा है। शाखा प्रबंधक ह्रदेन्द कुमार ने बताया कि इस सम्बन्ध उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। समिति के अध्यक्ष के साथ मिलकर जल्द ही नए सचिव को चार्ज दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 30 जुलाई से 04 अगस्त, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.4 (+1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 28.6 (+3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 85 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 68 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 3.9

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# अवनीश दीक्षित पर रंगदारी का अनवरगंज कोतवाली में एक और मुकदमा दर्ज




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पत्रकार अवनीश दीक्षित के जेल जाने के बाद उनकी मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वर्ष 2017-18 में हुई एक घटना के मामले में थाना अनवरगंज में एक संविदा बस ड्राइवर की तहरीर के आधार पर रंगदारी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही साथ अवनीश दीक्षित के साथ गोपनीय तौर पर जुड़े कई लोगों के खिलाफ भी जांच होने की बात सूत्रों के हवाले से बाहर आ रही है। वहीं दूसरी ओर बुधवार को भी कानपुर पुलिस की कई टीमों ने कोतवाली में दर्ज किए गए कब्जे वाले मामले की घटना में नामित वा प्रकाश में आए अभियुक्तों के घर पर जाकर दबिश दी है।

थाना अनवरगंज में संविदा बस ड्राइवर मुफीद खान की तहरीर के आधार पर रंगदारी की गंभीर धाराओं में अवनीश दीक्षित समेत दो अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मुफीद खान ने दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके बच्चों की कनपटी पर पिस्टल लगाकर जबरन उनसे नोटरी एग्रीमेंट करा लिया गया और पूरा का पूरा घर कब्जा कर लिया गया। मामला वर्ष 2017-18 का बताया गया है।

### थाना नजीराबाद क्षेत्र में रहने वाले करीबी के मामलों में फिर होगी जॉच

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना नजीराबाद क्षेत्र की चिड़ीमार गली में रहने वाले सुनील शुक्ला नाम के सख्स की गरीब केस्को संविदा कर्मियों की मेहनत के पैसों का गबन करने के मामले में एक पुराने मामले की जॉच कर्नलगंज थाने से पुनः हो सकती है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पूर्व में तैनात रहे पुलिस अधिकारियों ने गैर कानूनी तरीके से सुनील शुक्ला व अन्य को बचाया है।

### क्या है कब्जे वाला मामला

रविवार को सायं काल के समय अचानक से कोतवाली थाने के कोतवाल भारी पुलिस फोर्स के साथ परेड स्थित क्रिस्टल पार्किंग पहुंचे और वहां से पत्रकार अवनीश दीक्षित को पकड़कर कोतवाली ले आए, बाद में उन्हें बताया गया कि उनके विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 156 / 2024 और 157/2024 जो दो अलग-अलग वादियों के द्वारा दर्ज कराए गए हैं और उन्हीं मामलों में उन्हें गिरफ्तार कर कोतवाली लाया गया है। श्री दीक्षित की गिरफ्तारी की बात सुनते ही सैकड़ो की संख्या में पत्रकार कोतवाली आ धमके और उन्हें छुड़ाने के लिए बहुत प्रयत्न भी किया गया इस दौरान पुलिस और पत्रकारों में काफी कहा सुनी भी हुई। लेकिन पुलिस ने अवनीश दीक्षित को छोड़ा नहीं और सोमवार को भोर के पहर में ही सर्किट हाउस स्थित जिला जज के आवास पर पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया। कानपुर पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर की मानें तो जमीनों पर कब्जे करने का एक बहुत बड़ा रैकेट संचालित हो रहा था जिस पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है और अभी इस मामले में बहुत से नाम चिन लोगों को जेल भी जाना है जिन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र ने मौत को लगाया गले



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली, छात्रा रावतपुर के प्रिंस बॉयज हॉस्टल में रह रहा था। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक पढ़ने में काफी तेज था बीटेक भी कर चुका था।

### फाइनल लिस्ट में नहीं आया था नाम

कासगंज के भुजपुरा निवासी कुलदीप सोलंकी 29 वर्ष के परिवार में छोटा भाई संदीप सोलंकी मां विमला देवी रहती थी पिता विजयपाल सिंह की मौत हो चुकी थी छोटे भाई संदीप ने बताया कि बीते डेढ़ साल से कुलदीप तुलसी विहार के प्रिंस बॉयज हॉस्टल में रहता था काकादेव में यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। अभी हाल में ही उसने एक एग्जाम दिया था जिसमें फाइनल लिस्ट में उसका नाम नहीं आया था इसके बाद से वह काफी डिप्रेशन में रहने लगा था जिसके कारण उसने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर ली। बीटेक करने के बाद कुलदीप के पास विदेश तक के जॉब के लिए ऑफर आए उसको यूपीएससी करने की ऐसी धुन सवार थी कि उसने सभी नौकरियां ही छोड़ दी कानपुर में जाकर तैयारी कर रहा था। भाई संदीप ने बताया कि एनआईटी लखनऊ से 2017 में बीटेक पास करने के बाद 25 लाख के पैकेज पर कुलदीप ने नौकरी लग गई लेकिन उसमें नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी में लग गया था वह घर वालों से कम बात करता था उसके दोस्त यार भी बहुत कम थे। हॉस्टल में रहने वाले लड़कों ने बताया कि कुलदीप अपने कमरे से भी बाहर कब निकलता था वह पूरा दिन पढ़ाई करता था और जैसे ही समय होता था वह कोचिंग चला जाता था वापस आते ही फिर से वह अपनी पढ़ाई में लग जाता था।

# पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, बेवजह बदसलूकी न हो इसका रखें ध्यान: पुलिस कमिश्नर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित पर दर्ज हुए मुकदमों व गिरफ्तारी के बाद निष्पक्ष जांच व बेवजह पत्रकारों का उत्पीड़न न हो इस मुद्दे को लेकर बुधवार को कानपुर प्रेस क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई व महामंत्री शैलेश अवस्थी की तरफ से पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल ने कमिश्नर से मांग की कि प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित पर दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच हो। पत्रकारों के घरों पर बेवजह छापे न मारे जाएं। जरूरी हो तो पूछताछ के लिए अवगत करा दिया जाए ताकि किसी पत्रकार की बेवजह छवि न खराब हो। इसके साथ ही फील्ड पर काम कर रहे पत्रकारों का उत्पीड़न और बेवजह बदसलूकी न की जाए। मंगलवार रात कल्याणपुर थाना क्षेत्र में कवरेज के दौरान एक पत्रकार से की गई बदसलूकी से भी पुलिस कमिश्नर को अवगत कराया गया। इस पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने तत्काल समस्त जोन के डीसीपी, एसीपी और सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि बेवजह किसी पत्रकार से बदसलूकी न की जाए। अगर पत्रकारों से अभद्रता की शिकायतें मिलीं तो यह ठीक नहीं होगा। पत्रकार लोकतंत्र के स्तम्भ हैं, उन्हें अपना काम करने दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व महामंत्री कुशाग्र पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव सारस्वत, कोषाध्यक्ष सुनील साहू, वरिष्ठ मंत्री मोहित दुबे, मंत्री शिवराज साहू, कार्यकारिणी सदस्य कौस्तुभ शंकर मिश्रा, गगन पाठक, दीपक सिंह, मयंक मिश्रा, उत्सव शुक्ला, नौशाद खान, अंकित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## मेपल सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ भावना बिंदल ने साझा की जानकारी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के गणित विभाग बेसिक साइंसेज स्कूल में मेपल 2024 पर चल रही पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन बुधवार को बाइनरी सिमेंटिक्स से मेपल सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ भावना बिंदल ने मेपल के साथ विज़ुअलाइज़ेशन, मेपल में डेटा संरचनाओं, मेपल प्रोग्रामिंग और वेरिएबल्स और फ़ंक्शंस के साथ काम करने के बारे में प्रशिक्षण दिया। इसके लिए 150 छात्रों ने पंजीकरण कराया है जिसमे विभिन्न कॉलेजों के कई संकाय सदस्य भी पंजीकृत हैं और प्रशिक्षण ले रहे हैं। सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण डॉ.नमिता तिवारी, डॉ.राघवेंद्र सिंह एवं डॉ.इजहार अली खान की देखरेख में सफलतापूर्वक चल रहा

# कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारियों संग कुलपति ने की बैठक



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में कृषि विज्ञान केंद्रों की बुधवार को हुई बैठक में कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह द्वारा प्रसार कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने 15 कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारियों के साथ प्रसार कार्यक्रमों की समीक्षा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव ने कुलपति को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कुलपति ने वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि कृषि विज्ञान केंद्रों पर मॉडल बनाने पर जोर दें। उन्होंने सभी केंद्र के प्रभारियों से उनके द्वारा विगत वर्ष में कराए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण देखने के साथ ही सभी को नवीनतम तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने तथा केंद्र पर स्थापित सभी इकाइयों को सुव्यवस्थित रखने के लिए निर्देशित किया जिससे किसानों को फसलों के नवीन एवं गुणवत्ता परक बीज उपलब्ध कराए जा सके। कुलपति ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं सेंटर आफ एक्सीलेंस के कार्यों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर डॉ.करम हुसैन, डॉ.पीके राठी, डॉ.सोहनलाल वर्मा, डॉ.वी के कनौजिया सहित सभी केंद्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# फिर एक आम नागरिक साइबर लुटेरों का हुआ शिकार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बारासिरोह क्षेत्र में रहने वाले युवक के साथ ठगी हुई है। पीड़ित की मानें तो उसे फोन आया और बोला हेलो, मैं क्राइम ब्रांच मुंबई से बोल रहा हूं, आप पर फर्जी मैसेज व आपत्तिजनक वीडियो कॉल करने का आरोप लगा है। यदि आप उनको बचना है तो आपको साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। जिसके लिए मैं एक लिंक भेज रहा हूं जिसे आप क्लिक कर दें और क्लिक करते ही युवक के खाते से 67 हजार रुपए कट गए।

जिसके बाद युवक ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कल्याणपुर के बारा सिरोही नई बस्ती निवासी सुभाष ने पुलिस को बताया है कि उसके मोबाइल नंबर पर एक अननोन नंबर से फोन आता है। वह खुद को क्राइम ब्रांच अंधेरी मुंबई का अधिकारी बताता है और कहता है कि आपके नम्बर से फर्जी मैसेज व आपत्तिजनक वीडियो काल की जा रही है। आप और 17 अन्य पर एक मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसकी ज्यादा जानकारी के लिए हमारे अधिकारी प्रदीप सावंत वीडियो कॉल पर बातचीत करेंगे।

थोड़ी देर के बाद वीडियो कॉल आता है और वह बोलता है कि इस वीडियो काल की रिकार्डिंग हो रही है। जिसे साक्ष्य के रुप में कोर्ट में पेश करना है। इसमे आपको सब कुछ सच सच बोलना है।

वीडियो कॉल बातचीत के दौरान उनके पास वह लोग एक लिंक भेजते हैं। जिसे मैं क्लिक करता हूं तो मेरे खाते से 67 हजार रुपए ट्रांसफर हो जाता है। जब दोबारा संपर्क करने का प्रयास करता है। तो संपर्क नहीं हो पता है। वही पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि एक तहरीर प्राप्त हुई थी।

जिसमें युवक ठगी का शिकार हुआ है। युवक की तहरीर का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साइबर सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

## एक और संपत्ति की जांच करने पहुंची ई डी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आगजनी समेत कई अन्य मामलों में यूपी की महाराजगंज जेल में बंद विधायक इरफान सोलंकी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं ।जहां एक तरफ विधायक सोलंकी पर आगजनी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित है वही आय से अधिक संपत्ति के मामले में कल ईडी की एक टीम भी जांच करने जाजमऊ इलाके में पहुंची। टीम जिस जगह की जांच करने पहुंची थी। उस जगह को पूर्व में कानपुर हिंसा के एक आरोपी संग मिलकर इरफान सोलंकी पर बेचने का आरोप है।

मिली जानकारी के अनुसार जिस जमीन की जांच करने टीम पहुंची थी उसमें से एक बड़ा हिस्सा कानपुर विकास प्राधिकरण की सरकारी जमीन का भी है। साथ ही साथ एक हिस्सा विमल चौधरी नाम के पीड़ित का भी है।

मिली जानकारी के अनुसार ई डी की टीम के अलावा कानपुर विकास प्राधिकरण की टीम और राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद रही है।

इस दौरान टेनरी मालिकों से पूछताछ कर टेनरी मालिको से उनके जमीन के कागजात की जांच की गई।

# लापता हुए चार साल के मासूम की पशुबाड़े में गड़ी मिली लाश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सजेती थाना क्षेत्र के अकबरपुर बीरबल में कल उस वक्त सनसनी फ़ैल गई,जब दो दिन से लापता मासूम का शव परिवार के सदस्य के पशुबाड़ा में जमीन में गड़ा मिला। परिजनो की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। वही पुलिस डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम की मदद से मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।परिजनो ने चचेरे जेठ पर हत्या कर शव जमीन में गाड़ने का आरोप लगाया है।

सजेती थाना क्षेत्र के अकबरपुर बीरबल गांव के रहने वाले संजय निषाद ने बताया कि उनका चार वर्षीय बेटा शाहिल बीते दो दिन पहले घर के बाहर खेल रहा था, जिसके बाद से वह लापता हो गया था। परिजनो ने काफी खोजबीन करने के साथ सजेती थाने पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। परिजनों के अनुसार संजय और ब्रजलाल के बीच लगभग तीन महीने से विवाद चल रहा था। संजय ने ब्रजलाल के ऊपर मोबाइल तोड़ने समेत पांच सौ रुपए चोरी करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद से दोनो के बीच विवाद चल रहा था। हालाकि मासूम के परिजनों ने ब्रजलाल पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर मासूम की तलाश शुरू की थी। सजेती पुलिस ने गांव पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की थी। बुधवार दोपहर मासूम का शव गांव में रहने वाले पारिवारिक जेठ ब्रजपाल के पशुबाड़े में गड़ा हुआ मिला,वही परिजनों ने ब्रजपाल व उसके बेटे रमेश समेत परिजनो पर हत्या का आरोप लगाया है। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नर्स से मोबाइल छीन कर बाइक सवार फरार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कल्याणपुर थाने में कन्नौज निवासी शीलम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह वह गौतम बिहार कल्याणपुर में किराए के मकान में रहती है। वह एक निजी अस्पताल में नर्स है। मंगलवार को देर शाम वह अस्पताल के लिए पैदल जा रही थी। इस दौरान वह टूटी पुलिया पर पहुंची थी। तभी पीछे से बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आये और उसके हाथ से मोबाइल छिन लिया। जब तक वह कुछ कर पाती वह तेजी के साथ बाइक से वह से चले गए। वही कल्याणपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक सवार लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

### युवती से छेड़छाड़ ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना कल्याणपुर क्षेत्र में किराए के कमरे पर रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर छेड़छाड़ व ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र दिया है। इस साथ ही कल्याणपुर पुलिस पर भी मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया है। वही पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कल्याणपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवती ने पुलिस आयुक्त को बताया है कि वह कल्याणपुर के शिवली रोड पर एक किराए के मकान में रहती है। वह एक निजी अस्पताल में नौकरी करती है। जब वह अस्पताल के लिए जाती है। तो क्षेत्र में रहने वाला रोहित आये दिन पीछा करता है। एक युवक उसकी फोटो और वीडियो को इंस्टाग्राम पर व्हाट्सएप पर डीपी लगाकर ब्लैकमेल करता है। जब युवती ने इसका विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी और कहा कि मुझे से शादी कर लो नहीं तो तुम्हें ऐसे ही परेशान करूंगा। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कल्याणपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। डीसीपी पश्चिम के कार्यालय पहुंचकर पीड़ितों ने गुहार लगाते हुए बताया कि बिठूर थाना क्षेत्र में जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे माफिया के खिलाफ शहर के विभिन्न स्थान में मुकदमे दर्ज होने के बावजूद पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोपियों पर गैंगस्टर सहित पांच मुकदमे दर्ज है। लेकिन पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। पनकी गंगागंज निवासी पीड़ित रतिराम यादव ने बताया कि वह डीसीपी पश्चिम से शिकायत करने कार्यालय पहुंचे।आगे बताया कि कुछ माफिया हैं उन पर बिठूर, नवाबगंज सहित कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं दोनों पर गैंगस्टर भी लगी है वह खुलेआम घूम रहे हैं और लोगों में अपनी दहशत फैला कर 10 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं।

### एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल और कानूनगो को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर की नरवल तहसील के सरसौल चकबंदी ऑफिस में तैनात कानूनगो और लेखपाल को घूस लेना मंहगा पड़ गया। पीड़ीत किसान की शिकायत पर दोनों को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा है। पीड़ित नंदकिशोर शुक्ला, जो ग्राम टिकरा भाऊ के निवासी हैं, उनकी बीस बीघा जमीन थी। इस जमीन में से 17 बीघा जमीन लेखपाल सूरज यादव और कानूनगो विनोद गौतम ने गलत तरीके से लिख दी थी और तीन बीघा जमीन के लिए घूस के रूप में 30 हजार रुपए मांग रहे थे।नंदकिशोर शुक्ला ने इस भ्रष्टाचार की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। कल जब नंदकिशोर ने 10 हजार रुपए की पहली किस्त दी, तो एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल सूरज यादव और कानूनगो विनोद गौतम को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।

# खुद को बेडियों में जकड़ मुख्यमंत्री आवास तक विकलांग निकालेंगे पद यात्रा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की बैठक कल बर्रा 8 में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने चेतावनी दी है कि थानों में दिव्यांगजन कि रिपोर्ट जल्द दर्ज नहीं हुई, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 का अनुपालन नहीं हुआ, थानो मे दिव्यांगजन के साथ सम्मान जनक व्यवहार नहीं हुआ, सभी पुलिस थानों में रैम्प कि व्यवस्था नहीं हुई तो अपने को बेडियों में जकड़ कर मुख्यमंत्री आवास तक पद यात्रा निकालेंगे और खुन से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारियों के आस्वाशन के बावजूद आज तक दिव्यांग राजेश शुक्ला, दिव्यांग कृष्ण कुमार त्रिपाठी, दिव्यांग अशोक कुमार की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

यही नहीं विधायक सुरेन्द मैथानी द्वारा मुख्यमंत्री को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी की मांग को लेकर दिये गये ज्ञापन में निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने कार्यवाही करने की बजाय पुरानी योजनाओ का हवाला देकर आई जी आर एस का निस्तारण कर दिया गया है। ये दिव्यांगजन के साथ दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने धोखा किया है। वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया है कि दिव्यांगजन के साथ हर स्तर पर अन्याय हो रहा है। दिव्यांगजन सरकार प्रशासन व सरकार की उपेक्षा का शिकार है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, बैभव दीक्षित, गौरव कुमार आदि शामिल थे।

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से की शिष्टाचार भेंट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। नानचाकू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी व सदस्यों ने पूर्व खेल मंत्री एवं युवा मंत्री अनुराग ठाकुर से उनके दिल्ली स्थित आवास में मुलाकात की है। संगठन के महामंत्री सचिव एवं फाउंडर बाबुल वर्मा, उपाध्यक्ष राज प्रकाश शर्मा, मीडिया कोऑर्डिनेटर विजय कुशवाहा द्वारा एक शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अनुराग ठाकुर से नानचाकू खेल को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त के लिए आग्रह किया और उन्होंने खेल की पूरी जानकारी लेते हुए आश्वासन दिया कि नानचाकू खेल देश की बेटियों व महिलाओं में सेल्फ डिफेंस के रूप में बहुत मददगार है। वह हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। उन्होंने तुरंत ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चैयरमैन भूपेंद्र सिंह बाजवा से मिलवाया। उन्होंने कहा पेरिस ओलंपिक के लिए पेरिस जाना है।

## मुंशी प्रेमचंद जी का 144 वा जन्मदिवस मनाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारत की जनवादी नौजवान सभा (DYFI) कानपुर जिला कार्यकारिणी ने महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद जी की 144 में जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धा के साथ याद करते हुये अपने कार्यालय कॉमरेड रामआसरे भवन जरीब चौकी में संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी की शुरुआत कलाम के सिपाही मुंशी प्रेमचंद की प्रतिकृति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुई नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विनोद पांडे ने उपस्थित युवा साथियों को का प्रेमचंद की कृतियों में जिस सामाजिक यथार्थ और जीवन परिस्थितियों का चित्रण हुआ है उनके साथ उनके आज भी प्रासंगिक होने से जुड़ा है। महामंत्री चमन खन्ना ने कहा कि जब तक देश में गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, सांप्रदायिक घृणा और हिंसा जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न देसी विदेशी पूंजी की लूट खसोट तथा उनकी चाकरी करने वाले भ्रष्ट पतित स्वार्थी और लोभी राजनेताओं का कुटिल शासन जारी रहेगा तब तक प्रेमचंद जी के साहित्य की प्रासंगिकता बनी रहे। संगोष्ठी में अमित केसरवानी, एड0 अनूप कटियार, ओमप्रकाश, रामप्रकाश राय, राजीव खरे, आशा खालिद, शेखर भारतीय, एड0 सौरभ कटिहार आदि लोग शामिल थे।

### कल्याणपुर क्रॉसिंग के हालात बद से बद्तर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। राजेश चंदेल अध्यक्ष कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल श्याम बिहारी गुट ने बताया कि कल्याणपुर क्रॉसिंग के अंदर जो दो पहिया वाहन की एंट्री होती है उसके एंट्री पॉइंट पर एक हिस्से में तो पानी भरा हुआ है दूसरे हिस्से में इतनी फिस्लन और रपटन है कि किसी भी समय किसी की स्कूटी या साइकिल फिसल सकती है उसके एक कोने में एक बाबा जी बैठे हैं और दूसरे कोने में सब्जी वाला और जो तीसरा साफ सुथरा कौन है। उसके डिवाइडर में दो सरिया बाहर निकली हुई है जो कभी भी किसी के लिए भी चोट का या दुर्घटना का कारण बन सकती है और उसके बाद उसके रेलवे पटरी से लेकर तक रही सही कसर ई रिक्शा वाले केला वाले ठेला वाले और कम से कम दो ढाई सौ की मात्रा में मजदूर लेबर खड़े होते हैं जिन्हें किसी भी प्रकार का पुलिस का कोई भय नहीं है और ना ही वह डरते हैं। आम इंसान की क्या सुनेंगे और दूसरी तरफ रिजर्वेशन वाली दीवार पर चश्मे वाले तो कुल मिलाकर कल्याणपुर क्रॉसिंग इस वक्त अतिक्रमण का अड्डा बन गया है। इस पर कुछ होना अति आवश्यक है जब सुबह 9:00 बजे ये पोजीशन है तो पूरे दिन की क्या बात की जाए।

### गणेश अस्पताल ने सर्प दंश का शिकार किशोरों को ठीक कर किया डिस्चार्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कन्नौज के कोतवाली थाना क्षेत्र के ठठिया गांव में चारपाई पर सोते समय दो सगे भाइयों को शुक्रवार सुबह जहरीले सांप ने डस लिया था परिजनों ने इलाज के लिए कानपुर के गणेश हॉस्पिटल में भर्ती कराया था वहीं कानपुर के जाने माने डॉक्टर नसीम आलम डॉक्टर शुभम जैन व अस्पताल संचालक सत्यम कुशवाहा ने मरीज को ठीक कर घर भेज दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के बंदौसी गांव निवासी मनीराम कुशवाहा के पुत्र शनि उर्फ़ चिंटू उम्र 18 वर्ष व पिंकू 20 वर्ष चारपाई पर सो रहे थे तभी शुक्रवार सुबह करीब 3:00 के आसपास किसी जहरीला सांप ने दोनों भाइयों को डस लिया था सांप के डसने के बाद दोनों भाइयों को दर्द का एहसास हुआ पर जिन्होंने सांप को भागते देखा तो जानकारी हुई कि सांप ने दास लिया है पर जिन्होंने पहले झाड़ खूब सारी लेकिन फायदा ना मिलने पर कानपुर ले जाकर गणेश हॉस्पिटल में भर्ती कराया वहीं चार दिन बाद दोनों भाइयों को डॉक्टर ने ठीक कर मंगलवार को डिस्चार्ज कर भेज दिया परिजनों ने डॉक्टर व अस्पताल संचालक को धन्यवाद बोला।



# समदा में विदेशी पक्षियों के लिए बनेगा सेंटर

**कैफेटेरिया व पक्षियों की जानकारी देने के लिए भी बनेगा केंद्र**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या




पर्यटन के नजरिए से अयोध्या शहर को ही नहीं बल्कि जिले के आस-पास के इलाके को विकसित करने की कवायद शुरू हो गई है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर समदा झील को भी संवारने का काम चल रहा है। वैटलैंड होने के कारण झील में बाहरी पक्षियों को रोकने के लिए एक सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा झील को देखने के लिए पहुंचने वाले लोगों को पक्षियों की जानकारी दी जा सके इसके लिए एक और केंद्र के निर्माण पर विचार चल रहा है। साथ ही झील की ट्रिप पर फन बढ़ाने के लिए एक कैफेटेरिया भी खोला जाएगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इसका पूरा प्लान तैयार कर लिया है।

सोहावल तहसील में एक पौराणिक झील है। बताया जाता है कि यह प्रभु श्रीराम के समय से है। कालांतर में समदा नदी तो सूख गई, लेकिन कुछ अवशेष के रूप में झील रह गई। यह भी लंबे समय से उपेक्षित थी। अब योगी सरकार इसका जीर्णोद्धार करा रही है। सीएम योगी आद?त्यनाथ की कोशिश है कि अयोध्या से जुड़े पौराणिक स्थल गौरवशाली अतीत के साथ समृद्धशाली वर्तमान की कहानी सुनाएं। सरकार की ऐसी ही प्राथमिकता में शामिल समदा झील के दिन भी जल्द ही बहुरेंगे।

**दो करोड़ रुपये की है योजना**

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस झील की विशेषता यह भी है कि यहां स्थानीय पक्षियों के साथ प्रवासी पक्षियों (साइबेरियन, ऑस्ट्रेलियन व नेपाली) का भी जमावड़ा देखा जाता है। आसपास के जनपदों के लोग यहां के विहंगम दृश्य को देखने के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो झील के कायाकल्प के बाद यहां पक्षियों के लिए भी सुरक्षा का माहौल तैयार हो जाएगा। हाल ही में दो करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, जिसमें पक्षियों के लिए सेंटर, जानकारी देने के लिए केंद्र व कैफेटेरिया शामिल है। इसका डीपीआर शासन को भेज जा रहा है। मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

# आबकारी छापेमारी में पकड़ी गई अवैध शराब, दो को जेल

जन एक्सप्रेस। अमेठी




अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम धोकलपुर, बलाई का पुरवा, मठिया, हंसा का पुरवा एवं थौरी में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र तीन के थाना भालेसुल्तान शहीद स्मारक के अन्तर्गत ग्राम थौरी से लगभग पच्चीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 250 किलो लहन महुआ मौके पर नष्ट किया। इस कार्यवाही में दो अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए तथा दो अभियुक्तों को जेल भेजा गया।और थाना मुसाफिरखाना के अंतर्गत ग्राम हंसा का पुरवा में एक अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही आबकारी दुकानो का निरीक्षण भी किया गया एवं ग्रामवासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा रोड ढाबों की चेकिंग भी की गई। चन्द्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तीन व समस्त स्टाफ तथा पुलिस टीम भाले सुल्तान शहीद स्मारक की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई।

# हिन्दी साहित्य जगत के कहानीकार साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती मनाई गई

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




हिन्दी साहित्य जगत के सुप्रसिद्ध कहानीकार और उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर बाबू परमेश्वरी दयाल स्मारक सेवा समिति एवम् इदारा-ए-अहबाब के संयुक्त तत्वावधान में स्वराज नगर गुलाब रोड स्थित के0 एन0 लॉन में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता कृष्णानंद श्रीवास्तव अदीब ने किया, और संचालन गुलाम हैदर सिद्दीकी ने किया विशिष्ट अतिथि के रुप में मंच पर राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सलाहकार डॉ संतलाल तथा माजीद निसार आशती रहे।

हिंदी भाषा सलाहकार डॉ संतलाल ने कहा मुंशी प्रेमचंद को जो लोग खारिज करने में जुटे हैं मुंशी प्रेमचन्द ऐसा वट वृक्ष है जिसे समाज कभी ख़ारिज नहीं कर सकता जब तक शोषण व्याप्त है मुंशी प्रेमचन्द हमारे बीच में जीवित रहेगें

नज़र राय बरेलवी कहते हैं **कौन कहता है कि मर गए मुंशी, सबके दिल में उतर गए मुंशी।** प्रदीप मौर्य प्यारे ने तंज करते हुए कहा कि जब तक समाज में ऊंच नीच, अमीरी गरीबी, किसान, स्त्री विसंगति और आर्थिक असमानता की जड़ें फैलती रहेंगी तब तक प्रेमचन्द जैसे युगनिर्माता जन्म लेते रहेगें।

कार्यक्रम में हाजी हिदायततुल्ला शौक, गुलाम हैदर सिद्दीकी, गुलाम अहमद सिद्दीकी, अकबर खान, अज़ीज़ हसन सुदामा, रमजान अली सफीर, हफीज अमेठवी, कृष्ण कुमार अवस्थी श्याम, नज़र रायबरेलवी, जय चक्रवती, हाजी शमशुद्दीन अज़हर, रमाकांत यादव, दानिश रायबरेलवी और बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित होकर सभी ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। अंत में अध्यक्ष महोदय के वक्तव्य पर कार्यक्रम को अगले प्रोग्राम तक के लिए स्थगित घोषित किया गया। जनरल सेक्रेटरी के द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेंगे कमलेश चौधरी



जन एक्सप्रेस/रायबरेली। राजस्थान प्रान्त के माउण्ट आबू रोड में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में जनपद रायबरेली के वरिष्ठ समाजसेवी एवं महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सन्त गाडगे सेवक कमलेश चौधरी भाग लेने हेतु 13अगस्त को प्रस्थान करेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन राजस्थान के माउण्ट आबू रोड में ग्लोबल ऑडिटोरियम, मनमोहिनी हाल, ब्रह्मा कुमारी सेवा संस्थान, माउण्ट आबू रोड (राजस्थान) में सम्पन्न होगा। श्री चौधरी ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में महासंघ की केन्द्रीय कार्यकारी समिति के 2023-26 के कार्यकाल हेतु नासिक में हुये चुनाव के बाद महासंघ की केन्द्रीय कार्यकारी समिति में नियुक्त किये गये सभी पदाधिकारियों की नियुक्तियों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा तथा की गई नियुक्तियों को अनुमोदित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा तथा धोबी समाज जो कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में विभिन्न वर्गो में बंटा हुआ है।

# मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में टिकट के लिए संभावित उम्मीदवारों के बीच हलचल शुरू

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की हलचल शुरू हो गई है। यहां विधायक रहे अवधेश प्रसाद के सांसद निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। जिसके लिए प्रमुख राजनीतिक दलो भाजपा, सपा, बसपा द्वारा तैयारी शुरू की गई है। भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों के लिए मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। समाजवादी पार्टी जहां अपनी जीती हुई विधानसभा सीट को एक बार फिर अपने पाले में करने के लिए रणनीति बना रही है तो वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में दूसरे स्थान पर रही भाजपा लोकसभा चुनाव में हुई पराजय से सबक लेते हुए मिल्कीपुर उपचुनाव को जीतने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाह रही है। जिसके लिए जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक मंथन चल रहा है। और टिकट वितरण में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के अलावा जिले स्तर के पदाधिकारी की भी राय ली जा रही है। विधानसभा चुनाव के अपेक्षा लोकसभा चुनाव के दौरान सपा और भाजपा के बीच मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जीत हार का अंतर भी कम हुआ है। जिससे भाजपाई उत्साहित हैं। ब्राह्मण बाहुल्य मानी जाने वाली मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या भी काफी अधिक है। लोकसभा चुनाव में संविधान बचाने और आरक्षण के मुद्दों को लेकर विपक्ष द्वारा दलित और पिछड़ी जाति के मतदाताओं को एकजुट करने के प्रयास से भी भाजपा का नुकसान हुआ है। और पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में किए गए प्रदर्शन को भाजपा इस बार 2024 में नहीं दोहरा पाई है। लोकसभा चुनाव के दौरान बसपा का परंपरागत मत माने जाने वाला दलित और कोरी समाज का काफी मत सपा के पक्ष में ध्रुवीकरण हुआ है। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में दलित मतों का काफी हिस्सा भाजपा के पक्ष में गया था। लोकसभा चुनाव में स्वजातीय उम्मीदवार होने से भी सपा को दलित मतों को लेकर इसका फायदा मिला था। लेकिन अब विधानसभा उपचुनाव में परिस्थिति कुछ बदली बदली नजर आ रही है।अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में पासी समाज के मतदाताओं की संख्या के अलावा कोरी समाज के मतदाताओं की संख्या भी उपचुनाव में निर्णायक की भूमिका अदा कर सकती है। कोरी समाज के कई जागरूक लोगों का दर्द है कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट जबसे अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हुई है। यहां पर भाजपा और सपा के उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। लेकिन दोनों पार्टियों द्वारा हमेशा पासी समाज के की उम्मीदवारों को टिकट देकर कोरी समाज की उपेक्षा की गई है। इस बार उपचुनाव में टिकट वितरण में कोरी समाज के उम्मीदवार को मौका मिलना चाहिए। कोरी समाज का मत उपचुनाव में निर्णायक की भूमिका अदा करेगा। समाजवादी पार्टी और भाजपा से कई संभावित दावेदारों द्वारा उपचुनाव में टिकट के लिए अपना दावा पेश किया है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि समाजवादी पार्टी से सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र का दावा सबसे मजबूत है और उन्हें सपा से टिकट मिलने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। इससे सपा के अन्य दावेदारों में निराशा और कुछ नाराजगी हो सकती है।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के ऊपर अनुराग ठाकुर द्वारा अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस जनों ने जताया आक्रोश, फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा संसद में अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में रायबरेली कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता शहर से लेकर सभी ब्लॉक तहसीलों में जोरदार प्रदर्शन किया और अनुराग ठाकुर मुर्दाबाद के नारे लगाए साथ ही उन्हें बर्खास्त करने की मांग की गई और कांग्रेस जनों ने भाजपा सांसद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अनुराग ठाकुर द्वारा माननीय राहुल गांधी से उनकी जात पूछा जाना शर्मनाक है भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है देश जानता है साथ ही देश के लोग भी जानते हैं राहुल गांधी जी के परिवार ने देश के लिए कितनी कुर्बानियां दी हैं यह अशोभनीय टिप्पणी करके संसद की गरिमा को गिराया है जिसके लिए उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए इससे पूर्व में भी भाजपा सांसद द्वारा राहुल गांधी जी पर गलत बयान बाजी की गई है जातिगत जनगणना मामले पर भाजपा हताश और निराश है संसद में राहुल गांधी जी के लगातार सवाल करने से मोदी सरकार विचलित हो रही है सपा प्रमुख अखिलेश यादव के राहुल गांधी जी के समर्थन में बोले गए बयान की भी प्रशंसा की जनपद के सभी तहसीलों पर जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली ने विरोध प्रदर्शन किया तथा पुतला भी फूंका इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री वीरेंद्र यादव अजीत सिंह नौशाद खतीब अभय सिंह सूर्य कुमार बाजपेई मनोज मिश्रा आलोक विक्रम यादव महेश शर्मा जितेंद्र पासी प्रमोद बाजपेई सौरभ अवस्थी अशरफ खान कामतानाथ सिंह बृजराज पासी अंकुर सिंह चौधरी संतोष त्रिवेदी कामता गौड़ गिरीश सिंह राजकुमार द्विवेदी प्रदीप चौधरी अंकुर जायसवाल अखिलेश शुक्ला महेश शर्मा दिनेश यादव ओम त्रिपाठी शंभू नाथ पाल दल बहादुर सिंह ज्योति पासी सहित सभी नेताओं ने अपने-अपने ब्लॉक तहसीलों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपा और तमाम कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पत्नी ने ही रची पति की हत्या की साजिश, साला समेत दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसएसपी राजकरण नैय्यर ने थाना इनायतनगर क्षेत्र में हुई युवक की हत्या का किया खुलासा,पत्नी ने अपने भाई के साथ मिलकर पति की रची थी हत्या की साजिश, मृतक का साला व उसके दो मित्र गिरफ्तार, पत्नी फरार, साले और बहनोई ने मिलकर ली थी ट्रक, ट्रक की ईएमआई के फाइनेंस के रुपए व ट्रक को हड़पने के लिए साले ने रची थी साजिश, साजिश में पति की हत्या के लिए पत्नी भी हुई शामिल, हत्या के लिए दो मित्रों को भी किया शामिल, गोली मारकर की हत्या, शव को कार में रखकर थाना इनायतनगर के किसान इंटर कॉलेज के पास झाड़ी में था फेंका, साला रिंकू यादव व उसके दोनो मित्र गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कार बरामद, थाना पूराकलंदर के जिलौदीपुर भदोखर में है मृतक की ससुराल।

# बनारस से दिल्ली जाने वाली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 5 अगस्त तक निरस्त

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




बनारस से दिल्ली जाने वाली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 31 जुलाई से पांच अगस्त तक निरस्त रहेगी। रेलवे ने रोजा जंक्शन पर मरम्मत कार्य के लिए जारी ब्लॉक के बाद ट्रेन का परिचालन निरस्त कर दिया है। ट्रेन निरस्त होने से दिल्ली के यात्रियों की परेशानी बढ़ जाएगी। पहले से बर्थ आरक्षित कराने वाले यात्रियों को टिकट निरस्त करवाने के साथ ही नए टिकट की व्यवस्था करनी पड़ेगी।

लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी रेल ट्रैक पर प्रतिदिन संचालित काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से प्रतापगढ़, अमेठी, गौरीगंज, जायस व बछरावां स्टेशन से बड़ी संख्या में लोग दिल्ली सहित अन्य स्थानों की यात्रा करते हैं। वहीं दैनिक यात्री भी शाम को लखनऊ व रायबरेली जाते हैं। इन यात्रियों को आगामी 31 जुलाई से पांच अगस्त तक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रोजा जंक्शन में मरम्मत कार्य के लिए जारी ब्लॉक के बाद रेलवे ने वाराणसी-दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस को 31 जुलाई से चार अगस्त व दिल्ली-वाराणसी काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस को एक अगस्त से छह अगस्त तक निरस्त कर दिया है।

विभाग का आदेश सार्वजनिक होने के बाद पहले से टिकट बुक करवा चुके यात्रियों को आरक्षित टिकट निरस्त करवाकर दूसरे तिथि का टिकट बुक करवाना पड़ रहा है। निरस्तीकरण अवधि में दैनिक यात्रियों के साथ अन्य यात्रियों को आवागमन में परेशानी होगी। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि ट्रेन निरस्त होने की सूचना का प्रचार-प्रसार करवाया जा रहा है। सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक यात्री अपना टिकट निरस्त करवा सकते हैं। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस निरस्त होने के बाद भी यात्रियों को पद्मावत सहित दिल्ली के लिए संचालित अन्य ट्रेन से परिवहन की सुविधा मिलेगी। यात्री अन्य ट्रेन से अपना टिकट बुक करवा सकते हैं।

# डीएम ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर व्यक्त की नाराजगी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कांवड़ यात्रा श्रावण झूला मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अब तक की गयी तैयारियों के सम्बंध में मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि मेले में आने वाले श्रद्वालुओं/कांवड़ियों की स्फटिक शिला पार्किंग स्थल पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था नही है जिस पर अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि स्थल पर एलईडी/हाईमास्क लाइट लगाकर स्थायी विद्युत व्यवस्था करें तथा अपर जिलाधिकारी नगर मेलाधिकारी आवश्यकतानुसार अस्थायी प्रकाश व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही लखनऊ-गोरखपुर हाईवे-27 साकेत पुल के दाहिने पार्किंग स्थल जाने वाले मार्ग पर गड्ढों को अविलम्ब समतल कर भरने के लिए सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बूथ नम्बर 4 पुल के नीचे एन0एच0ए0आई0 द्वारा अण्डर ग्राउण्ड विद्युतीकरण करने हेतु गड्ढा खोदने का कार्य किया जा रहा है, जिसको शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा, जिस पर उन्होंने एन0एच0ए0आई0 के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा/श्रावण झूला मेले के दृष्टिगत उक्त आवागमन मार्ग को अनावश्यक रूप से बाधित न करें। उन्होंने हलकारा का पुरवा निकट आदित्य भवन के पास निरीक्षण में पाया कि कई पेड़ों की डालियां सड़क पर लटकी हुई है, जिससे कांवड़ यात्रियों के वाहन को आवागमन में कठिनाई होगी, जिस पर अपर नगर आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया कि कटाई छटाई का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण आख्या प्रस्तुत करें। परिक्रमा मार्ग निकट बड़ा भक्त माल के निर्माणाधीन भवन के पास सड़क की पटरी पर गड्ढा खुदा हुआ है और गिट्टी भी रखी हुई है जिस पर सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड-4 द्वारा बताया गया कि जी0एच0बी0 कार्य शीघ्र करा दिया जायेगा। निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा गया कि जल्दबाजी में काम न करें। कार्य मानक की विशिष्टियों के अनुरूप कराया जाय। अन्य बरसात के समय मार्ग बैठ जायेगा और गड्ढा दिखेगा। कार्य की गुणवत्ता मानक की विशिष्टियों के अनुरूप न पाये जाने पर व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित कर अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा मार्ग व मेला क्षेत्र में जहां-जहां बरसात के कारण गड्ढे हो गये है उन्हें तत्काल ठीक करवायें तथा जहां-जहां सम्बंधित विभाग द्वारा यात्रा मार्गो पर जो भी निर्माण कार्य चल रहे है शीघ्र पूरा करें जिससे कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हों। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिये कि जहां-जहां जलभराव, गंदगी आदि की समस्या हो उसका भी समाधान सुनिश्चित करें।

## प्रभु श्रीराम की प्रेरणा से कर रहे हैं मानव जाति की सेवा: रामकुमार दास

जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम। भगवान श्री राम जी की नगरी में संत महंत, दीन दुखियों की जिस तरह से सेवा कर रहे है उतना शायद एक वेतन पाने चिकित्सक भी उतना तन मन और धन से नही कर सकता लेकिन अस्वस्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकुमार दास जी महाराज ने बहुत से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज के साथ दवा, भोजन व रहने की व्यवस्था अपने स्तर से कर रहे है द्य जिसमें तमाम कुष्ठ रोगी , जले, कटे दीन दुखी निर्धन इत्यादि के लिए रामकुमार दास जी महाराज अपने निजी खर्च से लोगों की सेवा कर रहे हैं द्य अस्वस्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकुमार दास जी महाराज जी द्वारा गरीब वृद्ध मानव मात्र के ओपरेशन पथ्य सेवा, उपचार वस्त्र साबुन तेल इत्यादि जो दैनिक उपयोग की वस्तुएँ है उनको उपलब्ध करते है द्य लावारिस गौबंस उपचार इत्यादि के लिए भूसा चारा पानी इत्यादि की व्यवस्था द्य श्री जानकी वृद्धआश्रम सेवा , पतंजलि योग सेवा, प्रस्तावित 500 सैया का जानकी सेवा हॉस्पिटल निर्माण, गौशाला निर्माण, यूट्यूब भाई चारा विकासी सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सभी की सेवा में लगे हुए है।

# अयोध्या की रामलीला का छठा संस्करण

**रवि किशन केवट की भूमिका व मनोज तिवारी- 'परशुराम' की भूमिका राजा मुराद 'राजा दशरथ' की भूमिका**

जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम



अयोध्या की रामलीला में गोरखपुर के सांसद और सुपरस्टार रवि किशन - **केवट** की भूमिका, और सांसद भोजपुरी के सुपरस्टार मनोज तिवारी- **परशुराम** की भूमिका रजा मुराद- **राजा दशरथ** की भूमिका और बॉलीवुड स्टार भाग्यश्री- **वेदमाती** की भूमिका निभाएंगी। और पदम श्री मालिनी अवस्थी - **मां शबरी** की भूमिका निभाएंगी। वेद सागर और मंगिशा- **भगवान राम और मां सीता** की भूमिका निभाएंगी। अयोध्या में भगवान राम की जन्म भूमि में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, अयोध्या की रामलीला के फाउंडर अध्यक्ष (सुभाष मलिक) और महासचिव (शुभम मलिक) ने कहा, अयोध्या की रामलीला इस बार 01 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक श्री राम की जन्मभूमि से लाइव देखें दूरदर्शन पर।

अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी) और महासचिव शुभम मलिक ने बताया कि, अयोध्या की रामलीला में गोरखपुर के सांसद और सुपरस्टार रवि किशन केवट की भूमिका निभाएंगे और संसद के भोजपुरी के सुपरस्टार मनोज तिवारी परशुराम की भूमिका निभाएंगे। वेदमाती की भूमिका में भाग्यश्री नजर आएंगी। वेद सागर- **भगवान राम** की भूमिका में और मंगिशा **मां सीता** की भूमिका में नजर आएंगी और बॉलीवुड स्टार की भाग्यश्री वेदमाती और पदम श्री मालिनी अवस्थी मां शबरी की भूमिका निभाएंगी और भाग्यश्री वेदमती मां सीता की भूमिका निभा चुकी है और मां शबरी की भी भूमिका निभा चुकी है। और भाग्यश्री जी हर बरस भगवान राम के दर्शन करने अयोध्या आती हैं। और जानी-मानी हीरोइन मांगिशा जी वह **मां सीता** की भूमिका निभाएंगी और बिंदू दारा सिंह- **भगवान शंकर** रजामुराद- **राजा दशरथ** , राकेश बेदी- **राजा जनक**, विनय सिंह- **कुंभकरण**। नरेश कौशीक- **नारद मुनि**, किशन भारद्वाज- **भगवान हनुमान** की भूमिका निभाएंगे।

अनिमेष मंडा- **शत्रुघ्न** की भूमिका निभाएंगे चंदन कुमार विभिन्न भूमिका निभाएंगे। राकेश बेदी- **राजा जनक** की भूमिका निभाएंगे। जाने माने बॉलीवुड के एक्टर मनीष शर्मा **रावण** की भूमिका निभाएंगे। और जानी-मानी हीरोइन बॉलीवुड की शीबा जिन्होंने सलमान खान के साथ अक्षय कुमार के साथ कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। दुनिया की पहली रामलीला जिसमें इतने बड़े कलाकार काम कर रहे हैं,। अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। जिसकी प्रशंसा मान्य प्रधानमंत्री जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी भी कर चुके हैं। साथ अयोध्या की रामलीला को देखने कई गण मन ने व्यक्ति देश-विदेश से पहुंचेंगे और कई साधु संत भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या की रामलीला देखने आ रहे हैं। रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। पिछले साल अयोध्या की रामलीला को 36 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखी थी । इस साल हमारी कोशिश है, कि 50 करोड़ से ज्यादा राम भक्त अयोध्या की रामलीला में सभी पत्रकारों को धन्यवाद करता हूं उनकी अयोध्या की रामलीला में अहम भूमिका होती है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 27°C |
| कानपुर | 33°C | 27°C |
| देहरादून | 29°C | 25°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 27°C |

# यूपी में कूड़ा प्रबंधन क्षमता को दोगुना करने की तैयारी

- प्रतिदिन 12 हजार टन अतिरिक्त सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट क्षमता बढ़ाएगी योगी सरकार
- फिलहाल 15 हजार टन सॉलिड वेस्ट को किया जाता है प्रतिदिन प्रॉसेस
- 711 एमआरफ सेंटरों के जरिए कूड़े को प्रॉसेस करके कहीं सड़कें तो कहीं पार्क बना रही सरकार
- लखनऊ में वेस्ट टू वंडर पार्क के रूप में विकसित किया गया है 'यूपी दर्शन पार्क'
- आगरा, गोरखपुर और मीरजापुर सहित विभिन्न जनपदों में बनाए गये हैं वेस्ट टू वंडर पार्क



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बढ़ते शहरीकरण के साथ ही सॉलिड और लिक्विड वेस्ट का प्रबंधन भी पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इसे ध्यान में रखते हुए कूड़ा प्रबंधन क्षमता को दोगुना करने की तैयारी में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप शहरों से प्रतिदिन निकलने वाले हजारों टन कूड़े को प्रॉसेस करके न केवल सड़कें बनाई जा रही हैं, बल्कि वेस्ट टू वंडर योजना के तहत पार्कों का भी निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने विधानसभा में विस्तार से जानकारी दी है। प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिड वेस्ट को प्रॉसेस करते हुए इनसे सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। लखनऊ में न्यू हाईकोर्ट और पुलिस मुख्यालय की रोड को अर्बन वेस्ट को प्रॉसेस करके बनाया गया है। कूड़े को प्रतिदिन घरों से उठाकर एमआरएफ सेंटर में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और एयर प्रेशर से प्रॉसेस किया जाता है। प्रॉसेस्ड मैटेरियल का तीन प्रकार से उपयोग होता है। इसमें प्राइवेट वेंडर्स को प्लास्टिक का री-यूजेबल मैटेरियल देना, सड़कें बनाना और वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने में उपयोग शामिल है। राजधानी लखनऊ में पांच एकड़ में वेस्ट टू वंडर पार्क के रूप में यूपी दर्शन पार्क का निर्माण हुआ है, जो कूड़े के प्रबंधन का उत्कृष्ट मिसाल है। इसके अलावा हैपिनेस पार्क और आगरा, गोरखपुर, मीरजापुर सहित अन्य नगरों में वेस्ट टू वेंडर पार्क का निर्माण किया गया है।

**यूपी में प्रतिदिन निकलता है 20 हजार टन कूड़ा**

उन्होंने बताया कि कूड़ा प्रबंधन के मामले में उत्तर प्रदेश बेहतर स्थिति में है। इसके अलावा प्रदेश के नगरों की एयर क्वालिटी भी देश के तमाम शहरों से बहुत अच्छी है। प्रदेश में प्रतिदिन 20 हजार टन सॉलिड वेस्ट निकलता है, हालांकि अभी फिलहाल 15 हजार टन सॉलिड वेस्ट को प्रॉसेस किया जाता है। बताया कि सरकार इस क्षमता को तकरीबन दोगुना करते हुए 12 हजार टन प्रतिदिन का इजाफा करने जा रही है। प्रदेश में फिलहाल 933 एमआरएफ सेंटर हैं, जिनमें से 711 कार्यरत हैं, जहां सॉलिड वेस्ट को प्रॉसेस करने का कार्य हो रहा है।

## राज्यपाल की युवाओं को नए स्टार्टअप बनाने की प्रेरणा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में इन्नोवेशन हब डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की स्टार्ट अप प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उनके प्रस्तुतीकरण को देखा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन के गांधी सभागार में उपस्थित विश्वविद्यालय के युवा इन्नोवेटर्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप की दुनिया बहुत अच्छी है। इसका उद्देश्य समाज की समस्याओं को जानना, तकनीक के माध्यम से उसका उचित समाधान प्रस्तुत करना, स्वच्छता तथा आय सृजन आदि है। उन्होंने कहा कि युवाओं के पास बुद्धि और कौशल है जिसे सही दिशा में लगाया गया है। शक्ति, बुद्धि और कौशल से आगे बढ़ते रहिए। इस क्रम में राज्यपाल ने नए स्टार्ट अप हेतु कई सुझाव भी दिए। उन्होंने गंदे पानी को शुद्ध करने, नाई की दुकान में इकट्ठा होने वाले बाल की उपयोगिता आदि के संदर्भ में नए स्टार्टअप बनाए जाने के सुझाव दिए। राज्यपाल ने कहा कि स्टार्ट अप के माध्यम से अनुपयोगी चीजों को उपयोगी बनाये, इसके लिए राजभवन की तरफ से हर संभव मदद की जाएगी। उन्होने कहा कि स्टार्ट अप को बढ़ावा दिए जाने हेतु सरकार की संचालित योजनाओं का भी लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टार्ट अप समाजोपयोगी, प्रदूषण रहित, आय सृजक आदि उद्देश्यों की पूर्ति करने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय व अन्य संस्थाएं स्टार्ट अप के प्रोडक्ट को खरीद कर उसे प्रमोट करें ।

इस अवसर पर कुलपति एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर जेपी पांडेय ने कहा कि स्टार्ट अप की वजह से आगे आने वाले वर्षों में देश विकसित हो सकेगा। राजभवन में स्टार्ट अप प्रदर्शनी डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई। इन प्रमुख स्टार्ट अप में स्कूल विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक्स रोबोटिक और ड्रोन का प्रशिक्षण हेतु फ्यूचर गुरुकुल एजुकेटेड प्राइवेट लिमिटेड, सोलर स्मार्ट बिन, महिला सुरक्षा के लिए पिंक शक्ति एप, हस्त निर्मित उत्पादों हेतु हस्तकला प्रमाणिक, विद्यार्थियों के डिजिटल हेल्थ कार्ड हेतु स्टुफिट का स्कूल ऐप प्रोग्राम, आत्मनिर्भर आधुनिक गौशाला, बिजेंद्र गोशाला, स्कूल कंपनी, बैंक के यूनिफॉर्म हेतु टेक्स 3 डी इन्नोवेशन, अनुपयोगी पानी से बिजली तैयार करने हेतु स्टार्ट अप, रेंजर इंडस्ट्रियल प्राइवेट लिमिटेड, खामोश जुबान की नई आवाज हेतु साइनिफाई, महिला सुरक्षा हेतु शक्ति एप, फेटबॉक्स, अल्युमिनियम आयन बैटरी हेतु आर्यो ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड, सोलर पैनल, हीटर आदि के इस्तेमाल से हंस तारा ईंट, वसुंधरा बायो फाइबर्स तथा कचरा एकत्रीकरण हेतु कचरा सेठ आदि स्टार्टअप का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे भी उपस्थित रहे।

## कजरी महोत्सव : कार्यशाला के आखिरी दिन अभ्यास पी.ए.सी.35 वीं वाहिनी में सम्पन्न हुआ



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा कजरी महोत्सव के तहत कार्यशाला के सातवें व आखिरी दिन का अभ्यास पी.ए.सी.35वी वाहिनी में सम्पन्न हुआ।जिसमें विभिन्न प्रकार जैसे बनारसी कजरी,देश भक्ति कजरी सिखाई गई। संस्था की संरक्षक भावना शुक्ला ने बताया कि कजरी की अनेकों विधाओ के गीत सिखाया जा रहा है, जिसमें आज घरवां से निकसी ननद भौजइया गजब ढावे ननदी..बंसी बाज रही वृंदावन झूले राधा...मोरे चरखा कै टूटे ना तार...इत्यादि सहित लगभग 15 गीतों का अभ्यास हुआ। कार्यशाला की अध्यक्ष आभा शुक्ला ने बताया कि, नीलम,माधुरी सिंह, अंजलि, लता,माधुरी सिंह, शिखा श्रीवास्तव, शशि सिंह, सीमा, दीपिका, सुरुचि, अमिता, निकिता, सुषमा, कविता, प्रतिमा त्रिपाठी, वीना सक्सेना, रेखा मोहन, सरिता अग्रवाल सहित सभी महिलाओं नेअभ्यास किया।संगतकर्ता के रूप मे आकाश तिवारी व प्रदीप रहे,साथ ही लगभग 25से30लोग सीख रही है। इस कार्यशाला की प्रस्तुतीकरण 1 अगस्त 2024 को पी.ए.सी. 35 वीं वाहिनी में होगा संस्था के संयोजक गगन शर्मा ने बताया कार्यशाला उपरान्त पांच दिवसीय कजरी महोत्सव होगा जो महानगर के अनेक क्षेत्रों में होगा संस्था के संयोजक गगन शर्मा सहित सभी लोंगों ने ऐसे कार्यक्रम के लिए सरकार से सहयोग की गुहार लगाई है।

## योगी सरकार का निर्देश, प्रदेश में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार हो सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति

- ग्रामीण क्षेत्र में 18 घण्टे, तहसील मुख्यालय पर 21:30 घण्टे व जनपद मुख्यालय स्तर पर 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति के दिए गए निर्देश
- विद्युत आपूर्ति के बीच होने वाली समस्या की भरपाई रोस्टर के दौरान अतिरिक्त आपूर्ति देकर की जाए
- व्यवस्था को सभी डिस्कॉम अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्रों में लागू करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: ऊर्जा मंत्री



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भीषण गर्मी और उमस के बीच प्रदेश की जनता को समस्या न हो, इसके लिए योगी सरकार ने निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया गया है कि शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति के बीच होने वाली विद्युत् समस्या की भरपाई रोस्टर के दौरान अतिरिक्त अपूर्ति देकर पूरी की जाए। किसानों को न हो सिंचाई में समस्या नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में 18:00 घण्टे, तहसील मुख्यालय स्तर पर 21:30 घण्टे व जनपद मुख्यालय स्तर पर 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति का शिड्यूल प्रदेश सरकार ने निर्धारित किया है, जिसे हर हाल में बनाए रखना है। किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के दौरान यदि कोई स्थानीय फाल्ट के कारण कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, तो उसकी भरपाई रोस्टर कटौती के दौरान अतिरिक्त आपूर्ति देकर की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव में सुबह 06 से 09 बजे के बीच व अपरान्ह 12 से 03 बजे के बीच रोस्टिंग तय की गई है और इसी दौरान सुबह 09 से 12 बजे के बीच स्थानीय फाल्ट के कारण 02 घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो दोपहर 12 से 03 बजे के बीच में 02 घण्टे की अतिरिक्त विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था कर ली जाए, जिससे उस क्षेत्र में कुल 18 घण्टे की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही बाधित सप्लाई के बदले प्रतिपूरक आपूर्ति की यही व्यवस्था कृषि फीडरों पर भी लागू होगी, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए समस्या न हो। इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से सभी डिस्कॉम अपने क्षेत्रों में लागू करेंगे, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### समीक्षा




प्रिय बिक्रम सिंह जी मैंने आपका उपन्यास मऊ जंक्शन पढ़ा। इस उपन्यास में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का कथ्य बखूबी लिखा गया है। उपन्यास के पात्र वास्तविकता के धरातल पर अपने आस-पास मौजूद से लगते हैं। दोनों यारों श्यामलाल और राजेश की दोस्ती बेमिसाल है। एक अच्छे विद्यार्थी को गांव में ले जाकर उसे खेती गृहस्थी में फंसा देना उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ तो है परंतु उसका अपनी प्रतिभा और परिश्रम के दम पर राजनीति में एक मुकाम हासिल करना प्रशंसनीय भी है। शिक्षा के महत्व को कहानी में अच्छे से उभारा गया है। गांव की एक ज्वलंत समस्या जिसमे दूसरे की जमीन पर कब्जा करते हैं और व्यवस्था की सांठ गांठ से अगले को भूमि विहीन करते हैं को रोचक तरीके से पेश किया है। राजनीति में अच्छे पद पर पहुंच कर भी अपने दोस्त की दोस्ती को बचपन की उसी वरीयता पर रखना कृष्ण-सुदामा के उदात्त मित्रता का हल्का सा आभास कराती है और आज के भौतिकवादी समाज के रिश्तों पर गंभीर दृष्टिपात भी करती है। नौकरी करते हुए इतनी रोचक और पठनीय उपन्यास लिखने के लिए आप साधुवाद के पात्र हैं।
अंत में आपकी कलम सतत चलती रहे इसी कामना के साथ........

**मयंक पाण्डेय**
अपर आयकर आयुक्त , वापी पलायन, पीड़ा, प्रेरणा किताब के लेखक

**उपन्यास**- मऊ जंक्शन
**लेखक**- विक्रम सिंह
**प्रकाशन**-अद्विक पब्लिकशन
**मूल्य** -210 रुपये (पेपरबैक)

## नगर निगम जोन 6 की सरकारी जमीन को सुरक्षित कराने में सदर तहसील नहीं करता सहयोग

- नगर निगम द्वारा सदर तहसील को पत्र भेजने के बावजूद भी निर्धारित तारीख पर नहीं पहुंचती सदर राजस्व टीम

जन एक्सप्रेस। अभिमन्यु कुमार रावत


लखनऊ नगर निगम

**लखनऊ।** नगर निगम जोन 6 के ग्राम मल्हपुर में खसरा संख्या 385 रकबा 0.063हे. जो राजस्व अभिलेखों में प्राचीन परती के नाम दर्ज है, ग्राम मल्हपुर के सूत्रों ने बताया कि कुछ तथाकथित लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं, कब्जे की जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को हुई तो तत्काल नगर निगम द्वारा सदर तहसील की टीम गठित कर और निर्धारित तारीख 30 जूलाई की पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन निर्धारित तारीख पर नगर निगम टीम तो पहुंच जाती है पर सदर तहसील की राजस्व टीम नहीं पहुंचती जिसके चलते सरकारी जमीन नहीं हो पाती सुरक्षित।

> "अधिकतर तहसील का स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचता यदि मौके पर पहुंचते हैं तो संयुक्त सीमांकन नहीं करते और स्थल मेमो बनाकर प्रकरण को आगे बढ़ा देते हैं, जिससे नगर निगम की जमीन की छती होती है - **अनुपम कुमार**, नगर निगम जोन 6

> "राजस्व टीम व फोर्स ना मिलने से नहीं हो पाई पैमाइश और राजस्व टीम का आना जरूरी होता हैं, अगली डेट लगाकर समाधान कराता हूं - **रत्नेश कुमार श्रीवास्तव**, नायब तहसीलदार नगर निगम

> "हम जब बुलाते हैं तो नगर निगम खुद नहीं आता, हो सकता है कि क्षेत्रीय अधिकारी की कही व्यवस्था के कारण ना पहुंच सकें हो, यदि कहीं बहुत जरूरी पैमाइश या कब्जा मुक्त कराने की कोई कार्यवाही हो तो वह मुझे फोन कर के अवगत करा सकते हैं मैं अपनी राजस्व टीम भेज दूंगा। - **अंकित शुक्ला**, उपजिलाधिकारी सदर

## महिगवां पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के महिगवां थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से लगभग चार वारंटियों को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। बता दें कि पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा अपराधियो एवं वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त उत्तरी अभिजित आर. शंकर व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जितेन्द्र कुमार दूबे के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी सुजीत कुमार दुबे के निर्देशन एवं महिगवां थानाध्यक्ष शिवमंगल सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम उ0नि0 अतुल कुमार, उ0नि0 अंसार अहमद, का0 शिशु सागर, का0 कमलेश कुमार ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देना, चेक द्वारा भुगतान न करना, बिजली की चोरी करना, जैसे मुकदमों में न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू में इलमाश, अशरफ, राममिलन, बिन्द्रा प्रसाद को न्यायालय द्वारा जारी अधिपत्र दिखाकर गिरफ्तार कर लिया। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वाद सं0 2422/09 अ0स0 181/2000 धारा 323/336/504 /506 भादवि थाना इटौंजा से सम्बन्धित अभियुक्त इलमाश पुत्र कमालू उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया महिगवां,अशरफ पुत्र कमालू उम्र करीब 42 निवासी ग्राम ग्राम उमरिया महिगवां को उनके घर से तथा वाद सं0 102/21 अ0स0 678/18 धारा 138 (1) क्र थाना बीकेटी से सम्बन्धित अभियुक्त राममिलन पुत्र भीखाराम निवासी ग्राम बराखेमपुर महिगवां उम्र करीब 40 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम बराखेमपुर के बाहर बनी नहर की पुलिया से व वाद सं0 2596/19 अ0स0 171/18 धारा 138 क्र थाना बीकेटी से सम्बन्धित अभियुक्त बिन्द्रा प्रसाद पुत्र पन्नालाल निवासी ग्राम परसऊ थाना महिगवां उम्र करीब 46 वर्ष को उनके घर से न्यायालय द्वारा जारी गिरफ़्तारी अधिपत्र दिखाते हुए पुलिस हिरासत मे लिया गया तथा अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया है।

## यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कई आईपीएस इधर उधर

- कुशीनगर के एसपी धवल जायसवाल को अब फतेहपुर की कमान सौंपी गई है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अफसरों के तबादलों का दौर चल रहा है। जुलाई महीने के खत्म होने से पहले राज्य की योगी सरकार ने आठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। दो जिले फतेहपुर और कुशीनगर के पुलिस कप्तान बदले गए है। दो जिले क्रमशः फतेहपुर और कुशीनगर के पुलिस कप्तान भी बदले गए है।फतेहपुर के एसपी उदयशंकर सिंह हटाकर एसपी ट्रेनिंग एंड सिक्योरिटी लखनऊ बनाया गया है। कुशीनगर के एसपी धवल जायसवाल को अब फतेहपुर की कमान सौंपी गई है। गाजियाबाद के डीसीपी शुभम पटेल को हटाकर एसपी इंटेलिजेंस मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है।संतोष मिश्रा को एसपी कुशीनगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभिषेक यादव को एसपी रेलवे प्रयागराज और अजय कुमार को सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ बनाया गया है।श्रद्धा नरेंद्र पांडेय को 38वीं वाहिनी पीएमसी अलीगढ़ में कमांडेट बनाया गया है। विवेक चंद्र यादव को अपर पुलिस आयुक्त. पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज भेजा गया है।

## योगी के लिए केशव ने छोड़ी सीट, ब्रजेश पाठक ने की बात

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दोनों ही डिप्टी सीएम योगी से नाराज हैं और यूपी बीजेपी में एक बड़ी फूट हो गई है। इन सवालों पर विधानसभा सत्र के पहले दिन ही विराम लग चुका था जब दोनों डिप्टी सीएम मुख्यमंत्री के साथ खड़े हुए थे। आज भी जब विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सीएम योगी विधान परिषद पहुंचे। सीएम को देखते ही डिप्टी सीएम के?शव मौर्य खड़े हुए। उन्होंने सीएम के लिए अपनी सीट छोड़ दी। इसके बाद दोनों नेता अलग-बगल बैठे।यही नहीं नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के सवालों पर जवाब देने से पहले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएम योगी से बातचीत की। इस दौरान केशव मौर्य मुस्कराते हुए सीएम की ओर देखते रहे। विधानसभा में सपा विधायक अनिल प्रधान ने कहा, अगर ऊर्जा मंत्री किसी गांव में चले जाएं। ये बात वहां के लोगों पता चल जाए कि ये ऊर्जा मंत्री हैं, तो उन्हें बैठा लेंगे, जाने नहीं देंगे।विधानसभा में बिजली समस्या को लेकर घिरी सरकार। बिजली कटौती को लेकर विपक्ष ने ऊर्जामंत्री एके शर्मा को घेरा।ऊर्जा मंत्री एके सिंह से बोले सपा विधायक अनिल प्रधान। सरकार पैसा देने के बावजूद नहीं दे पा रही बिजली उपकरण।

## सात नए मेडिकल कॉलेजों को मिला लेटर ऑफ परमीशन इसी सत्र से शुरू होगी पढ़ाई, हुईं 10500 एमबीबीएस सीटें

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन को सुदृढ़ करने के प्रयास में जुटी योगी सरकार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि नेशनल मेडिकल कमीशन, नई दिल्ली की ओर से प्रदेश के 7 नये मेडिकल कॉलेजों में इसी सत्र (वर्ष 2024-25) से एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने को लेकर हरी झंडी मिल गई है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 13 नये मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात की थी, जिसके बाद के सात सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए लेटर ऑफ परमीशन जारी कर दिया है। वहीं बचे हुए 6 मेडिकल कॉलेज की ओर से एनएमसी में दोबार अपील की जाएगी, विभाग की मानें तो है इन्हें भी जल्द लेटर ऑफ परमीशन प्राप्त हो जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में सीटों को बढ़ाने की अनुमति भी प्राप्त हुई है। इनमें सरकारी, प्राइवेट और पीपीपी मॉडल पर संचालित मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। इसके बाद प्रदेश का मेडिकल शिक्षा विभाग इस शैक्षणिक सत्र में 10 हजार 500 एमबीबीएस सीटों पर काउंसिलिंग कराने की तैयारी में जुट गया है। मेडिकल शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात और ललितपुर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए लेटर ऑफ परमीशन जारी किया गया है। इन सातों मेडिकल कॉलेज में 600 एमबीबीएस सीटों पर काउंसिलिंग कराई जाएगी। इसके अलावा आगरा और मेरठ के राजकीय मेडिकल कॉलेजों को क्रमशः 72 और 50 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि की गई है। इसके बाद आगरा मेडिकल कॉलेज में 200 और मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 150 सीटें हो गई हैं।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# महाराष्ट्र के राजभवन में 'तमिलनाडु के मोदी'

**सीपी राधाकृष्णन के पिता जी बेहद सहज थे। वे जीवन बीमा निगम के लिए काम करते थे। उनकी पत्नी गृहिणी हैं, टेक्सटाइल इंजीनियरिंग करके कोयंबटूर में पारिवारिक होजरी और स्पिनिंग प्रोडक्शन का कारोबार देखता है। सीपी की एक बेटी भी है। जो अपनी पारिवारिक जिंदगी में व्यस्त है। कांग्रेसी परिवार में जन्म लेकर समाजवादी धारा की राजनीति के जरिए बीजेपी में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराते हुए देश की आर्थिक राजधानी के राजभवन पहुंचना मामूली बात नहीं है। मौजूदा माहौल में महाराष्ट्र की राजनीति राज्यपाल के बेहद चुनौतीपूर्ण है।**

*राजनीति के केंद्र में स्थापित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व विराट होकर उभरा है, इसके साथ यह भी सच है कि उनकी खास पहचान उनकी दाढ़ी है। साल 2013 में जब बीजेपी ने मोदी को प्रधानमंत्री पद का अपनी ओर से दावेदार बनाया था, उन्हीं दिनों एक तमिल टीवी पर चर्चा में तमिलनाडु के बीजेपी का एक चेहरा भी शामिल हुआ था। उस नेता ने अपनी पार्टी का दमदार तरीके से पक्ष रखा। उसका कार्यक्रम का ऐसा प्रभाव रहा कि उन्हें दर्शकों ने तमिलनाडु के मोदी के रूप में पुकारना शुरू कर दिया। तमिलनाडु के वही मोदी अब महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। जी हां, आपने ठीक समझा, तमिलनाडु के लोग सी पी राधाकृष्णन को तमिलनाडु के मोदी के रूप में भी जानते हैं। 1998 और 1999 के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीदवार के रूप में तमिलनाडु की कोयंबटूर सीट से लोकसभा पहुंच चुके सीपी राधाकृष्णन को दक्षिण भारतीय जहां सीपी के नाम से जानते हैं, वहीं उत्तर भारत में अब वे राधा जी के नाम से भी जाने जाते हैं। शुद्ध शाकाहारी और पूजा-पाठ में श्रद्धा रखने वाले सीपी राधाकृष्णन को पहली बार महत्वपूर्ण राजकीय पद साल 2023 में मिला, जब उन्हें मोदी सरकार ने झारखंड का राज्यपाल मनोनीत किया। 12 फरवरी 2023 का दिन उनके लिए खुशी और निराशा, दोनों का मौका बनकर आया। जब मोदी सरकार ने उन्हें खनिज और प्राकृतिक संपदा से भरपूर झारखंड राज्य का राज्यपाल का दायित्व मिलना मामूली बात नहीं, लेकिन 66 साल की उम्र राजनीति में बहुत ज्यादा नहीं मानी जाती। सीपी इस बात से किंचित निराश थे कि अब उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर होना पड़ेगा। वैसे सीपी की दिली चाहत सक्रिय राजनीति में रहते हुए महत्वपूर्ण राजनीतिक दायित्व को निभाना रहा है। सीपी राधाकृष्णन की बीजेपी की राजनीति में क्या अहमियत है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते आम चुनावों से ठीक पहले जब तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सोंदरराजन ने इस्तीफा देकर चेन्नई से चुनाव लड़ने का फैसला किया तो तेलंगाना के राज्यपाल का प्रभार सीपी को ही मिला। इतना ही नहीं, उन्हें पुदुचेरी के उपराज्यपाल की भी जिम्मेदारी दी गई। एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी बहुत कितने लोगों को मिल पाई है? सीपी राधाकृष्णन का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ, जहां कांग्रेस का बोलबाला था। उनके चाचा कोयंबटूर से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य रहे। सीपी बताते हैं कि पहली बार वे दिल्ली अपने चाचा के पास ही आए थे और उनके घर पर रहकर ही दिल्ली देखी थी। चार मई 1957 को तमिलनाडु के त्रिपुर में जन्मे राधाकृष्णन कांग्रेसी पारिवारिक पृष्ठभूमि होने के बावजूद कांग्रेस की बजाय समाजवादी युवा आंदोलन से जुड़े। जनता पार्टी के दौर में तमिलनाडु में पार्टी अध्यक्ष रहे इरा सेझियन से सीपी राधाकृष्णन का गहरा नाता रहा। 1983 की जनवरी में तत्कालीन जनता पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर ने भारत यात्रा शुरू की थी। तब तमिलनाडु में उनकी यात्रा से जुड़े आयोजनों की व्यवस्था में 28 वर्षीय युवा सीपी ने अहम भूमिका निभाई। तब चंद्रशेखर की उन पर नजर पड़ी। बाद में रोजगार के लिए होजरी के कारोबार से जुड़े सीपी का नाता शरद यादव से भी रहा। राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार के दौरान शरद यादव कपड़ा राज्यमंत्री थे। उन दिनों उन्होंने कोयंबटूर का दौरा किया था, तब शरद यादव के लिए सीपी ने भोज दिया था।*

### एक्सप्रेस आलेख

सरकारी व्यवस्था अकसर इस बात से बेखबर और उदासीन रहती है कि शिक्षा और कोचिंग के संस्थानों में क्या और कैसे हो रहा है। युवा वर्ग की जिंदगी के साथ इस तरह का खिलवाड़ अक्षम्य अपराध है। यह अलग बात है कि ऐसे और इसी तरह के हादसे गैरकानूनी शिक्षा की दुकानों में और उनके आस पास विद्यार्थियों के रहने के लिए बने पीजी आवासों में आये दिन होते रहते हैं। यहां ठूंस-ठूंस कर बच्चे भरे जाते हैं। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से निहायत बुरे हालात में चलने वाले ये कोचिंग के व्यापार केंद्र देश में शिक्षा की दुर्गति की हकीकत बयान करते हैं। आज की जनसंख्या में युवा-वर्ग के अनुपात में वृद्धि के साथ शिक्षा पर दबाव लगातार बढ़ रहा है।

# हादसे के शिकार होते कोचिंग केंद्र



गिरीश्वर मिश्र

**कभी-कभी उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय जरूर अपनी आंख खुद खोल कर खास मामले का संज्ञान ले कर कार्रवाई करता है। मानव अधिकार आयोग भी कुछ ऐसा करता है। पर यह सब बड़े दुर्लभ प्रकरण में ही होता है जिसका निश्चय न्यायमूर्ति के नजरिए से होता है। प्रायः घटनाओं को और उनके आशय को अपनी मौत मरने के लिए छोड़ दिया जाता है।**

भारत एक महान देश है जिसके पास अतीत की बड़ी थाती है। हम सभी नागरिक देशभक्त हैं और भारतीय होने पर गर्व भी करते हैं। यह महान देश निकट भविष्य में विश्व-गुरु बनने की उत्कट इच्छा पाले हुए है। इसके साथ ही भारत को विकसित देश और तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति का दावा भी कर रहा है। इसे बनाने के लिए सभी कटिबद्ध भी हैं। इस दृष्टि से युवा वर्ग की खास भूमिका और दायित्व है। आज देश में सामाजिक और भौतिक विविधताएं तो हैं ही आर्थिक विषमता भी बहुत ज्यादा है। हर युवा ऊंची से ऊंची उड़ान भरने के लिए स्वाभाविक रूप से आतुर रहता है। इस हलचल भरे माहौल में युवा वर्ग अपने भविष्य को संवारने के लिए घर-बार छोड़ कर अपना भविष्य संवारने हेतु कोचिंग में पढ़ाई करने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं। उनके अभिभावक रुपया-पैसा जुटा कर अपने बच्चों को कोचिंग के साथ परीक्षा की तैयारी में आर्थिक मदद करते हैं। आशाओं और आकांक्षाओं की उठापटक के बीच ये युवा कठिन परिस्थितियों में अथक परिश्रम करते हैं। वे अपने सपनों को साकार करने के लिए धैर्यपूर्वक और लगन के साथ कोशिश करते हैं। अब औपचारिक डिग्री की गुणवत्ता पिटने के फलस्वरूप हर काम के लिए, यहां तक कि अगली कक्षा में प्रवेश या फैलोशिप के लिए भी कोई न कोई परीक्षा देना अनिवार्य हो चुका है। खस्ताहाल हो रहे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की पढ़ाई अपर्याप्त होती है। ऐसे में यदि कोचिंग केंद्रों की झड़ी लग रही है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं। पर इस बेहद लोकप्रिय और नफे वाले शानदार व्यापार के विस्तार के साथ इसके सुचारु संचालन लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं का घोर अभाव भी होता है। वस्तुतः व्यावसायिक कोचिंग का विशाल धंधा शिक्षा की घोर दुरवस्था की स्थिति का बयान करता है। पिछले कुछ वर्षों में कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं होती रही हैं।अब दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक नामचीन कोचिंग संस्थान के तलघर या बेसमैंट में जहां विद्यार्थी उपस्थित थे अचानक कंधों से ऊपर तक इतना पानी भर गया कि कोचिंग लेने वाले तीन व्यक्तियों, दो युवतियां और एक युवक, जो आईएएस ( सिविल सर्विस ) की तैयारी कर रहे थे, उनकी जान चली गई। अब तक ज्ञात तथ्यों से यह दुर्घटना आपराधिक लापरवाही का परिणाम लगती




**सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में निजी क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है क्योंकि सरकार की ओर से न पर्याप्त निवेश हो रहा है न व्यवस्था ही ठीक हो पा रही है। चूंकि शिक्षा देश के समाज के मानस-निर्माण, उत्पादकता तथा सर्जनात्मक नवोन्मेष सब के लिए महत्वपूर्ण है इस समस्या पर तत्काल ध्यान देना आवश्यक है।**

है परंतु इसकी जिम्मेदारी तय करना विवादास्पद ही रहेगा। यह अमानवीय दर्दनाक हादसा एक गैरकानूनी ढंग से बिना अनुमति के चलने वाली कोचिग केंद्र की निजी व्यवस्था के तहत हुआ। जब भी गम्भीर घटना होती है जनता की आवाज उठती है और जांच कमेटी बैठेगी, सख्त कार्रवाई होगी, कानून अपना काम करेगा और दोषी को बख्शा नहीं जायेगा कहते हुए सरकार जगती है। उसकी ओर से प्रतिक्रिया का यह चिरपरिचित सधा-सधाया स्टैण्डर्ड तरीका हो चुका है। कभी-कभी उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय जरूर अपनी आंख खुद खोल कर खास मामले का संज्ञान ले कर कार्रवाई करता है। मानव अधिकार आयोग भी कुछ ऐसा करता है। पर यह सब बड़े दुर्लभ प्रकरण में ही होता है जिसका निश्चय न्यायमूर्ति के नजरिए से होता है। प्रायः घटनाओं को और उनके आशय को अपनी मौत मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। समय बीतने के साथ लोग भूल जाते हैं और जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं। राजनीति और राजनेता भी बदल जाते हैं। हम अकसर वहीं खड़े रहते हैं जहां पहले खड़े थे। यथास्थितिवाद हमें और हमारे प्रिय नेताओं की बड़ी पसंदीदा तकनीक है। विद्यालय की पढ़ाई से विद्यालय की परीक्षा की तैयारी और कोचिंग की पढ़ाई से व्यावसायिक परीक्षा की तैयारी, यह आज अभिभावक और विद्यार्थी के मन में एक स्पष्ट समीकरण बन चुका है। इसी के अनुसार जीवन की डगर पर कदम बढ़ाने की कवायद चल रही है। आज मेधावी बच्चे विद्यालय को छोड़ कोचिंग में भर्ती हो रहे हैं। सरकारी शिक्षा के प्रति सरकार, समाज और विद्यार्थी सबका अविश्वास बढ़ रहा है। इसकी रोकथाम करने के बदले साझी प्रवेश परीक्षा इसी अविश्वास की पुष्टि करती है और घोषित करती है कि विद्यालय की पढ़ाई जैसे हो रही थी जारी रहेगी यदि आगे पढ़ने-पढ़ाने की इच्छा है तो विद्यालयी परीक्षा के अतिरिक्त इस नई परीक्षा को अनिवार्य रूप से पास करना होगा। विद्यालय की पढ़ाई प्रवेश परीक्षा के लिए सिर्फ प्रवेश पत्र रह जाएगी। गौरतलब है कि शिक्षा पर बाजार की जकड़न दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। कोचिंग केंद्र का गैर जिम्मेदार संचालन करने वाले अवैध अड्डा सरकारी तंत्र की आंखों के सामने चलता था और जाने कितनी जगह अभी भी चल रहा है। सरकारी व्यवस्था अकसर इस बात से बेखबर और उदासीन रहती है कि शिक्षा और कोचिंग के संस्थानों में क्या और कैसे हो रहा है। युवा वर्ग की जिंदगी के साथ इस तरह का खिलवाड़ अक्षम्य अपराध है। यह अलग बात है कि ऐसे और इसी तरह के हादसे गैरकानूनी शिक्षा की दुकानों में और उनके आस पास विद्यार्थियों के रहने के लिए बने पीजी आवासों में आये दिन होते रहते हैं। यहां ठूंस-ठूंस कर बच्चे भरे जाते हैं। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से निहायत बुरे हालात में चलने वाले ये कोचिंग के व्यापार केंद्र देश में शिक्षा की दुर्गति की हकीकत बयान करते हैं। आज की जनसंख्या में युवा-वर्ग के अनुपात में वृद्धि के साथ शिक्षा पर दबाव लगातार बढ़ रहा है ऐसे में कोई राहत नजर नहीं आती। सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में निजी क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है क्योंकि सरकार की ओर से न पर्याप्त निवेश हो रहा है न व्यवस्था ही ठीक हो पा रही है। चूंकि शिक्षा देश के समाज के मानस-निर्माण, उत्पादकता तथा सर्जनात्मक नवोन्मेष सब के लिए महत्वपूर्ण है इस समस्या पर तत्काल ध्यान देना आवश्यक है।




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 15:32 तक |
| नक्षत्रः | मृगशीर्षा 10:23 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | व्याघात, 12:47 |
| सूर्योदयः | 05:44 |
| सूर्यास्तः | 19:03 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 14:03-15:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

**रहे इतना ध्यान !**

*है सबको अधिकार ।*
*दें अपना बयान ।।*
*पर लगे ना ठेस ।*
*रहे इतना ध्यान ।।*
*है इतिहास गवाह ।*
*बढ़ता है विवाद ।।*
*कर देते हैं ज़ाहिर ।*
*अपना पर अवसाद ।।*
*बहस सकारात्मक तो ।*
*है बढ़ता संवाद ।।*
*उठती है जो बातें ।*
*है रहती वो याद ।।*
*धीरे-धीरे करके ।*
*है लाना बदलाव ।।*
*मिलेगा मुकाम और ।*
*पहुंचेंगे पड़ाव ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*नफरतों से प्यार का नही रास्ता बनता ,*
*लालच,लोभ से कोई नही वास्ता बनता।*
*जहां राग, द्वेष और दुश्मनी व्याप्त हो,*
*ऐसे में कोई सच्चा नही रिश्ता बनता।*
*कौन किसी का दुखड़ा सुनता है यहां,*
*ऐसे में कोई किसी से नही वास्ता बनता।*
*ऊपरी तौर पर मिलते , सब अच्छे से,*
*दिलों से दिल का रास्ता नहीं मिलता।*
*हर तरफ सन्नाटा अकेलापन क्यों है,*
*भाई भाई से खास नही रिस्ता रखता।*
*रिश्ते, प्यार, सहानुभूति अब हवा हो गई ,*
*दो मीठे शब्द बोलने वाला नही सच्चा मिलता।*
*कैसे दिखावटी रिश्ते बच गए हैं,*
*अपनों से सच्चा कोई नही वास्ता रखता।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**इंसान सफल तब होता है, जब वो दुनिया को नहीं बल्कि खुद को बदलना शुरू कर देता है**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# खांसी जुकाम जैसी समस्याओं में रामबाण है लता कस्तूरी



**आयुर्वेद** में बीमारियों के इलाज के लिए तमाम तरह की जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया जाता है। आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का सेवन बीमारियों के इलाज में प्रभावी और सुरक्षित भी माना जाता है। भारत में उगने वाली जड़ी बूटी लता कस्तूरी भी एक शक्तिशाली औषधि है। इसका इस्तेमाल पुराने समय से ही बीमारियों और समस्याओं के इलाज में किया जा रहा है। लता कस्तूरी का वैज्ञानिक नाम है। अंग्रेजी में इस औषधि को कहा जाता है। सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी स्थितियों में लता कस्तूरी का इस्तेमाल रामबाण होता है।

**सर्दी खांसी और बुखार में लता कस्तूरी के फायदेः** लता कस्तूरी का सेवन करने से शरीर को अनेकों फायदे मिलते हैं। इसमें मौजूद गुण और तत्व शरीर को हेल्दी रखने और बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। नोएडा स्थित आरोग्यं हेल्थ सेंटर के आयुर्वेदिक डॉ एसके पांडेय कहते हैं, लता कस्तूरी में एंटी-माइक्रोबियल, पित्त दोष कम करने वाले और कफ शामक गुण पाए जाते हैं, जो सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार में फायदेमंद होते हैं। इसका नियमित रूप से सेवन करने से इन समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

**प्रतिश्यायकारीः** इसमें मौजूद गुण सूजन को कम करने में मदद मिलती है।

**रोगाणुरोधीः** यह कई तरह के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करता है।

**पित्त शामकः** पित्त दोष को संतुलित करने में मदद करता है।

**कफ शामकः** कफ दोष को कम करने में प्रभावी है।

**खांसी में राहतः** लता कस्तूरी की पत्तियों का रस या काढ़ा पीने से खांसी में आराम मिलता है। इसमें मौजूद कफ शामक गुण कफ को कम करते हैं।

**बुखार कम करने में मददगारः** लता कस्तूरी बुखार को कम करने में मदद कर सकती है। इसके लिए लता कस्तूरी की पत्तियों का रस या काढ़ा दिया जा सकता है।

**सर्दी-जुकाम में लाभकारीः** सर्दी-जुकाम के लक्षणों को कम करने में यह प्रभावी है।

**रसः** ताजी पत्तियों का रस निकालकर इसे शहद के साथ मिलाकर सेवन करें।

**काढ़ाः** लता कस्तूरी की पत्तियों को पानी में उबालकर काढ़ा बनाएं और ठंडा करके पीएं।

**लेपः** पत्तियों को पीसकर लेप बनाकर प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। लता कस्तूरी का उपयोग करने से पहले किसी आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह लेना जरूरी है। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। इसके अलावा अगर आपको किसी तरह की एलर्जी है, तो इसका सेवन करने से बचें।

### एक्सप्रेस विशेष

# रजिस्ट्रेशन शुल्क में कमी से युवा अधिवक्ताओं को मिलेगी राहत



इन्द्र दमन तिवारी

**याचिकाकर्ताओं की दलील है कि ओडिशा में एनरोलमेंट शुल्क 42,100, गुजरात में 25 हजार, उत्तराखंड में 23,650, झारखंड में 21,460 और केरल में 20,500 है। इतना अधिक शुल्क होने के कारण ऐसे युवा वकील अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाते हैं।**

**माननीय** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सामान्य श्रेणी के वकीलों के लिए एनरॉलमेंट शुल्क 750 तथा अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के वकीलों के लिए 125 रुपये से अधिक नहीं हो सकता। माननीय उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य बार काउंसिल ÷विविध फीस÷ या अन्य फीस के मद में ऊपर निर्दिष्ट राशि से अधिक कोई राशि नहीं ले सकते। राज्य बार काउंसिल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया, एडवोकेट एक्ट की धारा 24(1)(एफ) के अनुसार निर्दिष्ट राशि से अधिक कोई राशि नहीं ले सकते। एडवोकेट एक्ट 1961 की धारा 24(1)(एफ) के अनुसार राज्य बार काउंसिल को देय एनरॉलमेंट शुल्क 600 रुपये तथा सामान्य श्रेणी के वकीलों के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया को 150 रुपये निर्धारित किया गया। एससी/एसटी वर्ग के वकीलों के लिए यह राशि क्रमशः 100 रुपये और 25 रुपये है। न्यायालय ने माना कि चूंकि संसद ने नामांकन शुल्क निर्दिष्ट किया इसलिए बार काउंसिल इसका उल्लंघन नहीं कर सकती। साथ ही न्यायालय ने घोषित किया है कि निर्णय का केवल भावी प्रभाव होगा, जिसका अर्थ है कि बार काउंसिल को अब तक वैधानिक राशि से अधिक एकत्र किए गए एनरॉलमेंट शुल्क को वापस करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष विभिन्न राज्य बार काउंसिल द्वारा वसूले जा रहे अलग-अलग एनरॉलमेंट शुल्क को अत्यधिक बताते हुए चुनौती देने वाली याचिकाओं का एक समूह था, इस मुद्दे की मुख्य याचिका का शीर्षक गौरव कुमार बनाम यूनियन ऑफ इंडिया डब्ल्यू.पी.(सी) संख्या 352/2023 है, याचिकाओं के इस समूह में एक ही सवाल उठाया गया कि क्या एनरॉलमेंट शुल्क के रूप में अत्यधिक फीस वसूलना एडवोकेट एक्ट 1961 की धारा 24(1) का उल्लंघन है। 10 अप्रैल को माननीय उच्चतम न्यायालय ने केंद्र, बार काउंसिल और राज्यों के बार काउंसिल को नोटिस जारी कर कहा था कि याचिकाओं में जरूरी मुद्दा उठाया गया है, इन याचिकाओं में दलील दी गई थी कि बढ़ा हुआ पंजीकरण (एनरोलमेंट) शुल्क कानूनी प्रावधान का उल्लंघन करता है और इस मामले में बार काउंसिल को दखल देना चाहिए, ताकि इसे रोका जा सके। नोटिस में कहा गया था कि याचिकाकर्ताओं की दलील है कि ओडिशा में एनरोलमेंट शुल्क 42,100, गुजरात में 25 हजार, उत्तराखंड में 23,650, झारखंड में 21,460 और केरल में 20,500 है। इतना अधिक शुल्क होने के कारण ऐसे युवा वकील अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाते हैं, जिनके पास स्वयं के संसाधन नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि यह सुनिश्चित करना बार काउंसिल ऑफ इंडिया का कर्तव्य है कि अत्यधिक एनरॉलमेंट शुल्क न वसूला जाए। ध्यान रहे कि 2023 में 5 जजों की संविधान पीठ ने अखिल भारतीय बार परीक्षा की वैधता बरकरार रखते हुए बार काउंसिल ऑफ इंडिया से यह भी सुनिश्चित करने को कहा था कि एनरॉलमेंट शुल्क दमनकारी न हो जाए। जस्टिस एस.के. कौल की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने अपने निर्णय (बार काउंसिल ऑफ इंडिया बनाम बोनी फोई लॉ कॉलेज एवं अन्य) में कहा था, हमारे पास इस दलील से उत्पन्न चेतावनी भी है कि विभिन्न राज्य बार काउंसिल एनरॉलमेंट के लिए अलग शुल्क ले रहे हैं। यह ऐसी बात है जिस पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया को ध्यान देने की आवश्यकता है, जिसके पास यह देखने की शक्ति नहीं है कि समान पैटर्न का पालन किया जाए और बार में शामिल होने वाले युवा छात्रों की दहलीज पर शुल्क दमनकारी न हो जाए।

**हमारे पास इस दलील से उत्पन्न चेतावनी भी है कि विभिन्न राज्य बार काउंसिल एनरॉलमेंट के लिए अलग शुल्क ले रहे हैं। यह ऐसी बात है जिस पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया को ध्यान देने की आवश्यकता है, जिसके पास यह देखने की शक्ति नहीं है कि समान पैटर्न का पालन किया जाए और बार में शामिल होने वाले युवा छात्रों की दहलीज पर शुल्क दमनकारी न हो जाए।**



# पक्की दीवार काट कर लाखों के गहने चोरी

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



क्षेत्र के गांव पाल चक में अज्ञात चोरों द्वारा रात में एक व्यक्ति के घर की पक्की दीवार काटकर घर के बक्से में रखें लाखों रुपए के कीमती गहने और नकदी चोरी कर ले जाने से पुलिस की गस्त की पोल खुल गई है। पीड़ित की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित से ही चोरों का पता लगाने की बात कही है।गांव पाल चक निवासी मनसुख ने बताया मंगलवार की रात गर्मी होने के चलते बाहर के बरामदे में सोया हुआ था। सुबह जागने पर घर में बिखरा हुआ सामान देखकर वह अवाक रह गया था।अज्ञात चोरों ने खेत के ओर उसके मकान की पक्की दीवार को दो जगह से काट कर अंदर घुस आए और कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर सोने और चांदी के रखे गहने कंगन बिछुआ पायल झुमकी कुंडल और अन्य गहने कीमत लगभग 2 लाख समेत 2500 की रखी नकदी चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का निरीक्षण कर पीड़ित से ही चोरों का पता लगाने की बात कही है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। घटना से गांव में दहशत फैल गई है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया घटना हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# जंगली जानवर के हमले में बालक की मौत

✱ बचाने पहुंचा युवक भी घायल, इलाके में दहशत

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** जिले की ग्राम पंचायत सकेथू के मजरा डीहपुरवा निवासी 10 वर्षीय बालक की जंगली जानवर के हमले में मौत हो गई।बालक के चीखने की आवाज सुनकर बचाने पहुंचा युवक भी जानवर के हमले में घायल हो गया। ग्रामीणों ने तेंदुए या बाघ के हमले की बात कही। जानवर को पकड़ने की मांग करने लगे।उन्होंने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस देर रात तक परिजनों और ग्रामीणों को समझाती रही, लेकिन वे नहीं माने। बुधवार सुबह थाना पुलिस और वन विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे और परिजनों को समझाया, तब वे माने।सुबह करीब 11 बजे शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। खीरी थाना के डीहपुरवा निवासी राकेश कुमार के 10 वर्षीय पुत्र कृष्णकांत को मंगलवार की शाम करीब सात बजे कोई जंगली जानवर गन्ने के खेत में उठा ले गया। बताया जा रहा है जानवर ने बालक की गर्दन और अन्य अंगों को काट दिया। बालक के चीखने की आवाज सुनकर बचाने पहुंचे सीताराम पुत्र बांके लाल पर भी जानवर ने हमला कर दिया। उसके पैर में गहरा जख्म हुआ है। जैसे-तैसे उसने भागकर अपनी जान बचाई। अंधेरा होने की वजह से युवक जानवर को ठीक से देख नहीं पाया बालक पर जानवर के हमले का पता चला तो ग्रामीण जुट गए। थाना पुलिस और वन अधिकारियों को सूचना दी गई। ग्रामीण तेंदुए या बाघ के हमले की बात कह रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवर पूर्व में कई मवेशियों को निवाला बना चुका है।इसके चलते ग्रामीण खेतों की ओर अकेले जाने से भी डरते हैं।उन्होंने वन विभाग से जानवर को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की।रात में मौके पर पहुंची पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने सुबह भी हंगामा किया।बुधवार को सुबह थाना पुलिस के साथ वन विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों को समझाया, तब वे माने और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। वहीं, शारदानगर वन रेंज के रेंजर, पुलिसकर्मी और ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर घटनास्थल पर पहुंचे। वन विभाग ने जानवर को पकड़ने और पहचान की योजना बनाई है। गांव में काम्बिंग शुरू कर दी है। फिलहाल इलाके में दहशत बनी हुई है।

# शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ.रवि श्रीवास्तव का निधन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष व भाजपा की वरिष्ठ नेत्री डॉ इरा श्रीवास्तव के पति डॉ रवि श्रीवास्तव 70 वर्ष का मेदान्ता अस्पताल लखनऊ में बुधवार को सुबह छह बजे के करीब निधन हो गया।वह करीब एक सप्ताह से डेंगू से पीड़ित थे और उनका इलाज किया जा रहा था।उनके दुःखद निधन की खबर से शहर में शोक की लहर दौड़ गई और उनके निज निवास पर पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लोगों की भीड़ लग गई।शहर में अपनी पहचान बनाने वाले डॉ रवि श्रीवास्तव बहुत ही विनम्र थे और आशा पैथोलॉजी अस्पताल रोड के संचालक के रूप में उनका योगदान कभी भुलाया नही जा सकता।अल्ट्रासाउंड के जरिये हजारों लोगों को उचित सलाह दी। अत्यंत नम्र, धैर्यवान डॉ रवि ने कभी भी नगर पालिका के कार्य मे हस्तक्षेप नही किया। उनका इस प्रकार से जाना बहुत ही दुःख दाई है। नगर के सीतापुर रोड पर उन्होंने मनु ला कालेज की नींव डाली जिसमें आज हजारों छात्र छात्राओं के भविष्य का निर्माण किया जा रहा है। प्रभु उनकी आत्मा को शांति दें और डॉ इरा श्रीवास्तव व प्रिय पुत्र कपिल श्रीवास्तव सहित उनके पूरे परिवार को यह आघात सहन करने की शक्ति दें।

उनका पार्थिव शरीर 1 बजे लखीमपुर आवास पहुंचा जहां उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए काफी लोग उपस्थित हुए और नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद करीब 4 बजे उनका अंतिम संस्कार मुक्ति धाम में किया गया। उनके दुःखद निधन पर हर कोई शोक प्रकट कर रहा है। अंतिम संस्कार उनके बेटे कपिल श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# संस्कृति एवं विज्ञान-गणित मेला का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी




से सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज मे मुंशी प्रेमचन्द्र जयन्ती पर विज्ञान विज्ञान मेला के अन्तर्गत विज्ञान/गणित प्रदर्श, विज्ञान/गणित/संस्कृति प्रश्नमंच व विज्ञान/गणित पत्रवाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन बाल, तरुण व किशोर वर्ग के अन्तर्गत किया गया। निर्णायक मण्डल के रूप में धर्म सभा इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता विनोद कान्त, दिनेश श्रीवास्तव, हिना रजी एवं राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज की प्रवक्ता शैलजा मिश्रा, रेखा वर्मा, निगहत परवीन ने अपना अमूल्य समय प्रदान किया। निर्णायको ने सभी के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभागियों ने सेंसरबेस्ड, नैनो टैक्नोलॉजी, वायु प्रदूषण नियंत्रण, जैव प्रक्रम, गति पर आधारित, नवाचरित आदि पर लगभग 200 मॉडल बनाए। इन प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागी आगामी संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। बताते चलें बुधवार को हिन्दी एवं उर्दू के प्रख्यात रचनाकार मुंशी प्रेमचन्द्र जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर विद्यालय आचार्या अमिता गुप्ता ने प्रेमचन्द्र के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाल कर उन्हें श्रद्धा सुमन समर्पित किया। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने सभी प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा प्रबन्धक चन्द्र भूषण साहनी ने प्रतिभागियों को संकुल, प्रान्तीय, क्षेत्रीय तथा अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में विजयी होने को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष रश्मि बाजपेई, सदस्य ममता अग्रवाल, विमल अग्रवाल, अवधेश गुप्ता, डाक्टर हेडगेवार स0 शि0सं0 के प्रधानाचार्य राममणि शुक्ला आदि ने अपनी उपस्थिति से सुशोभित किया।

# भटकते हुए सीतापुर पहुँची जनपद मथुरा की महिला को महिला थाना टीम ने मिलाया परिवार से

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपदीय पुलिस महिलाओ, बालिकाओं की सुरक्षा हेतु निरंतर गश्त एवम् नियमानुसार यथासंभव सहायता हेतु निर्देश दिये गये हैं। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना के नेतृत्व में महिला थाना पुलिस टीम द्वारा भटकी मिली महिला को 15 घंटे के भीतर उसके परिवार से पुनः मिलाने में सहायता की गयी। आज एक महिला भटकती हुई महिला थाना जनपद सीतापुर आ गयी थी। महिला ने पूछने पर बताया कि वह भटकती हुयी यहां आ गयी है जो मानसिक रूप से असंतुलित प्रतीत हो रही थी। महिला का नाम श्रीमती विमलेश पत्नी रोहतास निवासी ग्राम कालीनगरिया थाना जमुनापार जिला मथुरा उम्र करीब 35 वर्ष स्वयं ज्ञात हुआ जिसके द्वारा बताये गये मोबाइल नम्बर पर उसके पति रोहतास व भाई रामकिशन से वार्ता की गयी तो उसने बताया कि उसकी पत्नी, बहन बिना बताये अपने घर से कहीं चली गयी जिसको हम लोग तलाश कर रहे हैं। परिवारीजन के आने तक महिला को सुरक्षित वनस्टाप सेन्टर जनपद सीतापुर में रखा गया। सूचना पर आज महिला श्रीमती विमलेश पत्नी रोहतास निवासी ग्राम कालीनगरिया थाना जमुनापार जिला मथुरा के परिवारजन भाई रामकिशन पुत्र कुंवरपाल व भतीजे पवन कुमार पुत्र नेत्रपाल सर्व निवासीगण निवासी ग्राम अनौड़ी थाना राया जनपद मथुरा उपस्थित महिला थाना जनपद सीतापुर आये। गुमशुदा महिला श्रीमती विमलेश पत्नी रोहतास निवासी ग्राम कालीनगरिया थाना जमुनापार जिला मथुरा को 15 घंटे के अन्दर भाई रामकिशन पुत्र कुंवरपाल व भतीजे पवन कुमार पुत्र नेत्रपाल सर्व निवासीगण निवासी ग्राम अनौड़ी थाना राया जनपद मथुरा को बुलाकर सुरक्षित सुपुर्द कर उसके घर रवाना किया गया। परिजन द्वारा पुलिस टीम को हार्दिक धन्यवाद एवम् आभार व्यक्त किया गया।

# भारती भवन में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



बुधवार को सफाई मजदूर दिवस के अवसर पर आदरणीय कौशल जी प्रान्त प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, ने भारती भवन में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आदरणीय कौशल जी के कहा कि देश की सेवा में सफाई कर्मचारियों का बहुत योगदान अनुकरणीय है। संघ परिवार ने देश में सफाई कर्मचारियों की बस्तियों में हजारों पाठशालाएं खोली है जिससे सफाई कर्मचारियों के बच्चे शिक्षा से वंचित न रह पाए। सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए चंदन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ, द्वारा दिए गए पत्रों में सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों के कल्याण से संबंधित संविदा सफाई कर्मचारी के नियमित करण, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट तथा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री जी को लागू कराने की अपेक्षा को उचित माध्यम से निराकरण किया जाएगा। श्री प्रशांत भाटिया, कुंवर विकेंस की उपस्थित रहे। सफाई कर्मचारी दिवस पर संविदा सफाई कर्मचारी संदीप वाल्मीकि खीरी टाउन, श्रीमती राधा देवी, चंदा देवी सदर बाजार, रेनू देवी कैंट, राजेंद्र कुमार, शिवा एशबाग को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मान किया। सम्मान समारोह के समापन में दिनेश चंद्रा सेवानिवृत विशेष सचिव सचिवालय उत्तर प्रदेश ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण समय से कराया जाये। हॉट कुक्ड मील के लिए सभी चिन्हित पंचायतों में बर्तनों की खरीद सुनिश्चित की जाये। बच्चों की संख्या के अनुसार बर्तनों की खरीद की जाये। इसके लिए खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाये। प्राथमिक स्कूलों के बाहर स्थित केंद्रों को हॉट कुक्ड मील में प्राथमिकता दी जाये। एक माह के अंदर शत प्रतिशत बर्तनों की खरीद न होने की दशा में सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर पर फीडिंग का अवशेष कार्य पूर्ण किया जाये। सैम व मैम बच्चों को सुपोषित की श्रेणी में लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाये। पुराने मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाये। सैम व मैम बच्चों के घरों में समय समय पर विजिट की जाये। सभी विकास खण्डो में भ्रमण पंजिका बनाई जाये। दो भ्रमण पंजी बनाये जाएं जिसमे से एक में 1 तारीख से 15 तारीख तक के भ्रमण की प्रविष्टि की जाये तथा दूसरी पंजी में 16 तारीख से माह तक की प्रविष्टि की जाये। प्रतिमाह मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के माध्यम से पंजी प्रेषित की जाएं। एनआरसी सेंटरों का निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया जाये। निर्माण हेतु सभी चिन्हित आँगनबाड़ी केंद्रों का तेजी से निर्माण कराया जाये। निर्माण की स्थिति की रिपोर्ट जल्द प्रेषित की जाये। केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला विद्यालय निरीक्षक ने राजकीय जिला पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर महेन्द्र प्रताप सिंह ने राजकीय जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया जिसमें राजकीय जिला पुस्तकालय में अच्छी व्यवस्था पायी गई। और पहले के मुताबिक बच्चों की संख्या मे काफी बढोत्तरी और बैठने की समुचित व्यवस्था देखने को मिली। जिला विघालय निरीक्षक ने राजकीय जिला पुस्तकालय को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश भी दिये।

### जीनियस पब्लिक स्कूल में छात्राओं को दिए गए आत्मरक्षार्थ टिप्स



जन एक्सप्रेस । हरदोई। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु समय-समय पर कक्षाओं का संचालन कर ट्रेनिंग तथा आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराई जाती हैं। बुधवार को कोतवाली हरपालपुर कोतवाली की महिला पुलिस आरक्षियों द्वारा जीनियस पब्लिक स्कूल हरपालपुर पहुंचकर छात्राओं को आत्मरक्षार्थ आवश्यक जानकारियां साझा की गई। साथ ही प्राइमरी के छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों में सबसे शरारती बच्चों की विशेष कक्षा आयोजित कर मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया। समस्या नहीं समाधान बनेंगे। खेल के साथ-साथ, गीत कविता, तथा मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों को मोटिवेट किया गया इइस अवसर पर प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह चौहान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ साथ शासन की मंशानुरूप कार्य ही प्राथमिकताः अरुणिमा श्रीवास्तव



जन एक्सप्रेस । हरदोई। सोमवार को डीएम ने सवायजपुर एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव को संडीला के लिए स्थानांतरित करते हुए नवीन तैनाती स्थल पर चार्ज ग्रहण करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को संडीला तहसील पहुंचकर एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कहा कि शासन की मंशानुरूप लोगो को न्याय दिलाना ही उनकी प्राथमिकता होगी।कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने अधीनस्थ कर्मियों से परिचय प्राप्त किया तथा अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की। नवागंतुक एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि क्षेत्र के लोगो की समस्यायों के समाधान हेतु वह सदैव तत्पर रहेंगी। लोगो की समस्या का समाधान तहसील पर ही होगा। साथ ही उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित की हर संभव समस्या का समाधान करें। अगर इसमें लापरवाही की गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा शासन की मंशा के अनुसार ही तहसील में कार्य किए जाएंगे। कर्मचारियों की लापरवाही व हीलाहवाली की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नहाते समय गर्रा नदी में डूबे किशोर का शव पाली क्षेत्र में बरामद

जन एक्सप्रेस । हरदोई



**पाली।** शाहाबाद क्षेत्र का एक किशोर गर्रा नदी में नहाने के दौरान डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसका शव पाली थाना क्षेत्र के केवलपुर गांव के पास मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है। पाली थाना क्षेत्र के केवलपुर गांव के पास गर्रा नदी में एक 16 वर्षीय किशोर का शव तैरता मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पाली पुलिस को दी। थानाध्यक्ष आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इसकी शिनाख्त शाहाबाद कोतवाली के ग्राम सुहागपुर के 16 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र सुरजीत के रूप में हुई है। आशीष के बाबा ओमप्रकाश पुत्र सुखदेव ने मृतक किशोर की शिनाख्त की। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के बाबा ओमप्रकाश ने बताया कि आशीष मंगलवार की दोपहर तकरीबन 3 बजे गर्रा नदी में नहाने के लिए गया हुआ था, तभी वह उसमें डूब गया था। परिजनों ने आशीष को तलाश करने का भरसक प्रयास किया लेकिन उसका शव बरामद नहीं हुआ था।

# एमएलसी अनूप गुप्ता ने बिजुआ क्षेत्र की समस्या को सदन में उठाया



✱ बहुत दिनों से सड़क की मांग कर रहे थे क्षेत्रवासी

जन एक्सप्रेस । बिजुआ खीरी

विधान परिषद में चल रहे मानसून सत्र में बिजुआ क्षेत्र की एक सड़क की समस्या का मुद्दा एमएलसी अनूप गुप्ता द्वारा सदन में उठाया गया। जिसके बाद सदन से स्वीकृति भी मिल गई है, स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बिजुआ क्षेत्र के गोन्धिया गांव से जंगल के किनारे किनारे रुद्रपुर, पहाड़ापुर लिंक मार्ग को जोड़ने वाली सड़क को बनाने के लिए गोन्धिया के पूर्व प्रधान सुशील पांडेय ने शासन, प्रशासन से कई बार गुहार लगाई थी कि यह सड़क बन जाये तो क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों को गुलरिया चीनी मिल को गन्ना ले जाने में आसानी होगी। क्योंकि अभी तक लोग पड़रिया तुला कस्बे के अंदर से होते हुए चीनी मिल तक गन्ना ले जाते हैं जिससे आये दिन भीड़ भाड़ होने की वजह से कोई अप्रिय घटना होने का खतरा बना रहता है। बुधवार के दिन क्षेत्र की इस बड़ी समस्या को विधान परिषद सदन में विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता द्वारा उठाते हुए स्वीकृति दिलाई गई है। जिससे अब जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके लिए सुशील पांडेय, गुरु साहब सिंह विर्क, अश्वनी मिश्रा, सोनू विर्क, ओमप्रकाश राज, अजय कुमार मिश्रा, मनोज कुमार वर्मा, पंकज वर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने एमएलसी अनूप गुप्ता का आभार व्यक्त किया है।

# वन स्टॉप सेंटर में बेड की संख्या बढ़ाई जाये- जिलाधिकारी



जन एक्सप्रेस । हरदोई

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा बाल विवाह निगरानी एवं रोकथाम समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लैंगिक अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। नियमानुसार पीड़ित को सहायता उपलब्ध कराने में देरी न की जाये। बाल विवाह की पूरी तरह से रोकथाम में ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाये। वन स्टॉप सेंटर में बेड की संख्या 20 तक बढ़ाई जाये। आम जन को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी शिल्पा कुमारी सहित सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उद्योगों के पक्ष में त्वरित स्वीकृतियां जारी करने एवं व्यापारियों तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक






सीतापुर

उद्योगों के पक्ष में त्वरित स्वीकृतियां जारी करने एवं व्यापारियों तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बंधु, सिंगल विण्डों एवं निवेश मित्र की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं एवं उनसे संबंधित स्वीकृतियों के निराकरण संबंधी प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखंडों का नियमानुसार आवंटन किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समय सीमा के उपरान्त लंबित मामलों में संबंधित विभाग को अनुस्मारक प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि योजनाओ की समीक्षा करते हुए बैकों के स्तर पर लम्बित पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। औद्योगिक आस्थान सराय मल्हुई सीतापुर एवं उसके आस पास जल भराव की समस्या का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मण्डी परिसर में सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता केन्द्र संजय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह सहित समितियों के सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


## विशेष रेलगाड़ियाँ - 2024

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जायेंगी :-

**04815/04816 जोधपुर जं. - मऊ जं. - जोधपुर जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04815 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04816 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | जोधपुर जं. | 08:55 | --- |
| 13:30 | 13:40 | लखनऊ | 12:10 | 12:20 |
| 23:20 | --- | मऊ जं. | --- | 04:00 |

चलने के दिन : 04815 जोधपुर जं. से दिनांक 04.08.2024 से 29.09.2024 (प्रत्येक रविवार) तथा 04816 मऊ जं. से दिनांक 06.08.2024 से 01.10.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर, गांधी नगर जयपुर, बाँदीकुई जं., मण्डावर महुवा रोड, खेड़ली, नदबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आज़मगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

**04823/04824 जोधपुर जं. - मऊ जं. - जोधपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04823 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04824 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | जोधपुर जं. | 08:55 | --- |
| 13:30 | 13:40 | लखनऊ | 12:10 | 12:20 |
| 23:20 | --- | मऊ जं. | --- | 04:00 |

चलने के दिन : 04823 जोधपुर जं. से दिनांक 03.08.2024 से 28.09.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 04824 मऊ जं. से दिनांक 05.08.2024 से 30.09.2024 (प्रत्येक सोमवार) तक।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर, गांधी नगर जयपुर, बाँदीकुई जं., मण्डावर महुवा रोड, खेड़ली, नदबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आज़मगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

**04821/04822 भगत की कोठी - हरिद्वार जं. - भगत की कोठी विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04821 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04822 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:30 | भगत की कोठी | 23:55 | --- |
| 03:40 | --- | हरिद्वार जं. | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 04821 भगत की कोठी से दिनांक 01.08.2024 से 26.09.2024 (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04822 हरिद्वार जं. से दिनांक 02.08.2024 से 27.09.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : जोधपुर जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चूरू, सादुलपुर जं., हिसार, जाखल जं., सुनाम उधम सिंह वाला, धूरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., सहारनपुर एवं रुड़की स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2338/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गोला उरुवा मार्ग पर दो दिनों से लग रहा वाहनों का भयंकर जाम एम्बुलेंस भी नही हो पा रहा पार स्थानीय प्रशासन बना मूक दर्शक

**जाम का कारण सड़कों के किनारे कट रहे पेड़ व सड़क पर गिट्टी डालने वाहन बने प्रमुख**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोला तहसील मुख्यालय से जाने वाला गोला उरुवा सड़क मार्ग बीते दो दिनों से वाहनों के जाम से कराहता नजर आ रहा है।यह वाहनों का जाम निरन्तर कई घण्टो तक लगा रहता है।बीच मे अगर इस मुख्य मार्ग पर अगर मरीज या दुर्घटना ग्रस्त ब्यक्ति को लिए एम्बुलेंस की गाड़ी पड़ गयी तो मरीज व दुर्घटना हुए ब्यक्ति का काम रास्ते मे ही तमाम हो जाएगा उसे अस्पताल पहुचने की जरूरत नही पड़ेगी। सड़क जाम लगने का मुख्य कारण सूत्रों का कहना है कि एक तरफ तो सड़क पर लगे पेड़ो का कटान चल रहा है दूरी तरफ सड़क पर गिट्टिया ढोने वाले वाहन प्रमुख रूप से है। जिसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन को बराबर मिलने के बाद भी प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। इस ब्यवस्था से सड़क मार्ग से सफर करने वालो को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।सफर करने वाले लोग शासन की ब्यवस्था को कोसते नजर आ रहे है। प्राप्त बिबरण केअनुसार राम जानकी मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी है।सड़क के किनारे लगे पेड़ो की कटान तीब्र गति से चल रहा है।और उस काटे गए पेड़ो के लकड़ियों को बोटा बना कर भारी भारी वाहनों पर लोड किया रहा है। दूसरी तरफ भारी भारी वाहनों से सड़क पर डालने के लिए गिट्टिया लायी जा रही है।दोनों तरफ से भारी भारी वाहनों के आवगमन से रास्ता जाम हो जा रहा है।जिसके कारण तो कभी कभी गोपालपुर से बिसरा गांव तक दोनों तरफ से वाहनों की लाइन लग जा रही है।किसी को कोई खास जरूरत अगर हो तब भी अगर बीच मे आ गया तो निकलना भारी पड़ रहा है।कभी कभी तो बीच मे एम्बुलेंस भी फंस जा रही है।जिससे अंदर लाये जा रहे मरीजों या दुर्घटना ग्रस्त लोगों को अस्पताल तक पहुचना भारी पड़ रहा है।अगर स्थानीय प्रशासन से अपील भी किया जाय तो सम्भवतः अपील स्वीकार नही हो सकती है। यह क्रम दो दिनों से इस सड़क मार्ग पर निरन्तर चल रहा है।इस प्रकरण को जब एस पी आर ए ग्रामीण दक्षिणी जितेंद्र कुमार को बताया गया तो उन्होंने कहा अभी हम दिखवाते है।

# सीएम योगी के आदेश को चुनौती दे रहे कानूनगो और लेखपाल

**अपर जिलाधिकारी का आदेश कानूनगो व लेखपाल मानना नहीं समझते मुनासिब**

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज



नगर पंचायत आनन्दनगर के वार्ड नंबर 15 निवासी सीताराम पुत्र रमाशंकर ने उपजिलाधिकारी फरेंदा व जिलाधिकारी महराजगंज को अपने शिकायती प्रार्थना पत्र को देकर न्याय की गुहार लगाई थी लेकिन न्याय न मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर पैमाइश कराकर मौजा मुजहना में स्थित आराजी नम्बर 146 रकबा 0, 0035 हेक्टेएर सम्पूर्ण मालिकाना भूमिधर कब्जा बरकरार करने की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया है कि मौजा मुजहना में आराजी नम्बर 146 मि0 रकबा ..0,0035 हे0 सम्पूर्ण मलिकाना भूमिधर कब्जा बरकरार हूं। मेरी जमीन मौके पर कम है रकबा मिला-जुला नम्बर है। बाद स0.24 के अन्तर्गत रकबे को अलग अलग चिन्हित न कर एक ही में चिन्हित करदिया गया है। पीड़ति सीताराम ने बताया कि उच्चाधिकारियों की बात हल्का लेखपाल व कानूनगो स्वीकार करना मुनासिब नहीं समझ रहे जिससे मेरी सामाजिक, आर्थिक, मानसिक क्षति हो रही है। पीड़ित सीताराम ने आरोप लगाया है कि लेखपाल और कानूनगो विपक्षी से मिलकर मेरी भूमि पर कब्जा करवाना चाह रहे हैं। यह भी उन्होंने बताया कि अपर जिलाधिकारी महराजगंज के न्यायालय में वाद दाखिल है उन्होंने कानूनगो फरेंदा व लेखपाल को नजरी नक्शा देने का निर्देश जारी किया था लेकिन कानूनगो व लेखपाल अपर जिलाधिकारी महराजगंज का निर्देश मानना मुनासिब नहीं समझते है जिससे मेरे कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुझे न्याय देना मुनासिब नहीं समझते आलम यह हो गया है अपने ज़मीन पर कब्जा करना व पाना टेढ़ी खीर हो गई। आज न्याय पाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का दरवाजा खटखटाते के मजबूर सीताराम है। अंत में उन्होंने बताया कि अगर सम्बन्धित उच्चाधिकारियों द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया तो किसी भी अनहोनी घटना घटने से इन्कार नहीं किया जा सकता हैं।

# यह राजनैतिक अराजकता व प्रशासनिक गुंडई: विनयशंकर तिवारी

जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर

प्रशासन द्वारा बुधवार को की गई बुल्डोजर कार्ररवाई को पूर्व विधायक चिल्लूपार विनयशंकर तिवारी ने राजनीतिक अराजकता व प्रशासनिक गुंडई कहा. उन्होंने कहा कि यह सत्ता के अहंकार की निकृष्ट पराकाष्ठा है। व्यक्तिगत शत्रुता के चलते ब्राह्मण स्वाभिमान को चुनौती दी गई। इसका निर्णय समय आने पर चिल्लूपार विधान सभा के लोग तो करेंगे ही देश और प्रदेश के निवासियों को भी करना है।

**ग्रामीणों द्वारा आयोजित किया जा रहा था कार्यक्रम**

**सत्ता के इशारे पर चलाया गया बुल्डोजर**

विनयशंकर तिवारी ने कहा कि लगातार चिल्लूपार से सात बार विधायक और सन 1996 से 2007 तक उत्तर प्रदेश की भिन्न भिन्न सरकारों में कैबिनेट मंत्री रहे सम्मान व स्वाभिमान के प्रतीक स्वर्गीय पण्डित हरिशंकर तिवारी के जन्म दिवस 5 अगस्त को उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करने का मन बनाकर मेरे गांव टाड़ा के ग्रामप्रधान और ग्राम प्रबंध समिति के लोगों ने गांव के मुख्य द्वार का नामकरण उनके नाम पर करने और वहीं बगल में उनकी प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया।विधिक रूप से प्रस्ताव बनाकर उसे स्वीकृति हेतु उपजिलाधिकारी गोला को प्रेषित किया और अपनी तैयारी में जुट गए। स्वर्गीय पंडित हरिशंकर तिवारी के कद, पद, प्रतिष्ठा के अनुरूप उन्हें अपनी श्रद्धांजलि देने हेतु ग्राम वासियों के अतिरिक्त अन्य कई वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति होनी है। स्वाभाविक रूप से इस आयोजन को एक भव्य स्वरूप देने की तैयारी चल रही थी कि अचानक मूर्ति स्थापना हेतु निर्मित चबूतरे को ढहाने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल के साथ बुल्डोजर वाली सरकार बुल्डोजर के साथ पहुंची और निर्मित चबूतरे को ढहा दिया गया।





**कल्याण सिंह सहित मायावती, मुलायम सरकार में मंत्री रहे पंडित हरिशंकर तिवारी**

गांव के मुख्य द्वार पर लिखा गया स्व. पंडित हरिशंकर तिवारी का नाम सत्ता के नशे में चूर विधायक के गुंडों ने रात के अंधेरे में चोरी से मिटा दिया। जिस व्यक्ति को मृत्योपरांत गार्ड ऑफ ऑनर देकर इसी सरकार में सम्मानित किया गया हो, जो व्यक्ति हिंदुओं के सूर्य माननीय कल्याण सिंह जी की सरकार में भी उनका सहयोगी मंत्री रहा हो, जिस व्यक्ति को भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेई के सानिध्य में भी सम्मान मिलता रहा हो, मुलायम सिंह यादव जी, मायावती जी की सरकारों ने भी जिन्हे कैबिनेट मंत्री बनाकर लगातार सम्मानित किया हो और जो ब्राह्मण अस्मिता के पर्याय रहे हों। उनके मरने के बाद वर्तमान के निरंकुश शासनाधीष द्वारा लगातार उन्हे अपमानित किया जा रहा हो तो.. हमें क्या करना चाहिए?

**मूर्ति स्थापना का निर्णय ग्रामीणों का था ना कि उनके पुत्रों का**

गांव में उनकी मूर्ति स्थापित हो यह निर्णय हम उनके पुत्रों का नही था। यह निर्णय ग्रामवासियों का है। गांव के नागरिकों द्वारा निर्वाचित ग्राम प्रधान और ग्राम प्रबंध समिति का है पर अब यह हमारे स्वाभिमान का विषय भी बनता है और मेरे ही नही यह व्यवहार किसी भी स्वाभिमानी पिता के स्वाभिमानी पुत्र के साथ होता हो तो उसे सहन नही करना चाहिए। हम भी नही करेंगे और इस अराजकता का उत्तर कानून और व्यवस्था की परिधि में रहकर अवश्य देंगे। अपने सहयोगियों, समर्थकों से धैर्य और शांति बनाए रखने की अपील करते हुए विनयशंकर तिवारी ने कहा कि इस अनीति का उत्तर जरूर दिया जायेगा पर कानून व्यवस्था और मर्यादा की परिधि में रहकर।

# एण्टी करप्शन टीम ने दो पुलिसकर्मियों को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा

जन एक्सप्रेस । मोतीराम अड्डा, गोरखपुर



जनपद के खोराबार क्षेत्रांतर्गत रामनगर कड़जहा चौकी पर एण्टी करप्शन टीम गोरखपुर ने एक बड़ी कार्रवाई की। टीम ने पीएनओ 052050611 मुहम्मद एनाम खान और पीएनओ 152321464 आरक्षी सूरज सिंह को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, मुहम्मद एनाम खान की नियुक्ति 6 फरवरी 2024 को चौकी रामनगर कड़जहा पर हुई थी, जबकि आरक्षी सूरज सिंह की नियुक्ति 3 अगस्त 2023 को हुई थी। एंटी करप्शन टीम ने दोनों पुलिसकर्मियों को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। एंटी करप्शन टीम ने दोनों आरोपियों को थाना कैंट पर लाकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। इस घटना ने क्षेत्र में पुलिसकर्मियों की पारदर्शिता और ईमानदारी को लेकर सवाल खड़ा कर दिया है।

## जेल से छूटने के बाद अपराधी दे रहा जान माल की धमकी

**जन एक्सप्रेस/चौरीचौरा।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भोपा बाजार तहसील रोड निवासी रामसती देवी पत्नी स्वर्गीय विश्वनाथ यादव ने मुख्यमंत्री को जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर देवरिया जिले के थाना गौरी बाजार के गौरी बुजुर्ग निवासी रविन्द्र यादव उर्फ भीम यादव पुत्र सूर्यनाथ यादव पर जान माल की धमकी देने का आरोप लगायी है।रामसती देवी ने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि कूटरचित तरीके से दस्तावेज तैयार कर हमारी मकान अपने नाम कराने के आरोप में जेल जा चुका रविन्द्र यादव जेल से छूटने के बाद हम प्रार्थीनी तथा हमारे साथ मेरे मकान पर रह रहे मेरे भतीजे को जान माल की धमकी दे रहा है।रामसती देवी का कहना है कि हमारी कोई औलाद नहीं होने के कारण सेवा टहल के लिए मेरे मकान पर मेरे साथ मेरा भतीजा रहता है। रामसती देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## ट्रेन से गिरा मजदूर हुई दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** रेलवे ट्रैक के किनारे मिला शव, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी। बताया जाता है कि आनन्दनगर रेलवे स्टेशन के गणेशपुर ढाला के समीप रेलवे ट्रैक के बगल में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र सनसनी फैल गई। घर से टहलने निकले लोगों ने जैसी ही शव देखा तो तुरंत उक्त घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक मृतक व्यक्ति की पहचान 33 वर्षीय कमलेश पुत्र हरिप्रसाद साहनी निवासी ग्राम गणेशपुर वार्ड नंबर चार, फरेंदा के रूप में हुई हैं। मृतक कमलेश के पिता हरिप्रसाद साहनी ने बताया कि मेरा लड़का घर से मजदूरी करने के लिए सुबह सात बजे ट्रेन से बढ़नी जा रहा था और ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

# नवनीत मिश्र का डिप्टी एसपी में चयन होने पर पूर्व विधायक ने किया सम्मानित, प्रतिभा परिचय की मोहताज नहीं होती: चौधरी शिवेंद्र सिंह

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर-महराजगंज



पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह ने बुधवार सीआरपीएफ में डिप्टी एसपी पद पर चयनित नवनीत मिश्र को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया है। उसके पश्चात उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी की मुहताज नहीं होती है। उन्होंने कहा कि आज जनपद महराजगंज की माटी के सुगंध बने डिप्टी एसपी नवनीत मिश्र अपने परिवार के गौरव बनकर चार चांद लगा ही दिया साथ ही साथ महराजगंज की जनता ऐसे होनहार के पद प्रतिष्ठा पाने पर और आह्लादित हो रही है। इन्होंने अपने प्रथम प्रयास में यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर सीआरपीएफ में डिप्टी एसपी का पद सहजता और सरलता से हासिल कर लिया है जो आज महराजगंज की धरती के युवाओं के लिए उदाहरण साबित हो रहे हैं। इस सम्बन्ध में नवनीत मिश्र ने बताया कि मेरे सफ़ल होने में माता-पिता का भरपूर सहयोग रहा और मेरे ऊपर भरपूर भरोसा भी रहा एक दिन मेरा बेटा अपने लक्ष्य को हासिल करेगा। आज माता-पिता के सपनों को साकार कर पूरे-जनपद का नाम रोशन किया है। अंत में उन्होंने कहा कि आज यह शोहरत और यह मान सम्मान क्षेत्र परिवार की सम्मानित जनता के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है। आयोजित सम्मान समारोह में राकेश विश्वकर्मा, शिवम् जायसवाल उमेश कुमार, अभय सिंह, लल्लन सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंचायत भवनों पर लटक रहे ताले, जिम्मेदार मौन ग्रामीणों को नहीं मिल रहा जन सुविधाओं का लाभ

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



विकास खण्ड खजनी क्षेत्र में पंचायत भवनों में ताला लटका रहना आम बात हो गई, विभागीय जिम्मेदारों की मेहरबानी से पंचायत सहायक घर बैठे हर माह वेतन उठा रहें हैं। ग्रामीणों की प्राथमिक स्तर की अधिकांश समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उन्हें कोसों दूरी तय कर ब्लॉक के चक्कर लगाना मजबूरी बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन पर हमेशा ताला लटका रहता है। पंचायत भवन पर न तो विकास कार्यों को लेकर कभी बैठक की जाती है, न ही ग्रामीणों को प्राथमिक स्तर की सुविधाएं मिल पाती है। ऐसे में ग्रामीणों को दूरी तय कर ब्लॉक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है।आपको बता दें सरकार पंचायतो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक पहल कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से पहल धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। विकास खण्ड खजनी के ग्रामपंचायत खुटहना, सतुआभार का है जहाँ पंचायत भवन पर ताला लटका ही रहता है। पंचायत भवन परिसर में अतिक्रमण हो रखा है। सफाई की व्यवस्था नदारद है जिससे आये दिन गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। कर्मचारियों के बैठने के बजाय ताले लटके हुए मिलते हैं। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी गोरखपुर निलेश प्रताप सिंह का कहना है कि मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाई की जाएगी।

# बाबू राम नरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में नशा मुक्ति विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा

बाबू राम नरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, कोना बरही में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर महेश पति त्रिपाठी ने मद्यपान को भारतीय समाज के लिए एक गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इसके कारण समाज में कई सामाजिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

विशिष्ट अतिथि डॉक्टर बलविंदर प्रजापति ने भी मद्यपान के स्वास्थ्य पर प्रभाव की बात की, विशेष रूप से किडनी, लीवर, और मुख कैंसर जैसी समस्याओं का उल्लेख किया। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए एक व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में राजेश्वर सिंह, डॉ. नम्रता यादव, राजू प्रजापति, गोपाल पति त्रिपाठी, रीना सिंह, गीतांजलि मिश्रा, और विकास कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र मौर्य ने किया, और इसे सफल बनाने में आकाश कुमार, नितिन शर्मा, प्रिया गुप्ता, मुस्कान सिंह, आंचल गुप्ता, अंजलि शिवांगी चौहान, संजना चौधरी, और वंदना शर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस गोष्ठी ने नशा मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया और सभी को इस सामाजिक मुद्दे के प्रति जागरूक किया।

## दों बाल अपचारियों को पुलिस ने धर दबोचा

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** फरेंदा पुलिस ने दो बाल अपचारी चोरों को एक मोटरसाइकिल एवं कुछ रुपये के साथ गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही में जुट गई। फरेंदा कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छतरी पुल के पास मंगलवार को 12:30 बजे के लगभग अपराध एवं वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम उपनिरीक्षक गंगाराम यादव, कांस्टेबल अमित कुमार सिंह, कॉन्स्टेबल अखिलेश यादव, कांस्टेबल अनिल यादव प्रथम के द्वारा दों युवकों को रोका गया और पूछताछ के दौरान दोनों के पास से एक मोटरसाइकिल यूपी 56 वी 21 52, तथा डीवाईएस सीपीयू प्लस सेटअप बॉक्स व 6 हजार व 9 हजार रूपये अलग-अलग बरामद कर दोनों बाल अपचारी चोरों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 238/24 धारा 331(4)305 भारतीय न्याय संहिता तथा बढ़ोत्तरी धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता के गिरफ्तार कर आगे की कार्वाई की गई।

# शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक व छात्र उपस्थिति का एसडीएम सदर ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी प्राथमिक विद्यालय गरौली बुजुर्ग पिपरौली प्राथमिक विद्यालय हरैया सहित अन्य विद्यालयों का अपने सहयोगी नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे के साथ निरीक्षण कर विद्यालय परिसर में समुचित साफ-सफाई शौचालय सहित शिक्षण स्टाफ को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। पठन-पाठन की गुणवत्ता को को परखा यूनीफार्म का पैसा बच्चों के खाते में पहुंचने की बाबत जानकारी प्राप्त की बच्चे पेयजल के लिए इण्डिया मार्का हैण्डपम्प का उपयोग करे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बच्चों से वार्ता कर मिल रहे मिड डे मील के बारे में जानकारी प्राप्त कर आए हुए अभिभावकों से भी जानकारियां प्राप्त की शिक्षकों से कहा कि सभी शिक्षक गण समय से विद्यालय में आकर पठन-पाठन सुचारू रूप से संचालित करें जिससे नन्हे मुन्ने बच्चे देश के भविष्य के लिए तैयार हो सके।

# प्राइवेट अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के महदेवा चौक पर अवैध अस्पताल में बच्चे को जन्म देने के बाद एक महिला की मौत के मामले में डॉक्टर और अन्य स्टाफ के ऊपर गंभीर धाराओं में बुधवार को केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।इसके साथ ही आशा बहू मंजू को कार्यमुक्त कर दिया गया है। बता दें कि मंगलवार की रात परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था।



**अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गई**

सूचना पाकर मौके पर पहुंची श्यामदेउरवा पुलिस ने परिजनों को समझना शुरू किया लेकिन परिजन मनाने को तैयार नहीं थे। बाद में सीओ आभा सिंह ने भी परिजनों को समझाया और कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजनों ने हंगामा तो बंद कर दिया, लेकिन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।मंगलवार देर रात अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गई। इस मामले में बुधवार को मृतका के पति बृजेश की तहरीर पर डॉ अजय शर्मा व अन्य स्टॉफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने केस दर्ज होने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**महिला को गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया**

परतावल विकास खंड के बुद्धिराम पुर निवासी बृजेश भारती की पत्नी उजाला उम्र 25 वर्ष को सोमवार को प्रसव पीड़ा हुआ। परिजनों ने इस की सूचना गांव की आशा को दी। आशा ने महिला को महदेवा चौक के निजी अस्पताल कृष्णा हेल्थ सेंटर में भर्ती कराया। ऑपरेशन के बाद सोमवार की शाम महिला ने बेटे को जन्म दिया। परिजनों को डॉक्टर ने बताया कि महिला के शरीर में खून की कमी हो गई है। खून चढ़ाने के नाम पर डॉक्टर ने 25 हजार रुपए जमा करा लिए। दस मिनट बाद डॉक्टर ने परिजनों से बताया कि मरीज की हालत ठीक नहीं है। महिला को गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन महिला को गोरखपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। शव लेकर परिजन दुबारा महदेवा अस्पताल पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया।

# पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा एस आर डी पब्लिक स्कूल में हुआ वृक्षारोपण



जन एक्सप्रेस। आगरा

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, छावनी महानगर एवं दि आइकॉनिक ग्लोबल फाउंडेशन, आगरा द्वारा बुधवार दिनांक 31 जुलाई 2023 को वृक्षारोपण कार्यम का आयोजन एस आर डी पब्लिक स्कूल, अकोला, आगरा में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, छावनी महानगर के संयोजक एड. अनिल शुक्ला द्वारा विद्यालय के प्रबंधक लोकपाल चाहर को पौधा देकर किया गया।

इस पौधे को विद्यालय में रोपित किया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण गतिविधि और दि आइकॉनिक ग्लोबल फाउंडेशन, आगरा द्वारा विद्यालय को इक्यावन पौधे प्रदान किए गए।

इन पौधों में अशोक, विल्वपत्र, गुड़हल, चांदनी, मीठा नीम आदि के पौधों को विद्यालय की प्रधानाचार्या मोहिनी सिंह के निर्देशन में रोपित किया गया।विद्यालय के छात्र छात्राओं ने वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में विशेष उत्साह के साथ सहभागिता की और पौधे विद्यालय के प्रांगण में लगाए। पर्यावरण प्रेमी चंद्रशेखर शर्मा, अभिषेक पाराशर ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के विषय में बताया। दि इकोनिक ग्लोबल फाउंडेशन के अध्यक्ष अमित लवानिया और पर्यावरण प्रेमी यतीश लवानिया ने सभी उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

# दूध दही का उत्पादन हरपुर ब्राहिमपुर गांव की पहचान

जन एक्सप्रेस। मनोज सिंह

**अम्बेडकर नगर।** जलालपुर ब्लॉक का हरपुर ब्राहिमपुर गांव श्वेत क्रांति को साकार कर रहा है। दूध दही का उत्पादन यहां की पहचान बन गई है। यहां से सैकड़ो लीटर दूध, दही, व देशी घी प्रतिदिन बाजारों में पहुंच रही है। घर की महिलाएं भी इस कार्य में पुरुषों का हाथ बटाती है।यहां के लोग चार पहिया वाहनों को भी उतनी दरजीह नहीं देते जितनी गाय और भैंस को देते हैं। प्रत्येक घर के सामने दो-चार गाय या भैंस बंधे रहते हैं। जिसे ग्रामीण अपनी शान मानते हैं। दूध दही का उत्पादन ही यहां के लोगों की उन्नति का आधार है। हरपुर ब्राहिमपुर गांव के पशुपालक औरों को समृद्धि की राह दिखा रहे हैं। यहां पूरा गांव ही दूध दही का उत्पादन करता है। दूध दही के उत्पादन से गांव के पशुपालक प्रगति की गाथा लिख रहे हैं। यहां के तमाम पशुपालक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला रहे हैं। आज जहां लोग खेती किसानी से निराश होकर शहरों की ओर भाग रहे हैं। वही हरपुर ब्राहिमपुर गांव के लोग खेती किसानी व पशु पालन से खुद तो समृद्ध हो ही रहे हैं। साथ ही दूसरों को गांव में ही रहकर समृद्धि की राह दिखा रहे हैं। पशुपालन गांव की पहचान बन गई है। इस काम में पूरा परिवार साथ देता है।



## विरासत में मिला दुग्ध व्यवसाय

गांव के मनदीप वर्मा कहते हैं कि हमारे पूर्वज भी दूध का व्यवसाय करते थे। यह हमें विरासत में मिला है। घर की महिलाएं भी इस काम को मन से करती हैं। अच्छी आमदनी भी होती है। और खाने को शुद्ध दूध, दही व देशी घी भी मिलता है। रमेश वर्मा ने कहा कि भैंस हमारे गांव की पहचान है। इसके चारा पानी में पूरा दिन बीत जाता है। मुर्रा नस्ल की भैंस यहां के लोग ज्यादा पसंद करते हैं। एक भैंस पर हर महीने लगभग रू.4 हजार खर्च आता है। हर माह करीब 250 लीटर दूध निकलता है। कुल मिलाकर रू. 7 हजार प्रतिमाह की बचत होती है। सत्यदेव वर्मा ने कहा कि हम लोग भैंस को दिन में एक बार टहलाते हैं। और गर्मी में नहलाते हैं। इस काम में परिवार की महिलाएं व बच्चे सभी सहयोग करते हैं। हमारे गांव में पशुओं को बहुत महत्व दिया जाता है।

## गांव से लगभग 600 लीटर दूध प्रतिदिन पहुंचता है बाजार

इस गांव में लगभग डेढ़ सौ घर हैं। वैसे तो यह वर्मा बाहुल्य गांव है। लेकिन अन्य वर्ग के लोग भी निवास करते हैं। लगभग 350 भैंस व 50 गाय है। अपनी जरूरत भर का रखने के बाद सुबह शाम प्रतिदिन यहां से करीब 600 लीटर दूध बाजारों में जाता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### घायल शिक्षामित्र भगवती देवी का उचित उपचार न कराने से शिक्षामित्रों में रोष व्याप्त

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** विकासखंड खेरागढ़ के उच्च प्राथमिक (कम्पोजिट विद्यालय) खेरागढ़ प्रथम में तैनात शिक्षामित्र भगवती देवी का उचित इलाज न कराने से शिक्षामित्रों में रोष ब्याप्त है। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व विद्यालय की छत का पिलास्टर गिरने से शिक्षामित्र भगवती देवी के सिर व हाथ में चोट आ गयी थी । घटना की जानकारी होने पर जब उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह छौंकर ने भगवती देवी से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि सिर में चोट की बजह से आज ज्यादा दिक्कत हो रही है चक्कर आ रहे हैं मौके पर तो शिक्षा विभाग व प्रशासन के अधिकारी पहुँच गए पर इलाज के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की गयी। जबकि भगवती देवी के हाथ व सिर में चोट होने के बाबजूद न एक्सरे कराया गया और न सिर का सीटी स्कैन कराया गया। क्या अल्प मानदेय पर शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्रों की जान की कोई कीमत नहीं है अभी एक साल पहले विकासखंड खेरागढ़ में ही तैनात शिक्षामित्र रामकिशन गैस सिलेंडर में लगी आग से रसोइया को बचाने के प्रयास में स्वयं जल गए थे। संगठन की शासन, प्रशासन से माँग है कि घायल शिक्षामित्र भगवती देवी का उचित इलाज कराया जाए।

### आगरा एयरपोर्ट और स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा एयरपोर्ट और कैंट रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आगरा पुलिस को चुनौती दी गई है। चेतावनी दी गई है कि अगर बचा सकते हो तो बचाकर दिखाओ। शाहगंज थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। अळर, इंटेलिजेंस समेत सुरक्षा एजेंसियों से ये जानकारी साझा की गई है। बता दें कि 15 अगस्त करीब है, ऐसे में सुरक्षा का अलर्ट पहले से हैं। पुलिस ने एयरपोर्ट और आगरा रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को बढ़ा दिया है। पुलिस सोर्स के मुताबिक, 30 जुलाई, 2024 की शाम 4 बजे शाहगंज थाना प्रभारी के मोबाइल पर एक वॉट्सऐप मैसेज आया। इसमें धमकी दी गई थी कि एयरपोर्ट और आगरा के रेलवे स्टेशन को बम से उड़ा दिया जाएगा। संदेश में लिखा है कि आगरा के एयरपोर्ट में 50 किलो फऊ रखने वाला है। इसके बाद आगरा कैंट रेलवे स्टेशन में भी बम लगा दूंगा। अगर किसी पुलिस वाले में हिम्मत है, तो रोककर दिखाए। पुलिस को चैलेंज देता हूं। 3 अगस्त, 2024 को सीएम योगी आदित्यनाथ को भी चैलेंज करता हूं। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन को सेव कर सकते हैं, तो करके दिखाएं। इस मामले में कमिश्नर आगरा ने लखनऊ ऊऋढ मुख्यालय को जानकारी भेजी है। आगरा में संदिग्ध मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम को एक्टिव किया गया है। रेलवे स्टेशन पर बाहर से आने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा के इंतजाम कड़े किए गए हैं। संदिग्ध दिखने वाले लोगों की तलाशी हो रही है। अभी नए सिरे से अलर्ट जारी नहीं हुआ है, मगर यूपी के सभी रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर सतर्कता बरती जा रही है।

### परिषदीय स्कूलों के निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को शासन को भेजा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बुधवार को उपजिलाधिकारी संदीप यादव ने खेरागढ़ क्षेत्र के लगभग प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों का निरीक्षण किया। मंगलवार को खेरागढ़ कस्बे के जूंनियर स्कूल (कंपोजिट) प्रथम के विद्यालय के ऑफिस की छत का प्लास्टर गिरने से अफरा तफरी मच गई। बुधवार को उपजिलाधिकारी ने जगनेर ब्लॉक के पांच प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने में विद्यालय के भवन, रसोई घर, साफ-सफाई का आदि का जायजा लिया। ऑफिस के रजिस्टर चेक किये। निरीक्षण के दौरान उन्हें नगला भजना में बच्चों के लिए किताब, नगला रुंध में पीने का पानी, नगला पलटू में फर्नीचर आदि की कमी मिली। जिसमें उपजिलाधिकारी संदीप यादव ने प्रेरणा एप के माध्यम से शासन को फोटो सहित रिपोर्ट भेज दी। एसडीएम ने अध्यापकों से कहा कि पठन-पाठन की गुणवत्ता बेहतर बनाये। कहा कि प्राथमिक विद्यालय छात्र जीवन की पहली पाठशाला है। विद्यालयों पर इन्हें जिस प्रकार का वातावरण मिलेगा, उसी से उनका मार्गदर्शन होगा। एसडीएम ने अध्यापकों से छात्रों के सामान्य ज्ञान एवं करेंट अफेयर्स से जुड़ी जानकारियों से अपडेट करते रहने की नसीहत दी। इस दौरान साथ में तहसीलदार मनोज कुमार, बीईओ दीपक कुमार और जगत सिंह राजपूत आदि रहे।

### अभाविप ने कॉलेजों में लगाया सदस्यता शिविर

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को आगरा जिले के माही इंटरनेशल स्कूल, मोती लाल इंटर कॉलेज आदि कॉलेजों में सदस्यता शिविर का आयोजन किया गया। जहां कई छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद की सदस्यता दिलायी गयी। वहीं सदस्यता अभियान के दौरान युवाओं में भी काफी उत्साह देखने को मिला। ब्रज प्रान्त के संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो कि साल के 365 दिन निस्वार्थ भाव से सेवा का कार्यकर्ता है। आज जिले के विभिन्न कॉलेजों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बताया कि यह सदस्यता अभियान 20 जुलाई से 20 अगस्त तक चलेगा। इसमें सभी छात्रों को विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रवादी छात्र संगठन से जुड़कर छात्रहित, राष्ट्रहित व समाजहित में अपना योगदान देने का मौका देती है।

# शिक्षा का प्रचार प्रसार और विस्तार सरकार की प्राथमिकता : योगेंद्र उपाध्याय

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/आगरा



उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विधानसभा मानसून सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय द्वितीय संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा करते हुए सदन में कहा हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि शिक्षा सस्ती हो जब प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी तो गुणवत्ता भी बढ़ेगी। उन्होंने विपक्ष के सवाल पर जवाब देते हुए कहा प्राइवेट लोगों ने भी अच्छे काम किए हैं आज प्रदेश भर में निजी विश्वविद्यालय खुल रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो छात्रों को एडमिशन मिलना भी संभव नहीं था अगर एडमिशन नहीं मिलता तो शिक्षा नहीं मिलती। योगी सरकार का प्रयास समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को शिक्षित कर हर व्यक्ति को गुणवत्ता परक सस्ती शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा आज वह लोग निजी विश्वविद्यालय पर सवाल खड़े कर रहे हैं जिनके शासनकाल में जौहर विश्वविद्यालय बना और उसका क्या हश्र हुआ। फर्जी डिग्री जिनके शासनकाल में मिलती थी। उन्होंने कहा पिछली सरकार में एक भी सरकारी विद्यालय ग्रेडिंग में नहीं था आज 7 सरकारी विश्वविद्यालय ए प्लस दो यूजीसी ग्रेड प्लस और दो इंटरनेशनल ग्रेडिंग की प्रतिस्पर्धा में है। विपक्ष के लोगों को निजी विश्वविद्यालय की उपयोगिता बताते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा आज वह लोग आरक्षण की बात कर रहे हैं जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में आरक्षण के विषय में कभी भी नहीं बोले। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में जो निजी विश्वविद्यालय बन रहे हैं उनमें समाज के अल्पसंख्यक, दलित वर्ग पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग की बराबर सहभागिता है। बुंदेलखंड में विश्वविद्यालय खुला है। सदन में जवाब देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा योगी सरकार की आगामी योजना है प्रदेश के हर जिले में सरकारी और गैर सरकारी विश्वविद्यालय बनाने की नीति तैयार करने की हैं। उन्होंने कहा शिक्षा का उन्नयन हो शिक्षा का विकास और शिक्षा को नए आयाम मिले इसके लिए सरकार व्यापक रणनीति तैयार कर रही है। योगेंद्र उपाध्याय ने विपक्ष के सवालों का करारा जवाब देते हुए कहा पिछली सरकारों में 8 मंडलों को सरकारी विश्वविद्यालय और सरकारी महाविद्यालय विहीन रखा गया था। आज सरकार नीति बना रही है शिक्षा सस्ती, गुणवत्ता परक हो और शिक्षा की पहुंच हर किसी तक सुगमता से संभव हो इसलिए विपक्ष को बुरा लग रहा है।

# डॉ कौशल सोनी बने राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष



जन एक्सप्रेस। आगरा

राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा स्वर्णकार ने होटल ग्रांड रेडिएंट हजरतगंज लखनऊ में राष्ट्रीय स्वर्णकार की प्रेसवार्ता में पूर्व ब्लॉक प्रमुख जेतपुर महोबा, भाजपा के पिछड़ा समाज के प्रदेश नेता डॉ कौशल सोनी जी को राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच का उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष घोषित किया। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच उत्तर प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष डॉ कौशल सोनी के नेतृत्व में स्वर्णकार समाज को राजनीतिक भागीदारी मिलेगी और जल्द ही पिचहत्तर जिलो में जिलाध्यक्ष नियुक्ति होंगे प्रदेश की टीम बनेगी। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि हम स्वर्णकार समाज के लिए राजनीतिक भागीदारी के लिए निरंतर कार्य कर रहे और जल्द ही राष्ट्रीय सम्मेलन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत प्रदेश महामंत्री संजय वर्मा भाई भाई ने किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ कौशल सोनी ने कहा कि वो स्वर्णकार समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शीर्ष नेतृत्व से मिलकर संख्या के अनुपात के हिसाब से अपनी भागीदारी की मांग रखेंगे। राष्ट्रीय एकता विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य कुमार वर्मा ने कहा कि विधानसभा 2027 का विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय एकता विकास मंच ओर राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच मजबूती के साथ लड़ेगा।

# तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ ने पुलिस कर्मियों को किया प्रशिक्षित



जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय के नेतृत्व में जनपद तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के द्वारा उपस्थित पुलिस कर्मियों को तंबाकू एवं धूम्रपान सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया तथा तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। एवं तंबाकू एवं धूम्रपान सेवन न करने के लिए पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गईकार्यक्रम के दौरान

डॉ सर्वेश कुमार, दिलीप पांडे, आशुतोष मौर्या, बृजमणि राय संतोष कुमार, जुबेर आलम, नरसिंह बहादुर, आदर्श, तारकेश्वर पटेल सहित सहित पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने की संचारी रोगों के रोकथामों के संबंध में बैठक

जन एक्सप्रेस। आगरा

बुधवार को उपजिलाधिकारी संदीप यादव ने तहसील के सभी सीएचसी अधीक्षकों व डॉक्टरों के साथ तहसील परिसर के उपजिलाधिकारी कार्यालय में बैठक की। उपजिलाधिकारी संदीप यादव ने संचारी रोगों की रोकथाम और साफ-सफाई जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संदीप यादव ने अधीक्षकों से आशाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वो हर गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले जाए लोगो को समझाए की प्रत्येक साल बारिश के महीनों में संचारी रोगों का प्रकोप होता है, उससे बचाव के लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। संचारी रोगों से बचाव के लिए दिन में सभी फुल आस्तीन के कपड़े पहनें और अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें।

# छात्राओं ने फौजी भाइयों को राखी भेजने का लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस। आगरा

भारत विकास परिषद समर्पण की ओर से बल्केश्वर स्थित गणेशराम नागर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक अखिलेश भटनागर ने बताया कि स्कुल की कक्षा 9 व 11 की लगभग 150 छात्राओं ने राखी बनाओ प्रतियोगिता, बेकार को आकार, श्री कृष्ण झूला, श्री गणेश जी का सिंहासन सज्जा, फल व सब्जियों से आकृति बनाना, बिना आग के खाना बनाना व बहुउपयोगी रंगोली बनाने की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभाओं का पूरे उत्साह के साथ प्रदर्शन किया।




अध्यक्ष सौरभ गोयल ने बताया कि छात्राओं ने अपनी बनाई राखियों को सीमा पर तैनात हमारे फौजी भाईयों के लिए भेजने का संकल्प लिया। निर्णायक मंडल द्वारा दिये अंकों के आधार पर सभी बच्चों को उपहार व प्रमाण पत्र दिये गये। इस अवसर पर देवेंद्र मांडलस, रश्मि वर्मा, संजीव दौनेरिया, गुंजन अग्रवाल, दीपेश जैन, पूजा बंसल, अंशुल दौनेरिया, रोहित गर्ग, जितेंद्र काशीवाल, डॉ मोनिका अस्थाना, संगीता, आदिति, बबिता, शिल्पी, पूजा,सोनम,श्रुति, आयुशी, मोनिका, प्रियंका आदि मौजूद रही।

# जूतों पर क्यों सी ओ, बीआई एस : पूरन डाबर

जन एक्सप्रेस। आगरा



आगरा फुटवियर मैनुफैक्चरस एवं एक्सपोर्ट्स चैम्बर के अध्यक्ष पूरन डाबर ने कहा है कि इस समय पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है सबसे बड़े बाजार के रूप में और विश्व की उत्पादन फैक्ट्री के रूप में देख रहा है और हर ग्लोबल आर्थिक संस्थाएँ यह पूरी शताब्दी भारत की बताती हैं। सरकार भी पूरे प्रयास कर रही है मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को किस तरह बढ़ावा दिया जाए कैसे रोजमर्रा की कंज्यूमर गुड्स का इंपोर्ट बंद हो या घटे,उत्पादन देश में हो उस पर कुछ ड्यूटी बड़ाकर टैरिफ बैरियर और कुछ अन्य तरह की रोक लगाकर नॉन टैरिफ बैरियर के प्रयास कर रही है। लेकिन देश के आम नागरिकों या छोटे उत्पादकों की सीमित समझ कहें, अज्ञानता कहें या फिर सरकारी तंत्र से इतने प्रताड़ित हो चुके हैं कारण वह भय है .. हर उस अच्छे कदमों का विरोध करते हैं जो उनके लिए ही किए जा रहे हैं अग्नवीर हो या किसान कानून ये अद्भुत योजनायें राजनीति की भेंट चढ़ चुके हैं। अभी जूते की गुणवत्ता बढ़ाने देश , देश कि में बने जूतों की गुणवत्ता बड़ाने, देश और विदेश में विश्वास पैदा करने , चीन, वियतनाम जैसे देशों में देशों से जूते के आयात को कतई रोकने ताकि यह आयात होने वाले तमाम सिंथेटिक जूते स्पोर्ट्स शू चीन जैसे देशों से आयात न होकर भारत में बने और तमाम विदेशी ब्रांड नाईकी, एडिडास, पूमा, अंडर आर्मर आदि आदि जो भारत में बिक रहे हैं भारत में ही बनें जिससे यहाँ का उद्योग खड़ा हो और रोजगार बढ़ें.क्युसी ओ लाए गए हैं बीआई एस के दायरे में लाया गया है। आश्चर्य होता है की वही लोग जिनके लिए यह सब किया जा रहा विरोध करने लगते हैं और सहारा उन छोटे उद्यमियों का लिया जाता है जो इस दायरे में आते ही नहीं सूक्ष्म एवं लघु उद्यमी जिनका टर्नओवर 50 करोड़ से नीचे है दायरे में कतई नहीं उन्हें यह कर करा भड़काया जा रहा की आने वाले समय आप पर भी लगेगा। उन छोटे उद्यमियों को कतई भड़कावे में नहीं आना चाहिए जब तक आप पर लगने का समय आयेगा तब तक आप भी तैयार हो चुके होंगे और उसके महत्व को समझने लगेंगे।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरा, हुई मौत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

मधुमक्खी पालक नल पर पानी भरने गया था। नल के ऊपर होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया। करंट से झुलसे मधुमक्खी पालक को छर्रा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। दादों कस्बा के जिरौली में मधुमक्खी पालक के ऊपर हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया, जिससे उनकी मौत हो गई। मौत से परिवार में मातम छा गया। बिहार में जिला मुजफ्फरपुर थाना मीनापुर के गांव गंज बाजार सेंटर निवासी 45 वर्षीय मंगल पुत्र बाबूलाल प्रसाद कस्बा जिरौली में रहकर मधुमक्खी पालने का काम करता था। 31 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे नल पर पानी भरने गया था।

# बीरसिंहपुर विद्युत उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि का कार्य शुरू

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

तहसील क्षेत्र के बीरसिंहपुर उपकेंद्र से जुड़े बिजली उपभाक्ताओं को जल्द ही राहत मिलेगी। इसके लिए ट्रांसफार्मर से लेकर पावरहाउस तक की क्षमता बढ़ाई जा रही है। अमर उजाला ने तीन जून को ही यह खबर प्रकाशित की थी, लेकिन अधिकारी लापरवाही बरत रहे थे। अब क्षेत्रीय विधायक की सख्ती के बाद काम शुरू हो गया है।

लो वोल्टेज व बिजली कटौती से परेशान लोगों ने अधिकारियों समेत सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय से शिकायत की थी। विधायक ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर अफसरों की लापरवाही पर नाराजगी जताई थी। उसके बाद सोमवार को बीरसिंहपुर उपकेंद्र की क्षमता दोगुनी करते हुए पांच एमबीए का ट्रांसफार्मर बदल कर 10 एमबीए कर दिया गया। साथ ही मंगलवार को भी फीडरों, बैटरी व मशीनों को बदलने का कार्य चलता रहा।

हालांकि शासन से चार उपकेंद्रों दियरा, बीरसिंहपुर, कूरेभार व उघड़पुर की क्षमता वृद्धि के लिए शासन से 5.25 करोड़ की वित्तीय स्वीकृत मिली है। अधिशाषी अभियंता जयसिंहपुर संजय कुमार यादव ने बताया कि कार्यों को कराने के लिए अधिसूचना से पहले शासन से अनुमति व वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी थी। टेंडर कराने व कार्य शुरु होने में थोड़ा सा विलंब हुआ लेकिन अब दो दिन के अंदर समस्या दूर कर ली जाएगी।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई.-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 09/डब्ल्यू/ बीडब्ल्यूएस/ सीबी/एल.के. ओ/2024-25 | एएमजी – यूटीआर खंड में ब्रिज नंबर 803 उत्तर, दक्षिण और बाईपास लाइनों (3x18.3 मीटर) और एलकेओ-एवाईसी खंड में बीआर नंबर 391 (1x18.3 एम) की रीगर्डिंग। – पुल संख्या 297 (1x18.3m, किमी 962.85, ABP - AYC के गर्डर को स्टील गर्डर से बदलना। लखनऊ मंडल के रायबरेली– उतरेटिया खंड में पुल संख्या 429ए की रीगर्डिंग। ब्रिजगर नंबर – 228 ए 04x12.2 मीटर और ब्रिज नंबर – 241 बी 04x12.2 मीटर फिश बेली टाइप वेल्डेड प्लेट गर्डर की स्टील सामग्री का निर्माण और आपूर्ति डीआरजी नंबर-एनआरएचक्यूई प्लान नंबर – एमबी– 153/ डीएलआई और 154/डीएलआई के अनुसार जीजेडबी – एएलजेएन पर जीजेडबी – एमआईयू स्टेशन के बीच और डीएलआई – जीजेडबी सेक्शन पर डीएसए-एसएसबी स्टेशन के बीच ब्रिज नंबर – 228ए और बीआर नंबर – 241 बी. की रीगर्डरिंग के लिए। जल जमाव को रोकने के लिए बंद एलसी नंबर 20/सी (यूसीआर– आरबीएल सेक्शन) और 69/सी, 94/सी (यूसीआर – ऑन सेक्शन) पर एलएचएस और अन्य सहायक कार्यों के पहुंच मार्गों को कवर करने के लिए शेड का प्रावधान। समपार सं 1 पर ऊपरी सड़क पुलों के लिए निरीक्षण व्यवस्था का प्रावधान। (74, 78, 2-बी, आरबीएल में 44, बीपीयू में 54, पीएफएम पर 71, केएम.37/18-19 और एफओबी बी/डब्ल्यू पीआरजी और पीआरवाईजे)। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 117258231.26 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रु. 736300.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 13.08.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 27.08.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्न लिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या "V" (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञाप्ति मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | रनिंग ट्रैक में गर्डर, प्लेट गर्डर, एफओबी आदि के माध्यम से गर्डरों का संविरचन, आपूर्ति, संयोजन निर्माण और लॉन्चिंग/रीगर्डरिंग। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता /से. कर्म. उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ |

नोट : 1. ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। 2. समस्त नियम और शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू. सं.– 09/डब्ल्यू/बीडब्लूएस/सी.बी./एल.के.ओ./2024-25 दिनांक 29.07.2024**

2326/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने कान्हा गौ संरक्षण केन्द्र न्यूरिया का किया औचक निरीक्षण

- लोगों से बातचीत कर मलेरिया/डेंगू की ली जानकारी
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ब्लीचिंग पाउडर, एन्टीलार्वा का छिड़काव एवं फॉगिंग कराने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विकास खण्ड मरौरी के अन्तर्गत कान्हा गौ संरक्षण केन्द्र न्यूरिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि गौशाला में 124 निराश्रित गौवंशों को आश्रित किया गया है। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सक को नियमित गौवंशों की देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने नगर पंचायत पकड़िया नौगवा के वार्ड नम्बर एक का औचक निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति को देखा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि पिछले वर्ष पंचायत में डेंगू/मलेरिया के केस बहुत पाए गए थे, नगर पंचायत पकडिया नौगवा में डेंगू मलेरिया की संभावनाएं अधिक रहती हैं। जिलाधिकारी ने लोगों से बातचीत कर मलेरिया के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट में जल भराव की स्थिति को देखा, इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्लाट मालिक सम्पर्क स्थापित कर प्लाट में मिट्टी का पटान कराना सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ उन्होंने वार्ड मेम्बर को निर्देश दिये कि नालियों की साफ सफाई कराई जाये जिससे की नालियों का पानी निकल सके। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कैंपों के माध्यम से लोगों का चेकअप कराया जाए पॉजिटिव पाए जाने पर तुरंत दवाइयां दिलवाई जाए जिससे कि संचारी रोगों पर नियंत्रण लगाया जा सके। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जहां-जहां जल भराव की स्थिति है वहॉ पर ब्लीचिंग पाउडर डलवाया जाये व एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए तथा वार्ड में फॉगिंग का कार्य कराया जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

बाल तस्करी रोकथाम को लेकर जिला प्रोबेशन अधिकारी

## एसएसबी एवं पुलिस के साथ नेपाल सीमावर्ती गांव बुंदीभूड़ में किया ग्रामीणों को जागरूक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




निदेशालय महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पीलीभीत नेपाल सीमावर्ती गांव में जिला प्रोबेशन अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने जनपद की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम के साथ मिलकर थाना माधोटांडा क्षेत्र के बुंदिभुड़ गांव में ग्रामीणों को जागरूक किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाल तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर बुधबार को सीमावर्ती गांव में अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने ग्रामीणों को बताया कि अगर आपके गांव में कोई भी संदिग्धध् अपरिचित व्यक्ति कोई भी लालच देकर आपके बच्चों को कहीं ले जाकर नौकरी लगवाने अथवा काम दिलाने की बात करता है, तो उससे साबधान रहें। आपके बच्चे के साथ खतरा हो सकता हैं। वह बधुआ मजदूरी, यौन शोषण, बाल विवाह, शारीरिक शोषण का शिकार हो सकता हैं। आप इसकी सूचना तत्काल टोल फ्री नंबर 1098 अथवा 112 पर दें। मौके पर ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए बच्चों को चिन्हित किया गया जिला प्रोबेशन अधिकारी ने ग्राम प्रधान को गांव की निराश्रित महिलाओं के लिए निराश्रित महिला पेंशन का आवेदन कराने के निर्देश दिए। थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस सदैव आपके साथ खड़ी है, किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आए और अपने बच्चों को 18 साल से कहीं पर काम करने के लिए न भेजें बाल विवाह बाल श्रम कानूनी अपराध है कोई यदि इसमें संलग्न पाया जाता है तो उसके नियोजन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। निर्वान सिंह जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल योजना सेवा एवं निराश्रित महिला पेंशन के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। एसएसबी निरीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि किसी भी तस्करी से संबंधित जानकारी को संबंधित एसएसबी पोस्ट पर करें, उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से समन्वय कर योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा। जागरूकता टीम में थाना माधोटांडा की पुलिस चैकी रमनगरा के प्रभारी हरवंश वर्मा एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के कांस्टेबल भानु प्रताप एवं अमित कुमार, सुनीता आदि सम्मिलित रहे।

## बाढ़ बचाव सामग्री भरी गाड़ी को पलिया पुलिस ने रोका, बचाव कार्य प्रभावित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** बाढ़ बचाव सामग्री लेकर आ रहे वाहन को पड़ोसी जिला लखीमपुर खीरी की कोतवाली पलिया पुलिस के ने रोक लिया।आरोप है कि पुलिस गाड़ी निकाली के नाम पर रुपयों की मांग कर रही है।मामले में बाढ़ खंड के अभियंता ने उच्चाधिकारियों को जानकारी देते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।समय से बाढ़ बचाव सामग्री न पंहुचने से बचाव कार्य प्रभावित है। बाढ़ खंड पीलीभीत के द्वारा ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव नहरोसा के पास शारदा नदी के द्वारा भूमि का कटान किया जा रहा है। जिसके बचाव के लिए बाढ़ बचाव कार्य कराया जा रहा है। बचाव सामग्री समाप्त होने पर बाढ़ खंड के अधिकारियों के द्वारा डीसीएम के द्वारा सामग्री बचाव कार्य स्थल पर मंगाया गया था। डीसीएम में एसी बैग, जिओ बैग ,नायलॉन बैग सहित अन्य प्रकार के बचाव सामग्री थी। यह गाड़ी लखीमपुर खीरी के भीरा पलिया मार्ग से होते हुए ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचनी थी।अतरिया के पास पीडब्ल्यूडी मुख्य मार्ग पर जहां पानी बह रहा है वहां पर पलिया कोतवाली पुलिस द्वारा डीसीएम को रोक लिया गया। उधर जानकारी होने पर बाढ़ खंड के अभियंता अजय कुमार ने पलिया कोतवाल को दूरभाष पर जानकारी देते हुए बाढ़ बचाव की सामग्री को निकल जाने देने की बात कही गई। मगर पुलिस ने एक नहीं सुनी। कुछ समय बीतने के बाद डीसीएम चालक व अन्य वाहनों के कुछ चालकों से पुलिस के द्वारा सुविधा शुल्क लेने के बाद गाड़ी निकलने दिया।यहां बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र में बाढ़ और नदियों के द्वारा भूमि कटान किए जाने वाले स्थानों पर बाढ़ बचाव कार्य प्रमुखता से कराने का निर्देश दिया गया है एक तरफ जहां बाढ़ खंड के द्वारा बाढ़ बचाव कार्य कराया जा रहा है वही योगी सरकार के ही पुलिसकर्मी कार्य में रोड़ा अटका रहे हैं बाढ़ खंड के अभियंता अजय कुमार ने उक्त मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# धर्मिक स्थल पर दबंगो ने किया कब्जा डाली टीन शेड



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव अर्सियाबोझ में देवी स्थल पर दबंगो का कब्जा।वही अवैध कब्जा को लेकर गाव के ग्रामीणो मे आक्रोश पनप रहा है।गांव के दर्जनो ग्रामीणो ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा मुक्त करने की थाना पुलिस से गुहार लगाई है। शिकायती पत्र मे बताया गया है कि गांव में बहुत कई वर्षो पुराना देवी स्थान है। जहाँ पर हर साल गांव के सभी लोग मिलकर पूजा पाठ कराते आ रहे है।तथा उस स्थान पर गांव के ही दबंग वेद प्रकाश, जमुना प्रसाद पुत्रगण ढांकन लाल ने टीन सेट डालकर कब्जा कर लिया है। गांव के दो दर्जन लोगों ने कब्जा से मुक्त करने की गुहार लगाई है।शिकायती पत्र देने वालो मे वर्तमान ग्राम प्रधान गयादीन, छत्रपाल, गुरुदयाल, शिवकुमार, रामखिलौना, दोदलाल, ख्योराज, ऋषिपाल सिंह, ठाकुर दास, श्याम लाल, ओमप्रकाश, रामवीर, वीरेंद्र कुमार, चिंतामन, मोहनलाल, सोमप्रकाश,महेश कुमार आदि लोग शामिल रहे।



## एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम

**पीलीभीत।** एक पेड़ माँ के नाम पहल के अन्तर्गत चिरौंजीलाल वीरेन्द्रपाल सरस्वती विद्यामंदिर इण्टर कॉलेज के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबन्धक प्रदीप नवरंग एवं कोषाध्यक्ष रामअवतार गुप्त ने वृक्षारोपण किया। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रभान शर्मा ने वृक्षों के महत्व के विषय में विस्तार से बताया कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार का आयोजन प्रत्येक पुत्र के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बन्धु एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे वाले प्रदेश के टॉप- 10 जिलों में मऊ-जौनपुर, इन शहरों में दुर्घटनाओं में आई कमी

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

सड़क हादसे वाले प्रदेश के टॉप-10 जनपदों में पूर्वांचल का मऊ और जौनपुर जिला शामिल है। प्रदेश भर में मऊ तीसरे और जौनपुर आठवें स्थान पर है। सुकून की बात यह है कि वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, मिर्जापुर और आजमगढ़ में सड़क हादसों में कमी दर्ज की गई है। एक जनवरी से 30 जून 2023 तक और एक जनवरी से 30 जून 2024 तक सड़क हादसों में हुई लोगों की मौतों का आंकड़ा परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने जारी किया है। इसके अनुसार मऊ जिले में वर्ष 2023 के शुरुआती छह महीने में 76 लोगों की मौत हुई थी। इसी अवधि में वर्ष 2024 में 102 लोगों ने जान गंवाई। इस तरह से मृतकों की संख्या में 34.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जौनपुर जिले में वर्ष 2023 में जनवरी से जून के बीच 171 लोगों की मौत हुई थी। जबकि, वर्ष 2024 में 200 लोगों की मौत हुई है और मृतकों की संख्या 17 प्रतिशत बढ़ गई। बलिया में गत वर्ष शुरुआती छह माह में 148 तो इस वर्ष 151 लोगों की सड़क हादसे में जान गई। वहीं, गाजीपुर में वर्ष 2023 में जनवरी से जून तक 127 लोगों की जान गई थी। इस वर्ष गत छह माह में 129 लोग सड़क दुर्घटना में जान गंवा चुके हैं। दोपहिया वाहन सवार हेलमेट और चारपहिया वाहन सवार सीट बेल्ट लगाएं। ओवर स्पीड, शराब पीकर और रांग साइड वाहन चलाने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई हो। दुर्घटना वाले चिहिनत स्थान पर संकेतक बोर्ड लगाकर राहगीरों को आगाह किया जाए। सड़क हादसा होते ही बेहतर ट्रॉमा केयर सुविधा उपलब्ध हो। वर्ष 2023 के शुरुआती छह महीने की तुलना में उसी अवधि में 2024 में सोनभद्र, भदोही, चंदौली और वाराणसी जिले में सड़क हादसे में 10 प्रतिशत से ज्यादा की कमी दर्ज की गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नहर में बहती मिली युवती की लाश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सरपतहा थाना क्षेत्र के खेतापुर स्थित शारदा सहायक नहर में बुधवार सुबह एक युवती की बहती हुई लाश मिली। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने आई। किंतु मृतका के स्वजनों द्वारा कोई भी कार्यवाही न कराए जाने की मांग पर पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया। पड़ोसी जिले सुल्तानपुर के करौंदी थानान्तर्गत हाजीपुर बरुआर निवासी रागिनी पुत्री फूलचंद एक दिन पूर्व अपने ननिहाल कोतवाली कादीपुर अंतर्गत राजाराम यादव के घर कलिकापुर आई थी। बुधवार को उसका शव सुबह 11 बजे खेतापुर नहर में बहते हुए ग्रामीणो ने देखा। शोर मचा तो मौके पर भीड़ जुट गई। इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और थाने ले आई। कुछ देर बाद ही सूचना पाकर उसके स्वजन थाने पहुंचे और मृतका को मानसिक रूप से विछिप्त बताते हुए कोई भी कार्यवाही न किये जाने की लिखित मांग की। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व में भी कई बार इस तरह की हरकत कर चुकी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरपतहां अरविंद सिंह ने बताया कि स्वजनों ने बताया कि मृतका की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। वह कई बार नहर आदि में कूद चुकी थी, लिहाजा वे किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं चाहते हैं। उनकी लिखित मांग तथा ग्राम प्रधान आदि की उपस्थिति में लिखापढ़ी कराकर शव उन्हें सौंप दिया गया।

### राशन में घटतौली करना कोटेदार पर पड़ा भारी मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, शाहगंज द्वारा 30 जुलाई 2024 को संदीप कुमार पुत्र सुभाषचन्द्र, उ0द0 विक्रेता ग्राम-लतीफपुर, वि0ख0 एवं तहसील-शाहगंज के दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रेता की उचित दर दुकान में कुल 30.90 कुं0 गेहूँ, 46.15 कुं0 चावल एवं 0.57 कुं0 चीनी का स्टॉक कम पाया गया, जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर विक्रेता द्वारा कोई समुचित उत्तर नहीं दिया गया। उक्त आशय की आख्या जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त कोटेदार के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत अभियोग अभियोग पंजीकृत कराने का आदेश पारित किया गया। जिलाधिकारी के उक्त आदेश के अनुपालन में ग्राम-लतीफपुर के कोटेदार संदीप कुमार पुत्र सुभाषचन्द्र के विरूद्ध 30 जुलाई 2024 को थाना-खेतासराय में क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक शिवशंकर द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दिया गया है एवं विक्रेता के दुकान का अनुबन्ध-पत्र निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है।

### भूमि विवाद में खूनी संघर्ष 11 लोग घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग अलग स्थानों पर जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में 11 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के नेवादा गांव में मंगलवार की रात जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी के दौरान मारपीट की घटना में दोनो पक्षों से चले लाठी डंडे से उक्त गांव निवासी 22 वर्षीय अन्नू यादव पुत्री राम किशोर 15 वर्षीय विवेक यादव पुत्र रामनिहोर, 21 वर्षीय गुडिया यादव पुत्री रामकिशोर, 48 वर्षीय लालमनी पत्नी रामकिशोर, 24 वर्षीय मधू यादव पुत्री रामकिशोर,30 वर्षीय गुडिया पत्नी रामसिजोर,75 वर्षीय राम आसरे पुत्र लुटई, 35 वर्षीय मनोज यादव पुत्र रामआसरे, 45 वर्षीय लल्लन यादव पुत्र राम आसरे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सुरिस गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चले लाठी डंडे पट्टीदारो ने 55 वर्षीय राजेश पुत्र लल्ले व 16 वर्षीय वर्तिका पुत्री राजेश को पीटकर घायल कर दिया। मौके पर मौजूद परिजनों सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद वर्तिका की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## घर में अराजक तत्वों को बैठाने का बहू ने किया विरोध, जेठ ने की मार-पीट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** पति की गैर मौजूदगी में अराजक तत्वों को घर में बैठाकर शराब पिलाकर अश्लील शब्दों के साथ गाली-गलौज करने का विरोध करना एक बहू को मंहगा पड़ा। बहू द्वारा मना करने पर जेठ ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर बहू के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस को जेठ जेठानी के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव आमडंडा निवासी राकेश कुमार की पत्नी राखी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके पति की गैर मौजूदगी में उसके जेठ महेंद्र पाल घर में अराजक तत्वों को बैठाकर उन्हें शराब पिलाते हैं। शराब पीकर अराजक तत्व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करते हैं। जब राखी देवी ने इसका विरोध किया तभी महेंद्र पाल ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया है। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित महिला राखी देवी ने जेठ जेठानी के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित महिला की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अगर कोई तहरीर मिली है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवे पर युवक का स्टंट करते वीडियो वायरल, जांच कर सबक सिखाएगी पुलिस

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

मिर्जापुर जिले में हाईवे पर बाइक सवार द्वारा स्टंट करते एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामले में वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस छानबीन और कार्रवाई में जुटी है। यातायात पुलिस लगातार बेहतर यातायात के लिए जागरूक करने के साथ ही कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन बाइक से स्टंट करने वाले दबंग बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक युवक का बाइक पर स्टंट करते वीडियो बुधवार को तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बाइक पर पीछे बैठा युवक हाथ में झंडा लिया है। वह चलती बाइक पर खड़ा होकर स्टंट करते दिख रहा है। चलती बाइक पर यह स्टंट करना जानलेवा हो सकता है।

### विवाहिता के साथ दुष्कर्म का प्रयास पीड़िता ने दी नामजद तहरीर

**जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की कमलेश पुत्र अज्ञात निवासी मंगतपुर जारकल्लिया मेरे घर मे बुरी नियत से शनिवार की शाम समय लगभग 11:30 बजे घुस आया और जहा सो रही थी मेरे ऊपर हाथ चलाया और दुष्कर्म करने की कोशिश की है।और मेरे द्वारा शोर मचाने पर कमलेश को ससुर,नंद और मैने पकड़ लिया और पीड़िता के द्वारा पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपी ने बताया है की मुझे यहा किसी और महिला ने बुलाया है। वही जानकारी करने थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर पुलिस के द्वारा जाच पड़ताल कराई तो मामला संदिग्ध पाया गया और आरोपी का 151 मे चालान कर दिया गया।

## डायट जौनपुर में हुआ भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ तथा मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम व बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी का दीप प्रज्वलित करके तथा प्रशिक्षुओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से किया गया।जिला अधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम कवि सभाजीत द्विवेदी ÷प्रखर÷ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है ,जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों के द्वारा अपनी अपनी रोचक प्रस्तुति दी गई ।

इस प्रकार के कवि सम्मेलन का आयोजन समय समय पर सभी शिक्षण संस्थानों में होना चाहिए ,इससे बच्चों में आगे अच्छा करने की प्रेरणा जागृत होती है । उपशिक्षा निदेशक /प्राचार्य डायट जौनपुर द्वारा बताया गया कि डायट में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।इससे हमारे प्रशिक्षुओं को प्रेरणा मिलेगी और उनके अंदर एक सकारात्मक सोच विकसित होगी ।उन्हें अपने जीवन में अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी । ऐसे कार्यक्रम का आयोजन डायट में समय समय पर होता रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर पी.सी. विश्वकर्मा ,डीन आफ लॉ पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने किया ।कार्यक्रम में लालजी यादव ,श्री दुक्खू लाल निडर ,श्री मंजुल ,प्रीति पांडे ,एवं अशोक मिश्र ,डायट के प्रशिक्षुओं आदि कवियों ने अपनी कविता प्रस्तुत कर डायट परिसर के श्रोताओं को ओत- प्रोत कर दिया।

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग से बी.एस.ए, लेखा अधिकारी, एस.आर.जी, ए.आर.पी तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग से जिला विद्यालय निरीक्षक तथा माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य, डायट के समस्त प्रवक्ता, समस्त कर्मचारी, ह्यूमाना के सभी सदस्य तथा समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन एवं प्रोत्साहन योजनान्तर्गत कृषक गोष्ठी का आयोजन

- गोष्ठी मे कृषको को खरीफ प्याज बीज वितरण किया गया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन एवं प्रोत्साहन योजना वर्ष 2024-25 अन्तर्गत 31 जुलाई 2024 को जनपद स्तरीय गोष्ठी/सेमिनार का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र अमिहित पर आयोजित किया गया। पान गोष्ठी का शुभारम्भ कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र अमिहित व बक्शा एवं जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। गोष्ठी में उपस्थित वैज्ञानिकों को जिला उद्यान अधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को पान की वैज्ञानिक खेती पर कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा के कार्यक्रम समन्वयक डा0 सुरेश कुमार कन्नौजिया द्वारा कृषकों को बताया गया कि किस तरह पान की खेती करने वाले किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं, पर कृषको के मध्य विस्तार से चर्चा की। डा0 राकेश कुमार सिंह, कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र अमिहित के द्वारा सुदूर ब्लाकों से आये हुए पान की खेती करने वाले कृषकों को पान की खेती के तकनीकी पहलुओं पर बिन्दुवार चर्चा की, और अधिक लाभ लेने के मंत्र कृषकों को दिया। उद्यान वैज्ञानिक डा0 विनोद सिंह द्वारा कृषकों को पान की विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताते हुए पान की उन्नत खेती कैसे की जाये पर चर्चा की गयी। वैज्ञानिक ई0 बरूण कुमार द्वारा पान की खेती में प्रयोग होने वाले आधुनिक तकनीक की बारे में कृषकों कों विस्तार से जानकारी दी गयी। मृदा वैज्ञानिक दिनेश कुमार द्वारा कृषकों को मृदा परीक्षण कराकर ही पान के लिए उपयुक्त मिट्टी में ही पान की खेती करने की सलाह दी गयी। गोष्ठी में उपनिदेशक कृषि कार्यालय के डिप्टी पी0डी0 रमेश यादव द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गयी। पशुपालन वैज्ञानिक डा0 अमित कुमार सिंह द्वारा कृषकों को पशुपालन सम्बन्धित तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गयी। जनपद स्तरीय गोष्ठी में विभाग द्वारा मशाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम अन्तर्गत खरीफ प्याज बीज का वितरण- श्री राजकुमार मौर्या, श्री हरिलाल, श्री इन्द्रदेव मौर्या ग्राम बोडसर व श्री हरिनाम सिंह, ग्राम अमरवना, श्री प्रदीप कुमार ग्राम तडवा समेत कुल 50 कृषकों को खरीफ प्याज बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम के आयोजक एंव जिला उद्यान अधिकारी, जौनपुर डा0 सीमा सिंह राणा द्वारा जनपद में उद्यान विभाग द्वारा जनपद में विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओ पर उपस्थित कृषको को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी, और किस तरह से कृषक भाई योजनाओ का लाभ ले सकते है, से भी अवगत कराया। पान की खेती कराने वाले कृषको को 07 द्विवसीय अर्न्तराज्यीय भ्रमण शीघ्र ही कराने की बात कही गयी। पान संघ के जिला अध्यक्ष कालिका प्रसाद चौरसिया द्वारा उपस्थित कृषको को पान के अनेक औषधीय लाभो से अवगत कराया गया और जनपद में वर्तमान में जिला उद्यान अधिकारी, जौनपुर के प्रयास से पान बरेजा के लक्ष्य में वृद्धि हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डा0 सन्दीप कुमार द्वारा किया गया तथा मौके पर पान योजना के प्रभारी श्री रविन्द्र कुमार सिंह, एंव उद्यान विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सपा नेत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रदर्शन



✻ कई दलों के नेताओं ने धरना प्रदर्शन में लिया हिस्सा

बिल्हौर विधानसभा के सपा कार्यकर्ता अपने आप को विधायक की टिकट की दौड़ में शामिल थे और जनता की समस्याओं में धरना स्थल तक पहुंचाना भी मुनासिब नहीं समझा नेता बताने वाले नहीं पहुंचे धरना स्थल पर यह कस्बे में और तहसील क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा। सपा नेत्री ने अकेले दम सभी कार्यकर्ताओं को जोड़कर 24 घंटे 3 दिनों तक तीन रात धरना स्थल पर ही बैठकर जन जागरण किया।

**धरना प्रदर्शन में भीड़ बढ़ती देखजर डीएम ने लिया मामला संज्ञान में**

सपा नेत्री रचना ने पूर्व राशन कोटेदार रामवेटी के साथ में तीन दिनों से धरना प्रदर्शन कर रही थी इसी बीच बुधवार को समाजवादी पार्टी के कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष मुनिंद शुक्ला और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ को धरना प्रदर्शन में शामिल होने की जानकारी मिलते ही डीएम के निर्देश पर एडीएम ने धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर सपा नेत्री रचना सिंह की डीएम राकेश सिंह से दूरभाष के माध्यम से बात कराकर मिले 8 दिन में निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही के अश्वन्र पर सपा नेत्री रचना सिंह ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष मुनीम शुक्ला, एडीएम आपूर्ति आशुतोष दुबे, एसीपी अजय त्रिवेदी, तहसीलदार टिमराज सिंह, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत आदि मौजूद रहे। करीब दो सैकड़ा सपा कार्यकर्ता सहित आम आदमी पार्टी भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौजूद रहे

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील के अरौल गांव में राशन कोटा निरस्त हुई दुकान की बहाली को लेकर बीते तीन दिनों से कोटेदार के साथ धरना दे रहीं सपा की बिल्हौर विधान की पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह ने बुधवार को एडीएम आपूर्ति आशुतोष दुबे ने जांच कर उचित कार्यवाही के आश्वासन पर धरना को स्थगित कर दिया।बिल्हौर ब्लॉक के अरौल गांव में रामबेटी की राशन कोटे की दुकान आपूर्ति विभाग ने कुछ माह पूर्व में राशन वितरण न करने और घटतौली करने आदि की शिकायत मिलने को आधार बनाकर निरस्त कर दी थी। नई राशन दुकान आवंटित करने की प्रक्रिया अभी चल ही रही थी कि तभी मामले में विवाद शुरू हो गया. विवाद बढ़ते देख आपूर्ति विभाग ने राशन कोटे को गूजेपुर राशन कोटे से संबद्ध कर दिया।

### अधूरे दस्तावेजों पर दुकान निरस्त करने का लगाया आरोप

कोटेदार के समर्थन में आईं समाजवादी पार्टी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रचना सिंह ने बिल्हौर के अधिकारियों पर सांठगांठ कर राशन की दुकान निरस्त करने का आरोप लगाकर दोनों अधिकारियों पर कार्यवाही और राशन की दुकान बहाल करने के लिए तहसील से लेकर उच्च अधिकारियों तक मामले की शिकायत की।

### सुनवाई न होने पर शुरू किया धरना प्रदर्शन

तमाम शिकायतों के बाद भी मामले में कोई हल न निकलते देख सपा नेत्री पूर्व कोटेदार रामबेटी के साथ 29 जुलाई को तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गईं और 3 दिन में मामले की सुनवाई न होने पर भूख हड़ताल करने की बात कही थी।

### राशन कोटे की लड़ाई में कई दलों का मिला समर्थन

पूर्व कोटेदार के साथ सपा नेत्री के धरने पर बैठने के बाद किसान यूनियन, आम आदमी पार्टी और भीम आर्मी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका समर्थन किया और धरने में शामिल होने पहुंच गए. बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला भी धरने में शामिल हुए

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

✻ नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील/थाना क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से खेत में कार्य कर रहे एक किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खेत में पहुंचे परिजन यह देख सन्न रह गए। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। 65 वर्षीय मो रफीक सुबह खेत में काम करने गए थे। दिन के लगभग 1.30 बजे परिजन जब उनके लिए नाश्ता-खाना लेकर खेत में गए तो रफीक मृत पड़े थे और शरीर के कई हिस्सों में बड़े बड़े छाले पड़े थे। ग्रामीणों की मदद से उन्हें घर लाया गया। स्थानीय झोलाछाप डॉक्टर ने मौत की पुष्टि करते हुए कारण आकाशीय बिजली बताया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इधर घटना की जानकारी पर नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश राजपूत ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपा। तहसीलदार तिमराज सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मृत किसान परिजनों को शासन द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाए दिलायी जाएंगी। बिहारीपुर गांव में बिजली गिरने से बुजुर्ग की मौत की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के बिल्हौर विधान सभा अध्यक्ष विनय यादव ने मौके पर पहुंच कर मृतक के परिजनों को सरकार से हर संभव मदद दिलायेंगे। एसडीएम रश्मि लांबा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी मौत का कारण क्या है। उसी के अनुसार सरकारी सहायता प्रदान कराई जाएगी।

# तालाबों पर कब्जे, टूटी पड़ी सड़कों, सफाई न होने से नाराज दिखे सभासद

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

नगरीय सुविधा दिवस में जिलाधिकारी शिकायतें सुनने पहुंचे तो आम लोगों से ज्यादा सभासद नगर पालिका की कार्यप्रणाली से परेशान दिखे। आमजन ने छह और सभासदों ने 15 शिकायतें दर्ज कराईं। कुल शिकायतों में निस्तारण एक का भी नहीं हुआ।

नगर पालिका में मंगलवार को पहला नगरीय सुविधा दिवस आयोजित किया गया। डीएम, एसडीएम और नगर पालिका सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। पहली शिकायत वार्ड नंबर एक की सभासद किरण ने दर्ज कराई। उन्होंने वार्ड में तालाबों को पाटकर अवैध कब्जा कर लिए जाने और इससे जल निकासी की समस्या होने की बात बताई। उन्होंने तालाब की जमीन का चिह्नांकन कर कब्जा मुक्त कराने की मांग की। लोकईया खेड़ा वार्ड के सभासद ओमेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि अमृत योजना के तहत उनके वार्ड में भूमिगत पाइप डालने के लिए सड़कें खोदी गईं लेकिन महीने बाद भी मरम्मत नहीं की गई। जलभराव और गंदगी है। लोगों को आवागम में परेशानी हो रही है। रोज कई स्कूली बच्चे फिसल कर गिर जाते हैं। सफाई न होने से संबंधित चार, राजस्व से संबंधित एक, जल निगम से संबंधित पांच, गृहकर की एक, डूडा आवास से संबंधित एक और नगर निर्माण विभाग से संबंधित नौ शिकायतें पहुंचीं। शिकायतकर्ता को दी गई रजिस्ट्रेशन पर्ची में समस्या निस्तारित करने का समय या तारीख नहीं लिखी गई। इससे लोगों में नाराजगी दिखी। डीएम गौरांग राठी ने शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

> बोले जिम्मेदार
> नगरीय सुविधा दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की कोई निश्चत तारीख या समय सीमा तय नहीं है। सभी का जल्द से जल्द निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। सफाई, जलभराव जैसी समस्याओं को 24 घंटे में निस्तारित किया जाएगा। मरम्मत या निर्माण कार्य भी प्राथमिकता पर कराया जाएगा।
> **संजय कुमार गौतम, ईओ नगर पालिका उन्नाव**

**बोले लोग**

- किशोरी खेड़ा के अंशू बाजपेई ने बताया कि मोहल्ले की सड़क जर्जर है। हल्की बारिश में ही रास्ते पर जलभराव हो जाता है। इससे आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार शिकायतें कीं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।
- इसी मोहल्ले के लक्ष्मी नारायण ने बताया कि उनके घर के सामने लगा हैंडपंप खराब है। एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। कई बार नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन अभी तक समस्या का निस्तारण नहीं हुआ।

# महिला श्रमिक की मौत के बाद जाम लगाने का प्रयास

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

चकलवंशी। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर लोडर की टक्कर से महिला श्रमिक की मौत और चार लोगों के घायल होने के बाद ग्रामीणों ने रात में सड़क जाम करने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें समझाया और जल्द चालक को पकड़ने का आश्वासन दिया।

माखी थानाक्षेत्र के पावा गांव निवासी ममता उर्फ महारिजन (65), साथ काम पर जाने वाली सुधा (48), सुमन (45), रामप्यारी (65) और सुनीता (33) के साथ सोमवार शाम चकलवंशी कस्बा से पैदल घर जा रही थीं। चकलवंशी से 500 मीटर पहले बंगला गांव के पास पीछे से लोडर ने महिलाओं को टक्कर मार दी थी। इसमें ममता की मौत हो गई थी। अन्य महिलाएं घायल हो गईं थीं। घटना से गुस्साए परिजनों ने रात में ही हरदोई-उन्नाव मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों से बात की। ग्रामीणों ने सड़क पर ब्रेकर और किनारे पट्टी बनवाने की मांग की। पुलिस ने उच्चाधिकारियों तक उनकी बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना था कि अगर पट्टी बनी हो तो लोग सड़क पर न चलकर उसी पर चलेंगे और घटनाएं नहीं होंगी।

**क्षतिग्रस्त सड़क पर पैदल चलना मुश्किल**

हरदोई-उन्नाव मार्ग पर सड़क किनारे की कच्ची पटरी क्षतिग्रस्त है। बड़े-बड़े गड्ढे होने से पैदल चलना भी मुश्किल रहता है। इसी वजह से पैदल और साइकिल सवार भी सड़क पर चलते हैं और किसी वाहन के आने पर ज्यादा किनारे नहीं हो पाते। बारिश होने से सड़क पटरी की मिट्टी बह गई है। दिक्कतें और बढ़ गई हैं। वाहन भी एक-दूसरे को साइड देने में अक्सर टकरा जाते हैं।

# महिला की निर्मम हत्या, आरोपी सरेंडर



✻ बोला- उधार दिए 3.50 लाख नहीं लौटाए इसलिए मार डाला

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



**भाई बोला, रुपये उधार देने का आरोप गलत**

दही थाना क्षेत्र के गजौली गांव निवासी मृतका के भाई प्रदीप यादव ने बताया कि आरोपी की ओर से मृतका को रुपये उधार देने का आरोप गलत है। मृतका के पास 20 बीघा से अधिक जमीन थी। एक साल पहले गंगा एक्सप्रेसवे में 10 बिस्वा जमीन अधिग्रहीत गई है, जिसका करीब 15 लाख रुपये मुआवजा भी बहन विमला को मिला था।

जिले में पेसारी गांव में उधार दिए रुपये न लौटाने की खुन्नस में पड़ोसी ने घर के बाहर लेटी महिला की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी। वारदात के बाद हत्यारोपी ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मृतका के बेटे ने हत्यारोपी, उसके दो बेटे, बेटी और दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आसीवन थानाक्षेत्र के गांव पेसारी निवासी विमला यादव (54) पत्नी उमाशंकर मंगलवार रात घर के बाहर चारपाई पर सोई थीं। रात करीब दो बजे पड़ोसी हरिभान सिंह यादव उर्फ पप्पू महिला के घर पहुंचा और घर के मुख्य दरवाजे की बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद विमला के सिर, गर्दन और चेहरे पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद रात में थाने पहुंचकर उसने अपना गुनाह कबूल करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी ने बताया कि विमला ने करीब छह साल पहले उससे घर बनवाने के लिए 3.50 लाख रुपये लिए थे। रुपये की जरूरत होने पर उसने जब विमला से रुपये मांगे तो उसने इन्कार कर दिया। इसी गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, एसओ ज्ञानेंद्र सिंह, फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। मृतका के बेटे आलोक ने तहरीर देकर हरिभान, उसके बेटे पंकज, रिंकू, दामाद प्रमोद और बेटी पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल भी तैनात किया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सीओ से शिकायत करते ही एक साल बाद मिली बंदूक

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** पुरवा। कोतवाली में जमा लाइसेंसी बंदूक लेने के लिए पूर्व चेयरमैन के पति एक साल से चक्कर लगा रहे थे। सीओ से शिकायत करने के दूसरे दिन ही उन्हें मालखाने में रखी बंदूक सौंप दी गई। कस्बे के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी पूर्व चेयरमैन के पति योगेंद्र नाथ द्विवेदी ने सोमवार को सीओ सोमेंद्र विश्वास से शिकायत की थी कि मई 2023 में नगर पंचायत चुनाव के दौरान उन्होंने कोतवाली में लाइसेंसी बंदूक जमा की थी। उसे लेने के लिए कई बार चक्कर लगाया लेकिन वह नहीं मिली। सीओ ने कोतवाल को एक दिन में बंदूक खोजने के निर्देश दिए थे। रात में बंदूक की तलाश हुई। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि बंदूक मालखाने में रखी थी। उसे लाइसेंस धारक को दे दिया गया है।

### युवक की मौत की घटना में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** एसडीएम (न्यायिक) सफीपुर देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि सात मई 2024 की रात में आकाश पुत्र रामबहादुर निवासी गंजरी वार्ड-दो, बिहार का शव संतोष शुक्ला के खेत में जामुन के पेड़ से लटका मिला था। पिता का आरोप है कि बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश हुए हैं। जो व्यक्ति घटना के संबंध में कोई भी लिखित/मौखिक बयान और लिखित साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहता है, वह 13 अगस्त तक उनके सफीपुर कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के मध्य उपस्थित होकर बयान/साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। रजिस्टर्ड डाक द्वारा भी साक्ष्य उपलब्ध कराए जा सकते हैं। (संवाद)

### आवास विकास कॉलोनी से ई-रिक्शा चोरी

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** सोनिक। आवास-विकास कालोनी निवासी राकेश कुमार पांडेय का घर के बाहर खड़ा ई-रिक्शा सोमवार रात चोरी हो गया। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस ने जांच की। दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। सीसी टीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही हैं। (संवाद)

### गांजा तस्करी में एक को 10 और दूसरे को 15 साल का कारावास

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** गांजा तस्करी करने व बेचने वाले दो आरोपितों को अपर जिला जज तृतीय की न्यायालय ने सजा सुनाई। न्यायालय ने एक दोषी को 10 वर्ष कारावास व एक लाख जुर्माने और दूसरे दोषी को 15 वर्ष कारावास व 1.50 लाख जुर्माने की सजा से दंडित किया। सोहरामऊ थाना पुलिस ने 19 सितंबर 2015 को आशू सिंह निवासी करेहटा व विनीत कुमार जायसवाल साह मोहम्मदपुर अपइया थाना नगराम जनपद लखनऊ के पास से 50 किलो गांजा बरामद किया था। दोनों अभियुक्त तस्करी कर बेचने के लिए गांजा ला रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया और एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए 20 सितंबर 2016 को जेल भेज दिया था। मुकदमे की विवेचना एसआई भजनलाल ने की और दोनों के खिलाफ 17 नवंबर 2015 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमा अपर जिला जज तृतीय की न्यायालय में विचाराधीन था। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई न्यायालय में पूरी हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश की गई दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ममता सिंह ने दोनों आरोपितों को दोषी ठहराया।

### कल्याणपुर प्रथम गांव में विकास कार्यों की जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** पाटन। सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कल्याणपुर प्रथम में ग्रामीण बृजेंद्र शुक्ला द्वारा विकास कार्यों की जांच न करने पर 31 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास पर आमरण अनशन की चेतावनी के बाद अफसरों में खलबली मच गई। अधिकारियों ने गांव जाकर जांच शुरू की। बृजेंद्र शुक्ला ने 15 जुलाई को डीएम को दिए प्रार्थनापत्र में बताया था कि वह दो साल से ग्राम सभा कल्याणपुर प्रथम में भ्रष्टाचार कर विकास के नाम पर निकाली गई धनराशि की जांच की मांग कर रहे हैं। ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा विकास कार्यों का कागजी कोरम पूरा कर पैसा निकाला जा रहा है।

# अपर मंडल आयुक्त की मौजदूगी में अफसरों व अधिवक्ता में नोकझोंक

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**हसनगंज।** महिला का आय-जाति प्रमाणपत्र का आवेदन दो बार निरस्त करने से नाराज एक अधिवक्ता की अपर मंडल आयुक्त की मौजूदगी में एसडीएम व तहसीलदार से नोकझोंक हुई। काफी देर बाद मामला शांत हुआ।

अपर मंडल आयुक्त नरेंद्र कुमार सिंह मंगलवार दोपहर 12 बजे तहसील का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार व नायब तहसीलदार न्यायालय के अलावा आरके कक्ष में डंप फाइलें देखीं तो नाराजगी व्यक्त करते हुए पुरानी फाइलों को जल्द ही सुनवाई कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। वह पांच घंटे तक एसडीएम कार्यालय में बैठकर फाइलों का मुआयना करते रहे।

इसी बीच अधिवक्ता मुनेश्वर रावत पहुंचे और एसडीएम कार्यालय के बाहर शोर मचाने लगे। बताया कि औरास क्षेत्र के खड़वल गांव की अमिका रावत का दो बार आय-जाति निवास प्रमाणपत्र का आवेदन लेखपाल ने निरस्त कर दिया। लेखपाल पांच हजार रुपये की मांग कर रहा है। शोर सुनकर एसडीएम रामदेव निषाद, न्यायिक एसडीएम शिवेंद्र वर्मा व तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह बाहर आए और अधिवक्ता को समझाने का प्रयास करने लगे।

इस पर अधिवक्ता व अधिकारियों के बीच नोकझोंक होने लगी। मौके पर भीड़ बढ़ने लगी। यह देख एसडीएम व तहसीलदार ने फरियादियों को धक्का मारकर बाहर कर दिया। वहीं, बड़ा मरहा निवासी नीता, भरहा निवासी शिव प्यारी, अजगैन के भूपेंद्र सिंह व कुंजपुर के मेड़ीलाल सहित अन्य फरियादी बिना प्रार्थनापत्र देकर लौट गए। वहीं अन्य अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल अपर मंडल आयुक्त से मिला और तहसील की न्यायालयों में भ्रष्टाचार सहित 10 बिंदुओं का ज्ञापन देकर जांच की मांग की।

# बीएसएनएल के आधार केंद्र बंद, डाकघर में भीड़

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

आधार कार्ड बनवाने के लिए इन दिनों मारामारी की स्थिति है। वेंडरों पर किराया बकाया होने से बीएसएनएल ने जिले की सभी छह तहसीलों में संचालित आधार केंद्र बंद कर दिए हैं। इससे लोग नया कार्ड बनवाने और संशोधन कराने के लिए डाकघर पहुंच रहे हैं।

बार-बार नोटिस देने के बाद भी वेंडरों ने बकाया जमा नहीं किया। इस पर बीएसएनएल ने उन्नाव शहर, शुक्लागंज, पुरवा, हसनगंज सहित सभी छह सेंटरों को बंद कर दिया है। इससे लोगों को शहर के सिविल लाइंस स्थित प्रधान डाकघर आना पड़ रहा है। हालत यह है कि लोग डाकघर खुलने से पहले सुबह नौ बजे ही पहुंच जाते हैं और अपना नंबर लगाकर बारी आने का इंतजार करते हैं। मंगलवार को भी यहां काफी भीड़ रही। लोगों ने बताया कि राशन कार्ड, गैस कनेक्शन की केवाईसी, छात्रवृत्ति, पेंशन, कॉलेजों में प्रवेश, अनुदान सहित अन्य कार्यों में आधार नंबर की जरूरत है।

लोगों ने बताया कि जन सुविधा केंद्रों के संचालक कार्ड संशोधन में महीनों लगा देते हैं। वहीं बीएसएनएल के केंद्र करीब बीस दिन से चल रहे हैं। इससे जिला मुख्यालय स्थित प्रधान डाकघर की दौड़ लगानी पड़ रही है। लोगों ने बताया कि राशन कार्ड में परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड लगाना और सत्यापन कराना जरूरी कर दिया गया है। यही नियम रसोई गैस कनेक्शन के लिए भी है। केवाईसी कराने में किसी का नाम तो किसी के अंगूठे के निशान सही नहीं आ रहा है। संशोधन कराने के लिए लंबी दौड़ और घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

**क्या कहते हैं लोग**

- दोस्तीनगर गांव निवासी आशीष कुमार ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए आवेदन फार्म जमा करना था। दो घंटे इंतजार करना पड़ा, फिर कंप्यूटर पर बैठे कर्मचारी ने सर्वर की समस्या बताई। सुबह नौ बजे से दोपहर के एक बज गए तब प्रक्रिया पूरी हो पाई।
- चांदरपुर गांव निवासी मोहित ने बताया कि उन्हें छोटे भाई का आधार कार्ड बनवाना है। स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म जमा कर दिया है, लेकिन आधार कार्ड न होने से स्कूल में दाखिला नहीं हो पाया है। काफी जद्दोजहद व कई घंटे इंतजार के बाद प्रक्रिया पूरी हुई।

**केवल एक कंप्यूटर और भी सर्वर धड़ाम**

प्रधान डाकघर में संचालित केंद्र में रोजाना औसतन 100 लोग पहुंचते हैं, लेकिन यहां केवल एक कंप्यूटर ही लगा होने से एक ही कर्मचारी काम कर पाता है। हर घंटे-आधे घंटे में सर्वर चला जाता तो कभी इतना धीमे चलता है कि आवेदन और संशोधन की प्रक्रिया बीच में रुक जाती है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

> क्या कहते हैं जिम्मेदार
> वेंडरों ने दूर संचार केंद्रों की बिल्डिंग में सेंटर खोले हैं लेकिन कई महीने से किराया नहीं जमा किया है। कई बार नोटिस दिया, इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ। किसी का सितंबर में तो किसी का अक्तूबर में अनुबंध खत्म हो रहा है। अगर सख्ती नहीं की जाएगी तो बकाया नहीं जमा हो पाएगा। कुछ सेंटरों में नए वेंडर के लिए टेंडर प्रक्रिया भी चल रही है। जल्द ही संचालन शुरू हो जाएगा।
> **प्रभनेश यादव, जीएम बीएसएनएल**

> स्वास्थ्य ठीक न होने से 15 दिन से छुट्टी पर हूं, डाकघर में सुबह 10 से शाम चार बजे तक केंद्र संचालित होता है। जानकारी करेंगे और अगर आवश्यकता है तो कंप्यूटर पर काम कर रहे कर्मचारी का सहयोग करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाएंगे। लोगों को समस्या नहीं होने दी जाएगी।
> **ऋषिकांत त्रिवेदी, डाकघर अधीक्षक**

# 38 स्थानों पर स्थापित हुए ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

जनपद के 38 स्थानों पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) को स्थापित करने का काम पूरा हो गया है। यहां पर अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। इससे बारिश के आंकलन में गड़बड़ी की संभावना नहीं रहेगी।

अभी तक जनपद में बारिश के सही आकलन की व्यवस्था नहीं थी। सफीपुर के जमालनगर और शेष में तहसीलों की छतों पर एक बाल्टीनुमा मापक यंत्र रखा था। बाल्टी में भरे पानी के आधार पर ही वर्षा का आकलन किया जाता था। इसके चलते सही आकलन के लिए लखनऊ के मौसम विज्ञान केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता था।

इसकी जानकारी होने पर शासन ने जनपद में एडब्ल्यूएस स्थापित करने के लिए मंजूरी दी थी। पिछले दिनों इसको स्थापित करने का काम शुरू हुआ था। छह तहसीलों सहित 38 स्थानों पर अत्याधुनिक मशीनों को लगाने का काम किया गया था। अब सभी स्थानों पर एडब्ल्यूएस का काम पूरा हो गया है। पिछले दिनों हुई बारिश का आकलन भी एडब्ल्यूएस में लगाई गई अत्याधुनिक मशीनों के जरिए किया गया।

आपदा विशेषज्ञ भवानी प्रसाद दुबे ने बताया कि तहसीलों व ब्लाकों में मिलाकर 38 जगहों पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन का निर्माण पूरा हो गया है। यहां बारिश के आकलन के लिए विशेष तकनीक की मशीनें लगाई गई हैं। इससे बारिश की सही जानकारी मिलने लगी है।

इसके माध्यम से किसानों को मुआवजा आदि देने में भी आसानी होगी।

**सूखे की जानकारी के लिए टेली मैट्रिक वेदर स्टेशन को मिली मंजूरी**

बारिश के साथ सूखे की जानकारी के लिए जनपद में टेली मैट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूडीएस) के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इसके निर्माण के बाद आने वाले समय में किसानों को जनपद में कम बारिश या सूखा पड़ने की जानकारी पहले से ही हो सकेगी। स्टेशन बनाने के लिए उपनिदेशक कार्यालय कृषि चयनित किया गया है। इसके बनने से किसानों को समय से पहले सूखे से निपटने की तैयारियों का पूरा मौका मिल सकेगा। किसान मौसम के आधार पर फसल की बुआई, जोताई व सिंचाई आदि कर सकेंगे। आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि टीडब्ल्यूडीएस जनपद में केवल एक बनेगा। इसकी शासन से मंजूरी मिल गई है।

### इंद्रदेव द्वारा की गई टिप्पणी अक्षम्य

श्रीचतुर्वेदी रामलीला महासभा के अध्यक्ष बैजनाथ चतुर्वेदी ने कहा कि व्यास मंच पर जिस प्रकार की अभद्र टिप्पणी इंद्रदेव द्वारा की गई है वह अक्षम्य अपराध है। रासबिहारी समाज के स्वामी देवकीनंदन महाराज ने भी विचार रखे। धर्म सभा के अध्यक्ष महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज ने कहा कि इंद्रदेव के खिलाफ ब्रजवासियों का विरोध जारी रहेगा।



# संतों ने किया धर्म युद्ध का एलान, छिड़ी जंग

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में स्थित अक्रूर मंदिर में मंगलवार को धर्म रक्षा संघ एवं रासबिहारी समाज की एक धर्म सभा आयोजित हुई। इसमें वृंदावन के संत-महंत, धर्माचार्य, भागवताचार्य, रासाचार्य, चतुर्वेदी समाज, रामलीला कमेटी, क्षत्रिय समाज एवं ब्रजवासियों ने महामंडलेश्वर इंद्रदेव द्वारा व्यासपीठ पर बैठकर रामलीला में प्रभु श्रीराम और माता सीता का पात्र बनने वाले स्वरूपों पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का विरोध किया। धर्म सभा की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने की।

साधु-संतों, धर्माचार्य एवं रासबिहारी समाज द्वारा सर्वसम्मति से धर्म सभा में पारित किए गए प्रस्ताव में इंद्रदेव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने, इंद्रदेव को श्रीपंचायती निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से बर्खास्त करवाने, सामाजिक एवं धार्मिक बहिष्कार करने, आवश्यकता पड़ने पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

**महामंडलेश्वर इंद्रदेव ने मांग ली माफी तो फिर क्यों दिया जा रहा तूल: स्वामी कर्मयोगी**

- परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराधा किशोरी धाम के महंत महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव महाराज के माफी मांगने के बाद इसे तूल नहीं देना चाहिए। धर्माचार्यों और संतों ने इस मामले का पटाक्षेप होने के बाद पुनः न उठाने की अपील की है।
- स्वामी कर्मयोगी महाराज ने कहा कि कथा वक्ता स्वामी इंद्रदेव महाराज ने रामलीला के कुछ पात्रों को लेकर जो टिप्पणी की थी उस पर अपनी गलती का एहसास करते हुए उनके द्वारा क्षमा याचना की गई है। इस क्षमा याचना के बाद अब उन्हें सर्व समाज को माफ कर देना चाहिए।
- रासाचार्य रसिया लाल शर्मा ने कहा कि स्वामी इंद्रदेव द्वारा क्षमा मांगते हुए आगे ऐसा न होने की बात कही है तो अब इस मामले को अधिक तूल देने के बजाय शांत कर देना चाहिए।
- अघोर पीठाधीश्वर स्वामी बाल योगेश्वरानंद, आचार्य यदुनंदन, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिहारी लाल वशिष्ठ, ईश्वर चंद्र रावत, महंत स्वामी आदित्यनंद, महामंडलेश्वर चित्रप्रकाशानंद, महामंडलेश्वर सुरेशाचार्य अघोर, पीठाधीश्वर बाल योगेस्वरानंद, महामंडलेश्वर सुरेशानंद महाराज आदि मौजूद रहे।

# हमास चीफ इस्माइल हानिये तेहरान में मारा गया

## ईरान का आरोप, इजराइल ने घर पर मिसाइल दागी, अमेरिका बोला, पलटवार हुआ तो हम इजराइल के साथ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हमास का पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिये मारा गया है। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इसकी पुष्टि की है। आईआरजीसी ने बुधवार सुबह बताया कि तेहरान में हानिये के ठिकाने पर रात 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4 बजे) मिसाइल से हमला किया गया। इसमें हानिये और उसके एक बॉडीगार्ड की मौत हो गई। हानिये मंगलवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए तेहरान में था। हमास ने हानिये की मौत की पुष्टि कर दी है। ईरान ने इजराइल पर हानिये की हत्या के आरोप लगाए हैं। हालांकि इजराइल का कोई बयान नहीं आया है। हानिये की अगुआई में ही हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर 75 सालों का सबसे बड़ा हमला किया था। इसमें 1,200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। नेतन्याहू आज दोपहर सिक्योरिटी चीफ्स की बैठक बुलाएंगे। ये कितने बजे होगी अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। बैठक में हानिये की मौत को लेकर चर्चा की जाएगी।



### कौन था इस्माइल हानिया

इस्माइल हानिया, हमास की राजनीतिक शाखा का प्रमुख था। साल 2006 में फलस्तीन के आम चुनावों में हमास की जीत के बाद से ही संगठन में हानिया का दबदबा बढ़ने लगा था। उसे गाजा पट्टी में फलस्तीनी प्राधिकरण का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। इस दौरान मिस्र से गाजा पट्टी में आयातित वस्तुओं पर भारी कर लगाकर हानिया ने अपनी संपत्ति कई गुना बढ़ा ली। 2014 में हमास द्वारा सभी व्यापार पर 20 प्रतिशत कर लगाए जाने की घोषणा की गई थी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इन करों की वजह से हमास के 1,700 टॉप कमांडर करोड़पति बन गए।

### इस्माइल हानिये की मौत पर कई देशों ने रिएक्शन दिया है...

- **रूस:** रूसी डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर ने कहा कि ये राजनीतिक हत्या है। इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह मिडिल ईस्ट में टकराव बढ़ा सकता है।
- **चीन:** विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम हानिये की मौत का विरोध करते हैं। यह घटना इलाके में तनाव को और बढ़ा सकती है।
- **तुर्की:** विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये जघन्य अपराध है। हानिये की मौत बताती है कि इजराइल की नेतन्याहू सरकार शांति नहीं चाहती है।
- **ईरान:** विदेश मंत्रालय ने कहा कि हानिये की हत्या ईरान और फिलिस्तीन के बीच रिश्ते को और मजबूत करेगी। हानिये की शहादत बेकार नहीं जाएगी।
- **कतर:** विदेश मंत्रालय ने कहा, यह एक जघन्य अपराध है, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ सकता है। इजराइल गाजा में लगातार आम नागरिकों को निशाना बना रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में अराजकता फैल रही है।

### ईरान बोला, इजराइल को पछतावे के लिए मजबूर करेंगे

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इजराइल को धमकी दी है। हानिये की मौत के बाद पजशकियान ने कहा, हम उन्हें इस हमले पर पछताने के लिए मजबूर कर देंगे। ईरान अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा जरूर करेगा।

### सिक्योरिटी पर सवाल

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक मंगलवार को ही ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मुलाकात इस्माइल हानिये से हुई थी। ईरान में हानिये पर हुए हमले से वहां के बड़े नेताओं की सिक्योरिटी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। मई में रईसी की भी एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो चुकी है। वहीं, बुधवार को हानिये पर हमले से चंद घंटे पहले ही ईरान के टॉप लीडर उसके करीब थी। हमास चीफ इस्माइल हानिये की हत्या को लेकर सरकारी न्यूज एजेंसी इरना के मुताबिक हानिये के ठिकाने पर हमला गाइडेड मिसाइल से किया गया है। हानिये उत्तरी तेहरान में एक घर में ठहरा था। ईरानी सेना उस जगह का पता लगाने में जुटी है।

### अमेरिका बोला, इजराइल पर पलटवार हुआ तो मदद करेंगे

हानिये की मौत के बाद अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अगर इजराइल पर हमला होता है तो अमेरिका उसकी मदद करेगा। जब ऑस्टिन ये पूछा गया कि क्या हानिये की हत्या में इजराइल का हाथ है और क्या अमेरिका को जानकारी थी? इस पर ऑस्टिन ने कहा कि उनके पास कोई जानकारी नहीं है।

### ईरान में खामेनेई के घर पर इमरजेंसी बैठक शुरू

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ईरान सुप्रीम लीडर खामेनेई के घर पर सिक्योरिटी काउंसिल की इमरजेंसी बैठक हो रही है। ऐसी बैठक बहुत गंभीर परिस्थितियों में होती है। बैठक में ईरान के कुद्स कमांडर भी मौजूद हैं।

### कतर में रहता था हानिये, ईरान में मौत

इस्माइल हानिये समेत हमास की पॉलिटिकल लीडरशिप 12 सालों से कतर में रह रही थी। कतर से हमास के संबंध अच्छे रहे हैं। हालांकि, 3 महीने पहले ये रिपोर्ट्स आने लगी थीं कि कतर जंग में मध्यस्थता से परेशान हो चुका था। इसके चलते हमास के नेता ओमान शिफ्ट होने की प्लानिंग कर रहे थे।

### फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने इजराइल को हानिये की मौत का जिम्मेदार ठहराया

हमास के विरोधी संगठन फतह के नेता और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हानिये की मौत पर विरोध जताया है। उन्होंने इजराइल को हानिये की मौत का जिम्मेदार ठहराया। चीन ने 8 दिन पहले ही फतह और हमास के बीच दोस्ती कराई थी। दोनों संगठनों ने जंग के बाद एक साथ फिलिस्तीन को चलाने का फैसला किया था।

# लोकसभा चुनाव के झटके से मोदी सरकार ने नहीं लिया सबक, सोनिया गांधी का तंज, कहा, माहौल कांग्रेस के पक्ष में



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जीत का मंत्र दिया। सोनिया ने कहा कि इस वक्त माहौल कांग्रेस के पक्ष में है, लेकिन इस गति को बनाए रखना और लोकसभा चुनाव में पार्टी ने जो साख बनाई है, उसे बरकरार रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, ''हमें लगता था कि मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में लगे बड़े झटके से सही सबक लेगी। इसके बजाय, वह समुदायों को विभाजित करने और भय और शत्रुता फैलाने की अपनी नीति पर कायम है।'' सोनिया ने कहा कि हमें बिल्कुल भी लापरवाह नहीं होना है। न ही हमें अति-आत्मविश्वास से भरना है। मैं यह कह सकती हूं कि अगर हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो लोकसभा चुनाव में जैसा माहौल दिखा उस आधार पर राष्ट्रीय राजनीति अब बदलने जा रही है।

### विधानसभा चुनावों को लेकर भरा जोश

सोनिया गांधी ने महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव तथा जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव की संभावना के मद्देनजर पार्टी नेताओं में जोश भरने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, ''कुछ ही महीनों में चार राज्यों में चुनाव होने हैं। हमें लोकसभा चुनाव में बनी स्थिति को बरकरार रखना चाहिए। हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। माहौल हमारे पक्ष में है, लेकिन हमें लक्ष्य को ध्यान में रखने की भावना के साथ एकजुट होकर काम करना होगा।'' कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यदि कांग्रेस आगामी चुनावों में भी बेहतर प्रदर्शन करती है तो राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा। उन्होंने वायनाड में भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों की मौत पर दुख जताया और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में किसानों और युवाओं को नजरअंदाज किया गया है।

### कांवड़ यात्रा मार्ग को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का जिक्र किया

सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के मार्ग में दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के शासनादेश से जुड़े विवाद का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा कि सौभाग्य से उच्चतम न्यायालय ने सही समय पर हस्तक्षेप किया, लेकिन यह केवल एक अस्थायी राहत हो सकती है। उन्होंने दावा किया, ''नौकरशाही को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देने के लिए नियमों को अचानक बदल दिया गया। यह संगठन खुद को एक सांस्कृतिक संगठन कहता है, लेकिन पूरी दुनिया जानती है कि यह भाजपा का राजनीतिक और वैचारिक आधार है।''

# ले. जनरल साधना सक्सेना नायर बनेंगी सेना में चिकित्सा सेवा महानिदेशक, महिला अफसर को पहली बार मिलेगा ये पद



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

चिकित्सा सेवा (सेना) के महानिदेशक का पदभार लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर कल संभालेंगी। इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त होने वाली वह पहली महिला होंगी। इससे पहले, उन्होंने एयर मार्शल के पद पर पदोन्नति के बाद अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) के महानिदेशक का पद संभाला था। तब भी वह यह पद संभालने वाली पहली महिला थीं। जब नायर ने पिछले साल अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) के महानिदेशक का पद संभाला था, तब वायुसेना के अधिकारियों ने कहा था, भारतीय वायुसेना की अधिकारी एयर मार्शल साधना सक्सेना नायर प्रभावी रूप से केवल दूसरी महिला अधिकारी हैं, जिन्होंने पूरे सेवाकाल में वायुसेना में अलग-अलग पदों पर सेवाएं देने के बाद एयर मार्शल के पद तक पहुंची। पदभार ग्रहण करते समय वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी भी मौजूद रहे।

### लड़ाकू पायलटों की पत्नी और मां होने का अनूठा गौरव

उन्हें भारतीय वायुसेना के डॉक्टरों की बेटी और बहन होने के साथ-साथ भारतीय वायुसेना के लड़ाकू पायलटों की पत्नी और मां होने का अनूठा गौरव प्राप्त है। उनके परिवार की तीन पीढ़ियों ने पिछले सात दशकों में भारतीय वायुसेना में सेवा की है।

### 1985 में वायुसेना में शामिल हुईं एयर मार्शल साधना

साधना ने सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। दिसंबर, 1985 में भारतीय वायुसेना में शामिल हुईं। साधना के पास फैमिली मेडिसिन में स्नातकोत्तर की डिग्री है। उन्होंने एम्स, नई दिल्ली में मेडिकल इंफॉर्मेटिक्स में दो साल का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी पूरा किया है।

### वायुसेना की सम्मानित अधिकारी हैं साधना

साधना ने विदेश में सीबीआरएन (रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु) युद्ध और सैन्य चिकित्सा नैतिकता में प्रशिक्षण लिया। वह पश्चिमी वायु कमान और प्रशिक्षण कमान की पहली और एकमात्र महिला प्रधान चिकित्सा अधिकारी थीं। साधना को विशिष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें वायु सेना प्रमुख और एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ से भी सराहना मिली है।

# झारखंड विधानसभा में भाजपा नेताओं का जोरदार हंगामा, मुख्यमंत्री से कई मुद्दों पर मांगा जवाब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची**

झारखंड विधानसभा में इन दिनों जमकर राजनीतिक वार-पलटवार का दौर देखा जा रहा है। एक तरफ जहां सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने मुखिया और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वापस लौटने के बाद से विपक्ष पर जमकर हमले कर रही है। वहीं दूसरी तरफ विपक्षी दल भी तमाम मुद्दों को लेकर सदन में सरकार को लगातार घेर रहे हैं।

### भाजपा नेताओं के हंगामे के कारण सदन स्थगित

इस कड़ी में आज झारखंड भाजपा के विधायकों ने सदन में जमकर शोर-शराबा किया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई मुद्दों पर जवाब मांगा। वहीं इस जोरदार हंगामे के बीच स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बावजूद भाजपा के विधायक वेल में ही विरोध प्रदर्शन करते रहे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर कसा तंज

दरअसल प्रश्नकाल के दौरान भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने से युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने के उनके वादे के बारे में जानना चाहा। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दावा किया कि उनके जेल से बाहर आने के बाद से विपक्ष असहज हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा लेकिन मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि मैं नौकरियों समेत विपक्ष के सभी सवालों का जवाब दूंगा और उचित आंकड़ों के साथ उन्हें संतुष्ट करूंगा।




### नारेबाजी करते हुए वेल में घुसे भाजपा के नेता

वहीं लंच से पहले सीएम सोरेन से अपने प्रश्नों का उत्तर देने की मांग करते हुए भाजपा सदस्य वेल में आ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। इस सबके बीच सदन की कार्यवाही दोपहर 12.30 बजे लंच के लिए स्थगित होने तक जारी रही। वहीं दोपहर 2.10 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई और सरकार ने तकनीकी कारणों से अगस्त 2023 में राज्य विधानसभा में पेश किए गए अपने कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2023 को वापस ले लिया।

### विपक्ष के नेता ने अध्यक्ष से किया आग्रह

वहीं लगभग 10 मिनट के बाद विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो से आग्रह किया कि वे मुख्यमंत्री को युवाओं को पांच लाख नौकरियां, बेरोजगारी भत्ता और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण जैसे मुद्दों पर जवाब देने का निर्देश दें। उन्होंने कहा, सीएम ने आज कहा कि वे सभी सवालों का जवाब देंगे। हम आज ही उनका जवाब चाहते हैं। यह पांचवीं झारखंड विधानसभा का आखिरी सत्र है। अगर सीएम समापन के दिन बोलते हैं, तो हमें जवाबी सवाल पूछने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# रांचीकुत्ते नहीं, भेड़ का था जयपुर से बंगलूरू आया मांस, नमूनों की जांच के बाद पुष्टि, तीन एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बंगलूरू रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात को ट्रेन से जयपुर से ट्रेन से पहुंचा मांस कुत्ते नहीं भेड़ का था। कर्नाटक सरकार की ओर से कराई गई मांस के नमूनों की जांच में इसकी पुष्टि की गई है। वहीं मामले में रेलवे स्टेशन पर हंगामा करने वाले गोरक्षक, उसके साथियों और मांस का परिवहन करने समेत तीन एफआईआर दर्ज की गईं हैं। बंगलूरू रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को कथित मांस की बड़ी खेप मिलने से बवाल मच गया था। जयपुर से ट्रेन में 90 डिब्बों में लगभग तीन टन वजन वाली मांस की खेप मिली। इसके बाद स्टेशन पर सनसनी मच गई। गोरक्षकों ने स्टेशन पर पहुंचकर इसे कुत्ते का मांस बताते हुए हंगामा किया था। वहीं मांस व्यापारी अब्दुल रज्जाक का कहना था कि यह भेड़ का मांस था। वहीं पुलिस विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं मानक विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और मांस के 84 नमूने एकत्र किए। नमूनों को जानवरों की प्रजातियों के संबंध में विश्लेषण के लिए खाद्य प्रयोगशाला में भेजा गया। बुधवार को कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने एक्स पर पोस्ट किया कि जानवरों के मांस के परिवहन के आरोपों की जांच कराई गई।

# पूजा खेडकर अब आईएएस अफसर नहीं

## यूपीएससी ने सिलेक्शन रद्द किया, कोई एग्जाम भी नहीं दे पाएंगी, पहचान बदलकर परीक्षा दी थी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर अब अफसर नहीं रहेंगी। यूपीएससी ने बुधवार 31 जुलाई को उनका सिलेक्शन रद्द कर दिया और कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी का कोई एग्जाम नहीं दे पाएंगी। पूजा पर उम्र, माता-पिता की गलत जानकारी, पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने का आरोप था। यूपीएससी ने दस्तावेजों की जांच के बाद पूजा को सीएसई-2022 नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया। पूजा को एग्जाम में 2022 में 841वीं रैंक मिली थी। वे 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस हैं। जून 2024 से ट्रेनिंग कर रही थीं।

### पूजा को 2 बार समय दिया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया

पूजा ने रूल्स तोड़े यूपीएससी ने बताया कि पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के लिए 18 जुलाई को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया गया था। इसमें कहा गया है कि पूजा को 25 जुलाई तक अपना जवाब देना था, लेकिन उन्होंने अपने जवाब के लिए जरूरी दस्तावेज जुटाने के लिए 4 अगस्त तक का समय मांगा। आयोग ने कहा, उन्हें फिर 30 जुलाई को दोपहर 3:30 बजे तक समय दिया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया।

### 15,000 डेटा की जांच की, यह पता नहीं चला कि पूजा ने कितने अटेम्प्ट्स दिए

खेडकर के केस के चलते यूपीएससी ने 2009 से 2023 तक 15,000 से अधिक रिकमेंड किए गए उम्मीदवारों के डेटा की जांच की। इसमें पाया गया कि उनके अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने सुस्थ नियमों के तहत तय अटेम्प्ट से ज्यादा अटेम्प्ट नहीं दिए थे। मिस पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर का मामला एकमात्र था। उन्होंने कई बार न केवल अपना नाम बल्कि अपने माता-पिता का नाम भी बदलकर परीक्षा दी थी, इसलिए यूपीएससी की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर उनके अटेम्प्ट्स की संख्या का पता नहीं लगा सकी। यूपीएससी अपनी एसओपी को और मजबूत करने की प्रक्रिया में है ताकि भविष्य में ऐसे मामले दोबारा न हों।

# टीएमसी नेता ने छात्रों की आत्महत्या पर जताई चिंता, कहा, प्रवेश-परीक्षा प्रणाली में हो बदलाव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार आत्महत्या करने वाले कुल लोगों में से आठ प्रतिशत छात्र हैं। एक साल में 30,000 से अधिक लोगों की जान लेने के बराबर है। इन आंकड़ों को टीएमसी सांसद मौसम नूर ने बुधवार को संसद में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है। इस स्थिति को देखते हुए भारत की प्रवेश एवं परीक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। आत्महत्या के मामले में छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। छात्रों की आत्महत्याओं के बढ़ते आंकड़े को रोकने के लिए संसद में भारत की प्रवेश एवं परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। शून्यकाल के दौरान टीएमसी सांसद मौसम नूर ने बुधवार को छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई।

# आसमान में ताकत दिखाएगी भारत समेत 10 देशों की वायुसेना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना पहली बार ऐसा हवाई अभ्यास कराने जा रही है, जिसमें भारत समेत 10 देशों की वायु सेना एक साथ आसमान में अपनी ताकत दिखाएगी। लड़ाकू विमानों के साथ सेना के जांबाज अपने देश की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान के सुलूर में छह अगस्त से भारतीय वायु सेना तरंग शक्ति 24 हवाई अभ्यास का आयोजन करेगी। दो चरणों में होने वाले इस हवाई अभ्यास में आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस समेत कई देशों की वायु सेना भाग लेगी। अब तक आपने जमीन पर दो देशों की सेनाओं के बीच अभ्यास के बारे में सुना होगा। जिसमें दोनों देशों की सेनाएं मिलकर युद्ध का अभ्यास करती हैं। इसके जरिये दो देश आपस में अपनी सुरक्षा और सैन्य तकनीकों को साझा करते हैं। मगर पहली बार अपने देश में ऐसा युद्ध अभ्यास होने जा रहा है, जो आसमान में होगा। भारतीय वायु सेना के तरंग शक्ति हवाई अभ्यास को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वायु सेना ने हवाई अभ्यास में भाग लेने के लिए 51 देशों को न्योता भेजा था। वायु सेना के उपप्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने बताया कि हमने रूस समेत 51 देशों को आमंत्रित किया था। मगर कई देश अपने आंतरिक संघर्ष के चलते इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। ग्रुप कैप्टन आशीष डोगरा ने बताया कि हवाई अभ्यास दो चरणों में होगा। पहला चरण 6 अगस्त से 14 अगस्त तक सुलूर में होगा, जबकि दूसरा चरण 29 अगस्त से 14 सितंबर तक जोधपुर में होगा। इसमें 10 देशों की वायु सेना ने अपने लड़ाकू विमान के साथ भाग लेने की पुष्टि की है। इसमें ऑस्ट्रेलिया एफ-18, बांग्लादेश सी-130, फ्रांस राफेल, जर्मनी, स्पेन और यूके के टाइफून लड़ाकू विमान, ग्रीस एफ-16 और यूएसए ए-10, एफ-16, एफआरए के साथ भाग लेगा। वहीं भारतीय वायु सेना भी राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर, तेजस, मिग-29, प्रचंड और रुद्र लड़ाकू हेलीकॉप्टर, एएलएच ध्रुव, सी-130, आईएल-78 और एडब्ल्यूएसीएस के साथ अपनी हवाई ताकत दिखाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यास में फ्रांस, जर्मनी और स्पेन के वायु सेना प्रमुख भी शामिल होंगे। ग्रुप कैप्टन आशीष डोगरा ने कहा कि सुलूर में पहले चरण में जर्मनी, फ्रांस, यूके, स्पेन की वायु सेना अभ्यास करेगी। जबकि जोधपुर में दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, यूएई, सिंगापुर, अमेरिका, यूनान की सेना भाग लेगी। इस दौरान भारत की स्वदेशी सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। मेड इन इंडिया की प्रदर्शनी भी लगेगी।



### पीएम मोदी के खिलाफ चरणजीत चन्नी ने दिया 'विशेषाधिकार हनन' का नोटिस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर की टिप्पणी के मामले में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया हैं। बता दें कि पंजाब के जालंधर से लोकसभा सांसद चरणजीत सिहं चन्नी ने इस नोटिस में दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अनुराग ठाकुर के भाषण के उस हिस्से के वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया जिन्हें सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी का यह कदम सदन के विशेषाधिकार का हनन है। चरणजीत सिंह चन्नी ने लोकसभा अध्यक्ष को दिए नोटिस में कहा- मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप मेरा प्रस्ताव स्वीकार करें और इसे सदन में लाने की अनुमति दें।

### ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड के सीएमडी डॉ योगेश लखानी द्वारा यूएनक्यू मैगजीन का लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा**



**मुंबई।** ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड के सीएमडी डॉ योगेश लखानी के द्वारा उनके कार्यालय में यूएनक्यू मैगजीन का लोकार्पण उद्योगपति निकेश ताराचंद जैन माधानी एवं उद्योगपति,वरिष्ठ समाजसेवक रामकुमार पाल की उपस्थिति में किया गया। डॉ योगेश लखानी ने मैगजीन की काफी सराहना की और बताया इस मैगजीन में हर छोटे से बड़े लोगो का व्यक्तित्व दर्शाया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)